www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, शुक्रवार, 29 मई 2026 शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 109 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

कांकेर में बेसहारा शिशु को मिली माता-पिता की छांव, दुबई के सतवानी दंपती ने लिया गोद

हबीब राज

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में संचालित विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी के 7 माह के शिशु को दुबई में निवासरत अप्रवासी भारतीय दम्पत्ति निखिल सतवानी व स्नेहा सतवानी ने दत्तक ग्रहण विनिमय के तहत् कानूनी रूप से गोद लिया है।

पंजीयन से लेकर गोद लेने तक का सफर: इसके लिए निखिल सतवानी व स्नेहा का पंजीयन केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण में 25 मार्च 2022 को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

एजेंसी के माध्यम से अब तक 60 बच्चों को मिला घर

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी में दत्तक में दिए जाने वाले 0-6 आयु के बालकों को रखा जाता है। अब तक एजेंसी के माध्यम से विधिवत कानूनी प्रक्रिया के तहत् 60 बच्चों को गोद दिया गया है, जिसका विवरण इस प्रकार है:

21 बच्चे छत्तीसगढ़ में

31 बच्चे अन्य राज्यों में

08 बच्चे विदेशों में

44 वर्तमान में पंजीकृत भावी माता-पिता

समारोह में सौंपा गया बालक

अंततः मंगलवार 26 मई को बच्चा दत्तक ग्रहण समारोह में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरेष मंडावी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन (महिला एवं बाल विकास विभाग), महिला एवं बाल विकास अधिकारी अनुकूल पाण्डे और जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना लारिया की उपस्थिति में दम्पत्ति को बालक सौंपा और शुभकामनाएं दीं।

नवप्रदेश विशेष

आईईडी विस्फोट में गंवाया पैर, नहीं मिला मुआवजा अब 355 रुपए की मजदूरी कर काट रहा जिंदगी

■ **मुआवजे के लिए 15 साल से भटक रहा हूंगा तेलाम**

विश्वजीत सरकार

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। नक्सल हिंसा का दंश झेल रहे बस्तर के अंदरूनी इलाकों से एक दर्दनाक हकीकत सामने आई है। ग्राम नेरली में वर्ष 2012 में जब नक्सली हिंसा अपने चरम पर थी, तब नेरली गांव के ओयाम पारा निवासी हूंगा तेलाम की जिंदगी एक पल में बदल गई। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

355 रुपये की दिहाड़ी और 5 सदस्यों की जिम्मेदारी

आज हूंगा तेलाम फॉरेस्ट विभाग (वन विभाग) में महज 355 रुपये की दिहाड़ी (मजदूरी) पर काम कर अपने परिवार का पेट पाल रहा है। शारीरिक रूप से दिव्यांग होने के बावजूद उसके कंधों पर पूरे परिवार की जिम्मेदारी है। उसके परिवार में पत्नी, तीन छोटे बच्चे, बूढ़ी मां है।

सिस्टम की बेरुखी: मिला सिर्फ 30 हजार का मुआवजा

हैरानी की बात यह है कि इतने बड़े हादसे और शारीरिक अपंगता के बाद भी शासन-प्रशासन की ओर से उसे मात्र 30 हजार रुपये का मुआवजा मिला। हूंगा के इलाज का बाकी खर्च गांव वालों ने चंदा जुटाकर पूरा कराया, ताकि उसकी बची-कुची घर और ज़मीन बिकने से बच सके।

एक झटके में उजड़ गई थीं खुशियां

बुधवार सुबह करीब 6 बजे हूंगा तेलाम अपनी मां नन्दे तेलाम के साथ जंगल में लकड़ी लेने गया था। हूंगा आगे चल रहा था और उसकी मां पीछे थीं, तभी नेरली मोड़ के पास उसका पैर नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी पर पड़ गया। जोरदार विस्फोट में हूंगा का दाहिना पैर घुटने से ऊपर तक उड़ गया, वहीं दाएं हाथ की तीन उंगलियां भी चली गईं। गंभीर हालत में उसे बचेली के अपोलो अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से बाद में उसे जगदलपुर रेफर किया गया। अस्पताल में उसका करीब चार महीने तक इलाज चला।

आज बेबाक

एसआईआर को सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी मिल गई। इसके साथ ही इसका विरोध करने वाली विपक्षी पार्टियों की हवा निकल गई। जो जब तब वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा लगाते नहीं थकते थे। बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तो अभी तक वोट चोरी की माला जप रही हैं और दावा कर रही हैं कि वे हारी नहीं हैं उन्हें वोट चोरी करके हराया गया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद रूदाली गैंग टसूए बहाना बंद करें और समझ ले कि वोट चोरी नहीं हो रही है बल्कि लोग चोरों को वोट देना बंद कर रहे हैं।

सीबीएसई विवाद पर शिक्षा मंत्री ने मानी चूक, अधिकारियों को दी चेतावनी, लापरवाही बिल्कुल नहीं चलेगी

सीबीएसई मामले की जिम्मेदारी लेता हूं मानता हूं कुछ गड़बड़ियां हुई हैं : प्रधान

नई दिल्ली/ए.। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि छात्रों की समस्याओं का समय पर, पारदर्शी और छात्र हित में समाधान किया जाए। सिस्टम के अंदर या बाहर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई होगी। इसके अलावा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सीबीएसई और केंद्र सरकार पर उठाए सवालों पर प्रधान ने कहा- यह पहली बार था जब सीबीएसई ने इतने बड़े स्तर पर यह सिस्टम लागू किया।

माना कुछ गड़बड़ियां सामने आई हैं। मैं इसकी जिम्मेदारी लेता हूं। इन्हें ठीक किया जाएगा और समाधान निकाला जाएगा। दरअसल, गुरुवार को प्रधान ने नई दिल्ली में सीबीएसई मुख्यालय में हुई अधिकारियों के साथ ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के सवाल पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का जवाब

राहुल के सवालों पर प्रधान ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार था जब सीबीएसई ने इतने बड़े स्तर पर यह सिस्टम लागू किया। माना कुछ गड़बड़ियां सामने आई हैं। मैं इसकी जिम्मेदारी लेता हूं। इन्हें ठीक किया जाएगा और समाधान निकाला जाएगा। प्रधान ने यह भी कहा है कि लगातार मिल रहीं चुनावी हार के कारण राहुल गांधी निराश

हैं। इसलिए टेक्निकल प्रोग्रेस का विरोध करते रहे हैं। उन्होंने एसआईआर का विरोध किया, ईवीएम का विरोध किया और डिजिटल इंडिया का भी विरोध किया। वह भारत की वैज्ञानिक प्रगति के साथ खड़े नजर नहीं आते। शिक्षा मंत्री ने कहा है कि यह राजनीति करने का समय नहीं है। छात्रों पर मानसिक दबाव और नहीं बढ़ना चाहिए और सभी पक्षों से अपील की कि कोई भी बयान या व्यवहार छात्रों के तनाव को और न बढ़ाए।

अब तक 11 लाख स्कैन आंसर सीट देखी गईं

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि इस साल लगभग 18 लाख छात्रों ने क्लास 12 की परीक्षा दी। इसके तहत करीब 98 लाख उत्तर पुस्तिकाएं और लगभग 40 करोड़ स्कैन पेज प्रोसेस किए गए। अब तक करीब चार लाख छात्र पोर्टल के जरिए लगभग 11 लाख स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाएं देख चुके हैं। शिक्षा मंत्री ने सीबीएसई पोर्टल पर लॉगिन दिक्कतों, सर्वर पर ज्यादा लोड की जानकारी दी।

प्रधान के जवाब पर राहुल का पलटवार

शिक्षा मंत्री के बयान पर राहुल गांधी ने कहा है मुझ पर हमला करने से शिक्षा मंत्री की जिम्मेदारी खत्म नहीं हो जाएगी। अगर प्रधानमंत्री वास्तव में छात्रों की चिंता करते, तो इतने छात्रों का भविष्य खतरे में डालने के लिए धर्मेंद्र प्रधान को पहले ही हटा दिया गया होता।

ओएसएम प्रक्रिया सुरक्षित और मजबूत: सीबीएसई

बैठक में सीबीएसई ने कहा कि ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम डिजिटल इवेल्यूशन के लिए सेफ और मजबूत आईटी प्लेटफॉर्म पर आधारित है। इस सिस्टम का सिक्योरिटी ऑडिट कराया गया है और इसमें आंसर शीट की स्कैनिंग और प्रोसेसिंग के लिए कई लेयर की सेफ्टी और क्वालिटी चेक मौजूद हैं।

प्रधान के सभी अधिकारियों को निर्देश

- सीबीएसई पोर्टल की स्थिरता, सर्वर क्षमता और पेमेंट सिस्टम की तकनीकी समीक्षा की जाए।
- सीबीएसई की डिजिटल इवेल्यूशन और मॉनिटरिंग व्यवस्था मजबूत की जाए।
- छात्रों की समस्याओं का समय पर और पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाए।
- परीक्षा और पोस्ट-रिजल्ट सर्विस को ज्यादा से ज्यादा स्टूडेंट फ्रेंडली बनाया जाए।
- किसी भी तरह की लापरवाही या गड़बड़ी पर सख्त कार्रवाई की जाए। एग्जाम से जुड़ी सर्विस ज्यादा आसान बनाएं।

होर्मुज पर कंट्रोल बर्दाश्त नहीं, उड़ा देंगे, मुझे चुनाव की परवाह नहीं: ट्रंप

वॉशिंगटन डीसी/ए.। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के बाद अब ओमान की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट अंतरराष्ट्रीय समुद्री रास्ता है और यहां किसी एक देश का कब्जा नहीं हो सकता। दुनिया के सभी जहाजों को यहां से गुजरने की आजादी होगी। दरअसल ईरान होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से फीस वसूलने के लिए ओमान के साथ मिलकर एक सिस्टम तैयार करने पर बातचीत कर रहा है।

ट्रम्प ने कहा कि हम होर्मुज पर नजर रखेंगे, लेकिन इसे कोई कंट्रोल नहीं करेगा। ईरान इसे कंट्रोल करना चाहता है, लेकिन ऐसा नहीं होगा। यह अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र है। ओमान को भी बाकी देशों की तरह व्यवहार करना होगा, नहीं तो उसे उड़ा देंगे। इससे पहले ट्रम्प ने कहा था कि ईरान को लगा था कि वह बातचीत से पीछे हट जाएंगे, लेकिन अब तेहरान के पास समझौता करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। व्हाइट हाउस में कैबिनेट बैठक के दौरान ट्रम्प ने कहा, 'ईरान को लगा था कि वे मुझे इंतजार करवाकर थका देंगे। उन्हें लगा कि मेरे सामने मिडटर्म चुनाव हैं, लेकिन मुझे इसकी परवाह नहीं है। ईरान अब सिर्फ समझौता करना चाहता है।

ईरान-अमेरिका डील का दावा- ईरान ने दावा किया कि अमेरिका के साथ युद्ध खत्म करने के लिए शुरुआती समझौता ड्राफ्ट तैयार हुआ है, जिसमें होर्मुज स्ट्रेट में शिपिंग बहाल करने और अमेरिकी सैन्य मौजूदगी घटाने का प्रस्ताव शामिल है। अमेरिका ने रिपोर्ट को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मशहूर शायर बशीर बद्र का निधन

भोपाल/नवप्रदेश। मशहूर उर्दू शायर बशीर बद्र का आज भोपाल में निधन हो गया। वे 91 वर्ष के थे और लंबे समय से डिमेंशिया बीमारी से पीड़ित थे। परिवार सूत्रों के अनुसार उन्होंने गुरुवार दोपहर लगभग 12 बजे अंतिम सांस ली। उनके परिवार में पत्नी राहत और पुत्र तैयब हैं। पिछले काफी समय से उनकी स्मरण शक्ति कमजोर हो गई थी और वे लोगों को पहचानने में भी असमर्थ हो गए थे। बशीर बद्र ने उर्दू गजल को नया अंदाज और सरल भाषा दी। उनकी शायरी में मोहब्बत, जिंदगी, दर्द और सामाजिक संवेदनाओं की झलक दिखाई देती थी। उनके कई शेर देशभर में लोकप्रिय हुए।

कंपनी बनाकर होम-लोन के नाम पर ठगे 3 करोड़

सरगुजा/नवप्रदेश। सरगुजा में महिला टीचर समेत 9 लोगों से करीब 3 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी लोगों को बैंक से होम लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करता था। इस मामले में महिला टीचर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी ने एक कंपनी बनाई और उसी के जरिए लोगों को होम लोन दिलाने का काम करने लगा।

पद्म विभूषण तीजन बाई की तबीयत बिगड़ी, एम्स में भर्ती

■ **पंडवानी को दिलाई देश-विदेश में पहचान, बुधवार रात 12 बजे कराया गया भर्ती**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध पंडवानी कलाकार और पद्म विभूषण से सम्मानित तीजन बाई की तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें रायपुर एम्स में भर्ती कराया गया है। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए अस्पताल के मेडिकल आईसीयू में भर्ती कर विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में इलाज किया जा रहा है। जनरल मेडिसिन विभाग की देखरेख में मेडिसिन, पल्मोनरी और नेफ्रोलॉजी विशेषज्ञों की टीम लगातार उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

जानकारी के अनुसार, तीजन बाई पिछले तीन वर्षों से लकवा और याददाश्त संबंधी बीमारी से जूझ रही हैं। बीते वर्ष नवंबर में भी उनकी तबीयत बिगड़ी थी, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन पर उनसे बात कर हालचाल जाना था। तीजन बाई की बहू वेणु देशमुख ने बताया कि देर रात करीब 12 बजे उन्हें आईसीयू में शिफ्ट किया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इस्तीफा के बाद बोले-सिद्धारमैया आलाकमान ने जो कहा, मैंने किया

■ **डीके शिवकुमार अगले मुख्यमंत्री होंगे**

बेंगलुरु/ए.। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बेंगलुरु में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- मैंने पहले ही कहा था कि हाईकमान जब कहेगा, मैं इस्तीफा दे दूंगा। कल हाईकमान ने कहा और आज मैंने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बताया कि राज्यपाल थावरचंद गहलोत के सचिव को इस्तीफा सौंपा है। गहलोत फिलहाल पारिवारिक कारणों से बेंगलुरु से बाहर हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार भी मौजूद थे। हालांकि प्रेस कॉन्फ्रेस के दौरान यह नहीं बताया कि गया कि अगला सीएम कौन होगा। इससे पहले सिद्धारमैया ने अपने घर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भारत-ऑस्ट्रेलिया रिश्तों में नई सरगर्मी, मोदी की मेजबानी करना सम्मान की बात: अल्बनीज

मेलबर्न/ए.। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जल्द ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर बड़ा बयान दिया है। कैनबरा में संसद को संबोधित करते हुए अल्बनीज ने कहा कि भारत, जो पहले ही दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है, इस दशक में वैश्विक अर्थव्यवस्था की तीसरी सबसे बड़ी शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने भारत को ऑस्ट्रेलिया का बेहद महत्वपूर्ण साझेदार बताते हुए दोनों देशों के मजबूत होते रिश्तों की जमकर तारीफ की। वहीं, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पीएम मोदी और पेनी वोंग की हुई मुलाकात

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार, तकनीक और सप्लाई चेन को मजबूत करने पर सकारात्मक बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया एक स्वतंत्र, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।

गरमा-गरम

उपलब्धि : तेंदूपत्ता और महुआ संग्रह से लेकर भारतीय वन सेवा तक का प्रेरक सफर, सीएम साय ने दी बधाई

वनांचल के बेटे ने बढ़ाया प्रदेश का मान, आईएफएस बनकर रचा इतिहास

■ **सरकारी छात्रवृत्ति योजनाओं ने अजय के सपनों को दी उड़ान, युवाओं के लिए बने प्रेरणा स्रोत**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के लिए चयनित रायगढ़ जिले के संबलपुरी गांव निवासी अजय गुप्ता ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने अजय को भारतीय वन सेवा में चयनित होने पर बधाई देते हुए इसे पूरे छत्तीसगढ़, विशेषकर वनांचल क्षेत्र ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ **रायगढ़ जिले के संबलपुरी गांव का रहने वाला है अजय गुप्ता**

अखिल भारतीय स्तर पर 91वीं रैंक

उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर अजय को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में प्रवेश मिला, जहां अध्ययन के दौरान उन्हें तीन वर्षों तक छात्रवृत्ति का लाभ मिला। अजय ने कठिन परिस्थितियों के बीच अध्ययन जारी रखते हुए भारतीय वन सेवा परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 91वीं रैंक प्राप्त की और अपने सपनों को साकार किया।

बचपन से प्रकृति के बीच रहे: अजय

अजय गुप्ता ने बताया कि प्रारंभिक जीवन में उनके सपने सीमित थे और लगता था कि दुनिया गांव तक ही सीमित है, लेकिन उच्च शिक्षा और नए अनुभवों ने उनके सोचने का दायरा विस्तृत किया। उन्होंने कहा कि जंगल उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा है और बचपन से प्रकृति के साथ बने इसी जुड़ाव ने उन्हें वन सेवा में जाने की प्रेरणा दी। उनका मानना है कि जंगल ने उन्हें केवल आजीविका ही नहीं, बल्कि जीवन की दिशा भी दी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अजय की सफलता प्रदेश के उन लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद बड़े सपने देखने का साहस रखते हैं। उन्होंने कहा कि सही अवसर, मार्गदर्शन, मेहनत और शासन के सहयोग से गांवों और वनांचल क्षेत्रों के युवा भी देश के सर्वोच्च पदों तक पहुंच सकते हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि अजय गुप्ता जैसे युवा आने वाली पीढ़ियों को संघर्ष, आत्मविश्वास और संकल्प की शक्ति का संदेश देंगे तथा छत्तीसगढ़ के युवाओं को नई दिशा और नई प्रेरणा प्रदान करेंगे।

घुसपैठियों पर शाह का सख्त संदेश बंगाल छोड़ो वरना कार्रवाई होगी

■ **चिकन नेक क्षेत्र की 121 हेक्टेयर भूमि बीएसएफ को सौंपी**

नई दिल्ली/ए.। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक बार फिर घुसपैठियों से अपील की है कि पहचान अभियान शुरू होने से पहले वे स्वेच्छा से बंगाल छोड़ दें. उन्होंने कहा कि जो लोग अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर चुके हैं, वे खुद ही वापस लौट जाएं, क्योंकि यदि वे ऐसा करते हैं तो सरकार उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेगी।

अमित शाह ने कहा कि पहले ममता बनर्जी सरकार के दौरान रोजाना घुसपैठ की खबरें आती थीं, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं और घुसपैठ करने वाले खुद ही लौटने लगे हैं। अमित शाह ने कहा कि बंगाल चुनाव के दौरान भाजपा ने वादा किया था कि सत्ता में आने पर बांग्लादेश सीमा पर अधूरी फेंसिंग का काम तेजी से पूरा किया जाएगा. उन्होंने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की सराहना करते ■ शेष पृष्ठ 8 पर

संक्षिप्त खबरें

कलेक्टर से सौजन्य भेंट कर कुरूदवासियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया

कुरूद / नवप्रदेश। नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत मूलभूत विकास कार्यों के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने, नगर में ज़रूरतमंद ग़रीबों के लिए आश्रय निधि से परिषद में संकल्प पारित कर मकान निर्माण हेतु अनुमति सहित, नगर के विकास कार्यों के लिए शासकीय भूमि को चिह्नित कर सुरक्षित करने एवं बरसों पुराने कालोनियों मे विकास कार्य कराने के लिए अनुमति संबंधी विषयों मे विस्तृत चर्चा कर नगरपालिका कुरूद को निरंतर सहयोग करने के लिए ज़िले के कलेक्टर महोदय अबिनाश मिश्रा से सौजन्य भेंट कर कुरूद नगरवासियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया !

कुंवरगढ़ कूंरा के वार्ड-2 अंतर्गत स्थित मुक्तिधाम का शीघ्र होगा कायाकल्प

धरसीवां / कूंरा । नगरपंचायत कुंवरगढ़ कूंरा के वार्ड 2 अंतर्गत स्थित मुक्ति धाम का शीघ्र कायाकल्प किया जाएगा । इसके लिए क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा की संवेदनशील पहल से 24 लाख 49 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है ।अब जर्जर हो चुके शव वाहन शेड एवं प्रतीक्षालय के पुनर्निमाण से क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेगी । जिसके लिए नगरपंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू ने विधायक अनुज शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित किया है । मुक्ति धाम को गरिमामय , शांत एवं सुविधाजनक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए नगर अध्यक्ष गोविंद साहू ने इस कार्य को अपने चुनावी वादों में शामिल किया था । जिसे पूरा करने की दिशा में वे लगातार प्रयासरत रहे । उन्होंने 2025 - 26 के नगरपंचायत बजट में भी इस कार्य को प्राथमिकता से शामिल किया था उनके अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप यह स्वीकृति प्राप्त हुई है। राशि स्वीकृति होने से यहां शव वाहन हेतु आर सी सी शेड , शौचालय , पेवर ब्लाक एवं कांक्रीट शोक सभा गृह का निर्माण किया जाएगा ।

भाजपा संगठन का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

खैरागढ़/नवप्रदेश। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में महासमुंद लोकसभा सांसद रूप कुमारी चौधरी प्रमुख प्रशिक्षण प्रभारी अजय राव, जिला भाजपा प्रभारी नलिनीश ठोकने तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मौजूद रहे। समापन सत्र को संबोधित करते सांसद रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसी संगठनात्मक पार्टी है, जो कार्यकर्ताओं के आधार पर चलती है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता उसकी रीति-नीति, विचारधारा और कार्यपद्धति से भली-भांति परिचित होना चाहिए। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की पूरी जानकारी रखना जरूरी है, ताकि आम जनता तक इन योजनाओं का लाभ सही ढंग से पहुंचाया जा सके। चौधरी ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास, संगठन की कार्यप्रणाली और जनसेवा के मूल उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी मिलती है।प्रशिक्षण मे प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेषर साहू, जिला भाजपा महामंत्री नवनीत जैन, शशांक ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, आयश सिंह, अनिल अग्रवाल, टी.के. चंदेल, गिरजा चंद्राकर, खम्हन ताम्रकार, संदीप दास वैष्णव, प्रकाश सिंह, अनुज देवांगन सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मृतक पंचायत सचिव रोहित साहू को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

कोलिहा (लवन)/नवप्रदेश। जनपद पंचायत तिल्दा के ग्राम पंचायत मोहदी में पदस्थ पंचायत सचिव रोहित साहू के आकस्मिक निधन से पूरे प्रशासनिक एवं सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई। पंचायत सचिव की सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। उनके निधन की खबर मिलते ही पंचायत सचिव संघ सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने गहरा दुख व्यक्त किया। पंचायत सचिव संघ द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान बलौदा बाजार के जिला अध्यक्ष प्रसन्न भट्ट कार्य जिला अध्यक्ष हरिकिशनवर्मा ने कहा कि दिवंगत पंचायत सचिव अपने कर्तव्यनिष्ठ स्वभाव, सरल व्यवहार एवं जनसेवा के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। उन्होंने ग्राम पंचायतों में शासन की योजनाओं को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित कर्मचारियों एवं ग्रामीणों की आंखें नम दिखाई दीं। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

प्यास से बेहाल हिरण गांव पहुंचा, कुत्तों के हमले से घायल

- **रेंगाखार जंगल में गहराया जल संकट**

कवर्धा / नवप्रदेश। भीषण गर्मी और जंगल में लगातार बढ़ते जल संकट के चलते वन्यजीव अब आबादी वाले क्षेत्रों की ओर रुख करने लगे हैं। मंगलवार को रेंगाखार वन क्षेत्र से भटककर एक हिरण तितरी गांव पहुंच गया। इस दौरान चार आवारा कुत्तों ने हिरण का पीछा कर दिया। जान बचाने के लिए भागते समय हिरण खेत में लगे लोहे के कंटीले तारों में फंसकर घायल हो गया।

ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए कुत्तों को भगाया और घायल हिरण को तारों से बाहर निकाला। इसके बाद घटना की सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हिरण को अपने कब्जे में लेकर उपचार शुरू किया।

जंगल में सूखे तालाब, पानी के लिए भटक रहे वन्यजीव: रेंगाखार वन क्षेत्र में इस समय जल संकट गंभीर स्थिति में पहुंच चुका है। वन विभाग द्वारा बनाए गए 8 तालाब पूरी तरह सूख चुके हैं। वहीं कृत्रिम डबरी या वैकल्पिक जल व्यवस्था नहीं होने से वन्यजीव पानी की तलाश में जंगल छोड़ने को मजबूर हैं। क्षेत्र की नदियां और प्राकृतिक जलधाराएं भी सूख चुकी हैं।

पिछले एक महीने में कई बार हिरण और अन्य वन्यजीवों के गांवों तक पहुंचने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष का खतरा बढ़ गया है।

महत्वपूर्ण वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर है रेंगाखार: रेंगाखार वन परिक्षेत्र को महत्वपूर्ण वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर माना जाता है। यह क्षेत्र एक ओर भोरमदेव अभयारण्य तो दूसरी ओर कान्हा नेशनल पार्क से जुड़ा हुआ है। यहां से तेंदुआ, सांभर, हिरण, नीलगाय सहित कई वन्यजीवों की आवाजाही होती रहती है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार हो रहे अवैध रेत उत्खनन के कारण नदियों के प्राकृतिक जलस्रोत समाप्त हो रहे हैं, जिससे जंगल में पानी का संकट और गहराता जा रहा है।

रोजाना हो रहा अवैध रेत परिवहन: ग्रामीणों के मुताबिक रेंगाखार क्षेत्र में प्रतिदिन करीब 50 ट्रैक्टर रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। दिन के साथ-साथ रात में भी ट्रैक्टर-ट्रालियों से रेत ढुलाई जारी रहती है। एक ट्रैक्टर रेत की कीमत 3 से 4 हजार रुपए तक बताई जा रही है। इस हिसाब से हर महीने लाखों रुपए का अवैध कारोबार जंगल क्षेत्र में संचालित हो रहा है।

मंगलवार को स्थानीय नदी के निरीक्षण के दौरान सूखी नदी से ट्रैक्टर-ट्रालियों में रेत भरते मजदूर भी दिखाई दिए। जंगल के रास्तों से लगातार रेत परिवहन होता नजर आया।

तीन साल से टैंकों की मरम्मत और दो साल से नहीं मिला फंड

जंगल में पेयजल के लिए बनाए गए टैंकों की सालों से मरम्मत और मानिटरिंग नहीं

खैरागढ़/नवप्रदेश। लक्षणा वनक्षेत्र के गरदीखोल मे भीषण गर्मी और पानी की पर्याप्त व्यवस्था नही होने के चलते राष्ट्रीय पक्षी मोर सहित अन्य पशुओ की मौत ने विभाग की लापरवाही की पोल खोल कर रख दी है । वनविभाग द्वारा दो साल पहले तक जंगलो मे पशुओ और जानवरो की गर्मी मे पेयजल व्यवस्था बनाने लाखो रू खर्च कर टैंक और झिरिया का निर्माण करवाया गया है । लेकिन निर्माण की आड़ मे अधिकारियो और वनकर्मियो के बंदरबाट के चलते इन टैंको के रखरखाव और मरम्मत की कार्यवाही लंबे समय से नही हुई । तो दूसरी ओर टैंक निर्माण भी भगवान भरोसे करते इसमे पानी की व्यवस्था बनाने कोई तैयारी और इंतजाम नही किए गए । सालो पहले बनाए गए पानी टैंक अब या तो मौके पर नही है या कागजो मे ही तैयार किए गए है

। सोमवार को गरदीखोल जंगल मे मृत पाए गए मोर सहित उदबिलाव, उल्लूओ और पक्षियो की मौत के बाद सामने आए मामले मे यही स्पष्ट हुआ है कि क्षेत्र के जंगल मे भीषण गर्मी के चलते प्राकृतिक जलस्त्रोत पूरी तरह सूख चुके है । गहरे और पूराने झिरिया मे थोडी बहुत पानी मौजूद है जो जंगल मे रह रहे पशुओ और जानवरो के लिए पर्याप्त नही है । गरदीखोल जंगल के झिरिया मे मृत पाए गए पशुओ के प्राथमिक जांच रिर्पोट मे उनके पांच दिन से अधिक समय से बिना पानी के रहने और झिरिया मे पानी पीने के बाद मौत का मामला सामने आया है । ऐसे मे विभाग द्वारा सालो खर्च की गई राशि और जंगल भीतर कागजो मे ही टैंक निर्माण पर सवाल उठ रहे है ।

तीन साल से मरम्मत नही, दो साल से फंड नहीं मिला: वनविभाग द्वारा जंगली जानवरो पशुओ को पेयजल उपलब्ध कराने तीन साल पहले जंगलो के भीतर वाटर टैंको को निर्माण कराया गया है । जंगल भीतर कई प्राकृतिक झिरिया, डबरी और छोटे मोटे जलस्त्रोत मौजूद है । गर्मी के पहले ऐसे जलसंचय वाली जगहो की मानिटरिंग कुछ सालो से बंद कर दी गई है । जिसके चलते जानवरो को इस साल तेज गर्मी के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है । विभाग द्वारा भी तीन साल पहले तक बनाए गए टैंको की मरम्मत और मानिटरिंग नही की जा रही है । दो साल से ऐसे टैंक बनाए जाने कोई फंड नही मिला। जिसके चलते जंगल भीतर जानवरो के पेयजल व्यवस्था के काम पूरी तरह ठप्प पड़े है। खैरागढ़ वनमंडल क्षेत्र के जंगलो मे बहुतायत मात्रा मे जंगली जानवरो की मौजूदगी है । लेकिन जानवरो को गर्मी के दौरान पेयजल व्यवस्था बनाकर बचाने का कोई इंतजाम नही है । सोमवार को मोर सहित पशुओ पक्षियो की मौत मामले मे मौके पर पहुँची दुर्ग सीसीएफ ने भी जंगलो मे जानवरो की पेयजल व्यवस्था बनाने टैंक बनाने के निर्देश दिए है । लेकिन जंगल भीतर टैंक निर्माण और उसमे पेयजल व्यवस्था बनाना फिलहाल टेढ़ी खीर साबित होगा । जबकि पूराने प्राकृतिक और कृत्रिम झिरियां, डबरियो की मरम्मत से ही काफी हद तक व्यवस्था बनाई जा सकती है ।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर सरपंच और सचिवों की हुई कार्यशाला

- **गांव में घर-घर कचरा संग्रहण, प्रबंधन और सफाई की दी जानकारी**

खैरागढ़/नवप्रदेश। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं गांवों में शत-प्रतिशत कचरा संग्रहण व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत सभाकक्ष में सरपंच सचिवों की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रमुख प्रावधानों, वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन एवं ग्राम स्तर पर स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। जिला समन्वयक ने कहा कि किसी भी स्थिति में कचरे को जलाने की अनुमति नहीं होगी। कचरे के वैज्ञानिक प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण, विक्रय एवं सुरक्षित प्रबंधन को प्राथमिकता दी जाएगी। अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित मासिक, त्रैमासिक एवं वार्षिक रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य रहेगा। प्रत्येक घर से गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग संग्रहित कर गांवों में नियमित घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था प्रारंभ करना अनिवार्य है । सार्वजनिक स्थलों ` सडक़, नाली, तालाब, गार्डन एवं अन्य स्थानों पर कचरा पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध जुर्माना लगाने की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। जनपद सीईओ हिमांशु गुप्ता ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वच्छता व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु स्वच्छता शुल्क (यूजर चार्ज) संग्रहण प्रारंभ करने, इसके लिए ग्रामों में विशेष शिविर आयोजित कर आम नागरिकों को जागरूक करने के निर्देश दिए ।

श्रमदान, स्वच्छता के साथ मनाई गई बख्शी की 132वीं जयंती

- **निर्माणाधीन नालंदा परिसर मे एक कक्ष मे बख्शी की कृतियों को संजोने का होगा प्रयास**

खैरागढ़/नवप्रदेश। संगीत, साहित्य और संस्कृति की नगरी खैरागढ़ में हिंदी साहित्य के महान पुरोधा, माटी पुत्र साहित्यकार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी की 132वीं जयंती पर नगर पालिका , सेवाभावी संस्थाओं तथा पीएमश्री पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शाला के तत्वाधान में स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान

कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुबह राजा फतेह सिंह मैदान में नगर पालिका, सामाजिक संगठनों, ,साहित्य प्रेमियों, विद्यार्थियों, युवाओं एवं सेवाभावी नागरिकों ने सहभागिता निभाते श्रमदान करते हुए स्वच्छता का संदेश देते नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं जागरूक बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। अभियान के दौरान स्वच्छता , पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ आसपास स्वच्छता बनाए रखने, सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने ˙ मातृभूमि के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु जागरूक किया। अभियान श्रमदान के बाद पीएमश्री पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शाला में पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्राचार्य अनुराग सिंह द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। स्वच्छता अभियान की जानकारी वंदना टांडेकर ने दी ।

7 किलो गांजे के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

- **कबीरधाम पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम पुलिस ने जिले में नशे एवं अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 7.130 किलोग्राम गांजा के साथ उड़ीसा के एक अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से जब्त गांजा और अन्य सामग्री की कुल अनुमानित कीमत करीब 3 लाख 57 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस

अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा डीएसपी आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स कबीरधाम, थाना कोतवाली कवर्धा और साइबर थाना की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की।

पुलिस को सूचना मिली थी कि पुराना बस स्टैंड कवर्धा क्षेत्र में मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही थाना कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम लालू माडी पिता देबे माडी उम्र 41 वर्ष निवासी टाण्डापाली थाना मलखानगिरी जिला मलखानगिरी (उड़ीसा) बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास मौजूद नीले रंग के पिट्ठू बैग से खाकी टेप से लिपटा पैकेट बरामद हुआ।

जयसिंगटोला में 'मस्ती की पाठशाला' बनी बच्चों के लिए सीख और संस्कृति का केंद्र

छुरिया/नवप्रदेश। आधुनिक दौर में जहां बच्चे मोबाइल और डिजिटल दुनिया में अधिक समय बिताने लगे हैं, वहीं ग्राम जयसिंगटोला में बच्चों को उनकी संस्कृति, परंपरा और खेलों से जोड़ने की एक सराहनीय पहल देखने को मिल रही है। जनपद पंचायत छुरिया के आजीविका मिशन सभापति हेमिन विष्णु साहू द्वारा 22 मई से 30 मई तक मस्ती की पाठशाला का आयोजन किया गया है, जिसमें बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इस आयोजन में न केवल बच्चे बल्कि ग्रामीणजन भी

उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। मस्ती की पाठशाला का उद्देश्य बच्चों को छत्तीसगढ़ की विलुप्त होती पारंपरिक खेल, लोककला, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों से जोड़ना है। पाठशाला में बच्चों को पारंपरिक खेलों का अभ्यास कराया जा रहा है।

एसी कॉपर पाइप चोरी का खुलासा, आरोपी और कबाड़ी गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम पुलिस ने संपत्ति संबंधी अपराधों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए जनपद पंचायत कार्यालय एवं कृषि विभाग कार्यालय में हुई एसी कॉपर पाइप चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को गिरफ्तार कर चोरी की कॉपर पाइप बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा डीएसपी आशीष शुक्ला के

पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली कवर्धा पुलिस द्वारा लगातार संपत्ति संबंधी अपराधों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने दोनों चोरी प्रकरणों का खुलासा करने में सफलता हासिल की।जानकारी के अनुसार प्रकरण क्रमांक 208/2026 में जनपद पंचायत कवर्धा कार्यालय में लगे 04 एसी से कॉपर ट्यूब एवं अन्य सामग्री चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिससे करीब 32 हजार 900 रुपए का नुकसान हुआ था। वहीं प्रकरण क्रमांक 209/2026 में उप संचालक कृषि कार्यालय कवर्धा में लगे 03 एसी के कॉपर पाइप चोरी होने की शिकायत दर्ज हुई थी, जिसमें लगभग 24 हजार रुपए का नुकसान बताया गया।

दोनों मामलों की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली पुलिस ने तकनीकी एवं पारंपरिक जांच शुरू की। जांच के दौरान संदेह के आधार पर पैठूपारा निवासी शंकर राजपूत उर्फ नरसिंग राजपूत (20 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

बकरीद: देश में अमन, शांति, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआ

छुरिया में हर्षोल्लास व भाईचारे के साथ मनाया गया ईदुल अजहा

छुरिया/नवप्रदेश। नगर छुरिया में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईदुल अजहा (बकरीद) का पर्व धार्मिक आस्था, उत्साह और भाईचारे के माहौल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोग ईदगाह पहुंचे, जहां विशेष नमाज अदा की गई। नमाज के बाद छुरिया के पेश इमाम मोहम्मद सद्दाम हुसैन ने पूरे देश में अमन, शांति, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआ की।

नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी

और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। इसके पश्चात मुस्लिम समाज के लोग कब्रिस्तान पहुंचे, जहां मरहूमीन के हक में दुआएं पेश की गईं। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के सदर जान मोहम्मद, नायब सदर शकील कुरैशी, सेक्रेटरी आरिफ मेमन, अहमद खान, सहित बड़ी संख्या में छुरिया एवं आसपास के क्षेत्रों से आए मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

मुल्क की खुशहाली की दुआ के साथ मना ईद उल अज़हा पर्व

खैरागढ़/नवप्रदेश। मुस्लिम समाज ने मोहब्बत, त्याग एवं कुर्बानी का प्रतीक ईद-उल अजहा को परंपरानुसार मनाया। गुरुवार की सुबह दाऊचौरा स्थित ईदगाह परिसर में ईद-उल-अजहा पर्व के अवसर पर जामा मस्जिद के पेश इमाम मो. फख्रुद्दीन रिज़वी ने तकरीर की और उसके बाद सामूहिक रूप से नमाज अदा कराई । ईद उल अजहा का विशेष खुदबा पढ़ा गया और सलाम पढ़ने के बाद मुस्लिम समाज ने नगर सहित देश व प्रदेश की तरक्की, अमनो चैन एवं खुशहाली के लिये दुआएं मांगी। ईद उल अज़हा की विशेष नमाज की रस्म अदा करने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने कब्रिस्तान जाकर अपने मरहूमों के इसाले सवाब के लिये फातिहा भी पड़ी। ईदगाह परिसर के पास नमाज के दौरान पूरी व्यवस्था बनाये रखने पुलिस विभाग की भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर मोहिब्बूल हक, सराफत हुसैन, नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, सदर अरशद हुसैन, जफर हुसैन खान, खलील कुरैशी, याहिया नियाज़ी, नसीम कादरी, सादिक मेमन,सहित मुस्लिम समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

पंडरिया पुलिस की कार्रवाई, 8 गिरफ्तार

- **सार्वजनिक स्थान पर काट-पत्ती जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गए आरोपी**

पंडरिया/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में जुआ, सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पंडरिया पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 08 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगदी, ताश पत्ती, मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल जब्त की है।

पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर जिले में अवैध गतिविधियों पर लगातार

सख्त कार्रवाई की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह बघेल, अमित पटेल एवं एसडीओपी पंडरिया भूपत सिंह धनेश्री के मार्गदर्शन में थाना पंडरिया पुलिस क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रही थी।इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पाढी दैहान के पास कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर 52 पत्ती ताश से हार-जीत की बाजी लगाकर काट-पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर कार्रवाई की।

पुलिस ने मौके से 08 आरोपियों को जुआ खेलते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। हालांकि कुछ आरोपी पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने जुआ फड़ से 3,550 रुपए नगद, 52 पत्ती ताश, 05 मोबाइल फोन एवं 02 मोटरसाइकिल जब्त की है।

जशपुर का काजू बना किसानों की समृद्धि की नई पहचान

■ **स्वाद, गुणवत्ता और बढ़ती मांग ने बदली हजारों किसानों की तकदीर**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जशपुर जिला खेती और बागवानी के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। पारंपरिक खेती के साथ अब किसान नगदी एवं फल फसलों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। सेब, नाशपाती, स्ट्रॉबेरी और काजू जैसी फसलें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दे रही हैं। इनमें काजू उत्पादन किसानों के लिए आय का मजबूत और भरोसेमंद साधन बनकर उभरा है।

काजू की खेती से मजबूत हो रही ग्रामीण अर्थव्यवस्था: जिला प्रशासन, उद्यान विभाग, रीड्स और नाबार्ड के संयुक्त प्रयासों से जिले में काजू उत्पादन का दायरा तेजी से बढ़ा है। वर्तमान में जिले के लगभग 7800 किसान करीब 7800 एकड़ भूमि पर काजू की खेती कर रहे हैं। अधिकांश किसान अपने एक-एक एकड़ खेत में काजू की खेती कर बेहतर आय अर्जित कर रहे हैं। काजू उत्पादन ने न केवल किसानों की आमदनी बढ़ाई है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आत्मनिर्भरता के नए अवसर भी पैदा किए हैं।

जशपुर काजू की देशभर में बढ़ रही मांग: जशपुर में उत्पादित काजू अपनी मिठास, गुणवत्ता और बेहतरीन स्वाद के कारण खास पहचान बना चुका है। यही वजह है कि इसकी मांग छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों के साथ-साथ झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली जैसे राज्यों में लगातार बढ़ रही है। व्यापारियों और उपभोक्ताओं के बीच जशपुर काजू की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। गुणवत्ता के मामले में जशपुर का काजू बाजार में अपनी अलग पहचान बना चुका है।

लाभदायक नगदी फसल के रूप में उभरा काजू-काजू किसानों के लिए एक अत्यंत लाभदायक नगदी फसल साबित हो रही है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार ग्राफ्टेड पौधों से जल्दी फल प्राप्त होते हैं और उत्पादन भी अधिक मिलता है।

काजू से मिल रहे अनेक आर्थिक लाभ: काजू का उपयोग मिठाई, नमकीन और ड्राई फ्रूट के रूप में बड़े पैमाने पर किया जाता है। इसके साथ ही काजू के छिलकों से औद्योगिक तेल भी तैयार किया जाता है, जिससे किसानों को अतिरिक्त आय का अवसर मिलता है। काजू के व्यापार और निर्यात से किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार मजबूत हो रही है।

बागवानी के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा जशपुर: जशपुर में काजू उत्पादन की यह सफलता किसानों की मेहनत, आधुनिक खेती तकनीकों और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है। जिले में फल एवं नगदी फसलों की बढ़ती खेती अब किसानों के जीवन में समृद्धि ला रही है और जशपुर को कृषि एवं बागवानी के क्षेत्र में नई पहचान दिला रही है।

रोपण के लिए अनुकूल समय और विधि

वर्षा ऋतु में पौध रोपण सबसे उपयुक्त माना जाता है।
पौधों के बीच लगभग 7 से 8 मीटर की दूरी रखी जाती है।
गड्ढों में गोबर खाद और मिट्टी मिलाकर पौधे लगाए जाते हैं।
बेहतर उत्पादन के लिए आवश्यक देखभाल
शुरुआती वर्षों में नियमित सिंचाई जरूरी होती है।
खरपतवार नियंत्रण और समय-समय पर छंटाई से उत्पादन बेहतर होता है।
पौधे 3 से 4 वर्ष बाद फल देना शुरू करते हैं।
8 से 10 वर्षों में पूर्ण उत्पादन प्राप्त होता है।
एक विकसित पेड़ से औसतन 8 से 15 किलोग्राम तक काजू प्राप्त किया जा सकता है।

न्यूज गैलरी

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वीर सावरकर की जयंती पर किया श्रद्धापूर्वक नमन

रायपुर/नवप्रदेश। वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने मां भारती के अमर सपूत एवं महान क्रांतिकारी 'स्वातंत्र्यवीर' विनायक दामोदर सावरकर जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हुए श्रद्धापूर्वक स्मरण किया है।वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि वीर सावरकर जी ने जीवनभर राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय चेतना और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। उनकी क्रांतिकारी सोच, प्रखर लेखनी और अटूट साहस ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को वैचारिक शक्ति प्रदान की। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर जी का जीवन देशभक्ति, त्याग और समर्पण का अनुपम उदाहरण है। विपरीत परिस्थितियों में भी राष्ट्रहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हर भारतीय को प्रेरित करती है। वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने कहा कि वीर सावरकर जी के विचार और आदर्श आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

अवैध रेत उत्खनन पर बलरामपुर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफप्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा जिलेभर में विशेष अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में विकासखंड रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत धौली लिबरा स्थित रेत खदान का औचक निरीक्षण किया गया, जहां कन्हर नदी किनारे नियम विरुद्ध रेत उत्खनन में संलिप्त एक चौन माउंटेड मशीन को जब्त किया गया।खनिज अधिकारी श्री राहुल गुलाटी ने बताया कि रामचंद्रपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पचावल स्थित पांगन नदी में वर्तमान में तीन रेत खदानें स्वीकृत एवं संचालित हैं। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर निरीक्षण के दौरान नदी किनारे पोकलेन मशीन से अवैध उत्खनन किए जाने की पुष्टि हुई, जिसके बाद मशीन को तत्काल जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी ग्राम पचावल क्षेत्र में अवैध खनन एवं परिवहन के मामलों में कार्रवाई की जा चुकी है।

दो दिनों में छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। भीषण गर्मी में लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। छत्तीसगढ़ में नौतपा में मध्य इलाकों में ग्रीष्म लहर चली. भीषण गर्मी की वजह से लोग परेशान हुए। मौसम विभाग के अनुसार चक्रवाती परिसंचरण और बंगाल की खाड़ी से आ रही हल्की नमी के कारण मौसम में बदलाव देखने को मिला. इससे अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट दर्ज हुई. आगामी 2 दिनों में छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, इस बीच एक-दो हिस्सों में ग्रीष्म लहर चलने के आसार हैं. इसके बाद 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है.प्रदेश में भीषण गर्मी और नौतपा के प्रकोप के बीच मौसम ने अचानक यू-टर्न ले लिया है। रायपुर में बुधवार दोपहर को मौसम का मिजाज बदला और कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई। मात्र 20 मिनट के भीतर शहर में 9 मिलीमीटर पानी बरस गया। हालांकि, इस दौरान शहर के आधे हिस्से में ही पानी गिरा, जबकि बाकी इलाके सूखे रहे, जिससे वहां उमस ने लोगों को जमकर छकाया।

जिला पंचायतों को भी मिलेगा गौण खनिज निधि में हिस्सा, आदेश जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा फैसला लेते हुए जिला पंचायतों को भी गौण खनिजों से प्राप्त रॉयल्टी राजस्व राशि में हिस्सा देने का आदेश जारी कर दिया है। राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर नवीन कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जिला पंचायतों को भी गौण खनिज निधि का हिस्सा दिए जाने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने मंच से ही इस मांग को स्वीकार करते हुए घोषणा की थी, जिसका अब राज्य शासन द्वारा पालन कर दिया गया है। खनिज साधन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार गौण खनिजों से प्राप्त कुल राजस्व का 33 प्रतिशत हिस्सा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को पूर्ववत दिया जाएगा, जबकि शेष 67 प्रतिशत राशि का वितरण ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायतों के बीच निर्धारित स्लैब के अनुसार किया जाएगा।

अवसर: बीमित श्रमिकों के बच्चों के लिए डॉक्टर बनने का सुनहरा मौका

ईएसआईसी मेडिकल कॉलेजों में 700 सीटें आरक्षित, गरीबों को मिलेगा मौका

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के संगठित क्षेत्र में काम करने वाले बीमित श्रमिकों के बच्चों के लिए मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में करियर बनाने का एक बड़ा और सुनहरा अवसर सामने आया है। भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने देशभर के अपने 20 प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों में बीमित श्रमिकों के बच्चों के लिए 700 सीटें आरक्षित की हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मई थी , जिसे बढ़ाकर 21 जून 2026 तक निर्धारित की गई है।

नीट यूजी के माध्यम से मिलेगा प्रवेश: श्रमायुक्त कार्यालय से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इन आरक्षित सीटों पर योग्य उम्मीदवारों का चयन नीट यूजी परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 जून 2026 निर्धारित की गई है। जो भी विद्यार्थी इस पात्रता के दायरे में आते हैं, वे बिना देरी किए कर्मचारी राज्य बीमा निगम की आधिकारिक वेबसाइट ESIC Official Website पर जाकर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

योजना का मुख्य उद्देश्य

श्रम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस विशेष आरक्षण नीति का मुख्य उद्देश्य संगठित क्षेत्र के श्रमिक परिवारों के प्रतिभावान बच्चों को उच्च और गुणवत्तापूर्ण मेडिकल शिक्षा के बेहतर अवसर देना है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर या सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाले छात्र भी बिना किसी वित्तीय बाधा के डॉक्टर बनने का अपना सपना पूरा कर सकेंगे।

महत्वपूर्ण जानकारियां

कुल आरक्षित सीटें 700 (देशभर के 20 श्वस्द्बष्ट मेडिकल कॉलेजों में), चयन का आधार नीट यूजी मेरिट के आधार पर, आवेदन की अंतिम तिथि 21 जून 2026 है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम की आधिकारिक वेबसाइट द्गह्यद्बष्.ठ्ठद्ब्ष.द्बठ्ठ का अवलोकन किया जा सकता है।

टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर

किसी भी प्रकार की शंका या विस्तृत जानकारी के लिए विद्यार्थी और अभिभावक टोल फ्री नंबर 1800-11-2526 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा नजदीकी श्वस्द्बष्ट शाखा या राज्य स्तरीय क्षेत्रीय कार्यालय से भी मार्गदर्शन लिया जा सकता है। श्रमायुक्त कार्यालय ने प्रदेश के सभी श्रमिक साथियों से विशेष अपील की है कि वे समय रहते इस महत्वाकांक्षी योजना की जानकारी अपने योग्य व इच्छुक बच्चों तक पहुंचाएं और अंतिम तिथि से पहले अधिक से अधिक आवेदन करवाकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।

लोक निर्माण विभाग के सचिव बंसल ने सड़कों का देखा काम

■ **अधिकारियों की बैठक लेकर काम में तेजी लाने के दिए निर्देश**

रायपुर/नवप्रदेश। लोक निर्माण विभाग के सचिव श्री मुकेश कुमार बंसल ने आज बिलासपुर में नेहरू चौक से दर्रीघाट तक बन रहे 10 किमी फोरलेन सड़क के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार को कार्यों में तेजी लाते हुए इसे जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर बिलासपुर जिले में महत्वपूर्ण सड़कों और भवनों के निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की। लोक निर्माण विभाग के सचिव ने सड़कों का काम देखा

लोक निर्माण विभाग के सचिव ने बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंताओं और अनुविभागीय अधिकारियों से कहा कि हर कार्य के विभिन्न चरणों के लिए समय-सीमा निर्धारित कर कार्यों में तेजी लाएं। कार्यों की रोज मॉनिटरिंग कर तथा ठेकेदारों से समन्वय बनाकर समय-सीमा में काम पूरा कराएं। उन्होंने निविदा स्वीकृति के एक माह के भीतर हर हाल में काम प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। बिलासपुर के कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत के सीईओ संदीप अग्रवाल, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी, मुख्य अभियंता आर.के. रात्रे और अधीक्षण अभियंता के.पी. संत भी बैठक में मौजूद थे।

बीजापुर के दूरस्थ वनांचल में सरकार की संवेदनशील पहल

■ **गंगालूर जैसे रिमोट एरिया में कुपोषण मुक्त अभियान को मिली बड़ी सफलता**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित ÷कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़÷ के संकल्प को बीजापुर जिले में लगातार जमीन पर उतारा जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों से अब दूरस्थ अंचलों में भी बच्चों के स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। इसी का प्रेरणादायी उदाहरण है बीजापुर जिले के गंगालूर क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र कोटिया पारा का ढाई वर्षीय बालक अरुण हेमला, जिसने सतत देखभाल, सही पोषण और सामुदायिक सहयोग से कुपोषण को मात देकर सामान्य श्रेणी में वापसी की है।

यह कहानी केवल एक बच्चे के स्वस्थ होने की नहीं, बल्कि शासन की योजनाओं, विभागीय प्रतिबद्धता और सामुदायिक सहभागिता की जीवंत मिसाल है। अरुण हेमला, पिता मंगू हेमला एवं माता शर्मीला हेमला का जन्म 21 दिसंबर 2023 को हुआ था। जन्म के समय उसका वजन 2.500 किलोग्राम था। बार-बार बीमार पड़ने तथा घर में पर्याप्त भोजन नहीं कर पाने के कारण उसका वजन लगातार कम बना रहा। अप्रैल 2025 में स्थिति गंभीर होने पर उसे पोषण पुनर्वास केंद्र बीजापुर में भर्ती कराया गया, जहां भर्ती के समय उसका वजन मात्र 8.600 किलोग्राम था, जो उसकी उम्र के अनुसार अत्यंत कम माना गया।

दूरस्थ वनांचल में पहुंची विकास की रोशनी

■ **मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के निर्देश पर सुधरा सोलर पम्प, ग्रामीणों के चेहरों पर लौटी मुस्कान**

रायपुर/नवप्रदेश। शासन की संवेदनशील पहल और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का एक प्रेरणादायक उदाहरण सूरजपुर जिले के अत्यंत दूरस्थ वनांचल ग्राम बेलामी, पंचायत घुईडीह, विकासखंड ओड़गी में देखने को मिला, जहां लंबे समय से प्रभावित सोलर पम्प का सुधार कार्य मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के निर्देश पर त्वरित रूप से पूरा कराया गया।

वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए पेयजल और दैनिक उपयोग के पानी की समस्या किसी चुनौती से कम नहीं थी। ऐसे में मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने ग्रामीणों की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए तत्काल क्रेडा विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मंत्री के निर्देश के बाद विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर सोलर पम्प का सुधार कार्य पूर्ण किया, जिससे गांव में फिर से पानी की सुविधा सुचारु हो गई।सोलर पम्प के चालू होते ही ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। गांव के लोगों ने इसे केवल तकनीकी सुधार नहीं, बल्कि संवेदनशील जनप्रतिनिधित्व और ग्रामीण हितों के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक बताया। क्रेडा विभाग के जिला प्रभारी श्री सुजीत श्रीवास्तव की उपस्थिति में सुधार कार्य सम्पन्न हुआ। इस दौरान श्री विजय प्रजापति सहित अन्य मोहल्लेवासियों ने मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दूरस्थ वनांचल क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए उनका लगातार सक्रिय रहना ग्रामीणों में विश्वास और नई उम्मीद जगा रहा है।

कल भारतीय ज्ञान परंपरा पर व्याख्यान, कृतियों का विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। देश के जाने-माने कथाकार, लेखक, संपादक श्री बलराम 29 मई को समय 3 बजे राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद , शंकर नगर रायपुर में शिक्षा नीति-2020 के विशेष संदर्भ में 'भारतीय ज्ञान परंपरा और मेरा लेखन' विषय पर अपना व्याख्यान देंगे।

श्रीबलराम ने दैनिक 'आज' (कानपुर) से पत्रकारिता की शुरुआत की। उन्होंने 'सारिका', 'नवभारत टाइम्स' (साहित्य संपादक) और 'लोकायत' जैसी पत्रिकाओं का संपादन किया है ।

माहवारी पर खुली बातचीत से बदल रही सोच

■ **बलरामपुर में जागरुकता गोष्ठी ने दिया स्वस्थ, संवेदनशील और सशक्त समाज का संदेश**

रायपुर/नवप्रदेश। समाज में लंबे समय से चुप्पी और संकोच के दायरे में रही माहवारी जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अब खुलकर संवाद होने लगा है। बलरामपुर जिले में आयोजित माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन जागरूकता गोष्ठी ने न केवल छात्र-छात्राओं को वैज्ञानिक जानकारी दी, बल्कि संवेदनशील और सकारात्मक सामाजिक सोच को भी नई दिशा प्रदान की।कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा भारत स्काउट्स एंड गाइड जिला शाखा के संयुक्त प्रयास से युवाओं को माहवारी से जुड़े मिथकों और भ्रांतियों के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम की सबसे विशेष बात यह रही कि छात्र-छात्राओं ने बिना झिझक माहवारी जैसे विषय पर खुलकर चर्चा की। विशेषज्ञों ने सहज और सरल भाषा में बताया कि माहवारी एक प्राकृतिक प्रक्रिया है ।

दौरा: पीवीटीजी परिवारों तक हर योजना पहुंचाने अधिकारियों को सख्त निर्देश, जंगलों के बीच बसे गांवों में परखी योजनाओं की जमीनी सच्चाई

बैगा अंचल कोटा पहुंचे प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा

रायपुर/नवप्रदेश। घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ियों के बीच बसे बैगा अंचल में बुधवार को उस समय प्रशासनिक सक्रियता और संवेदनशीलता का अलग ही दृश्य देखने को मिला, जब आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा स्वयं कोटा विकासखंड के दूरस्थ बैगा गांवों तक पहुंचे। उन्होंने न केवल सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी, बल्कि बैगा परिवारों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं और योजनाओं के वास्तविक लाभ की जानकारी भी ली।प्रमुख सचिव श्री बोरा ने बैगा बहुल ग्राम शिवतराई और नेवसा का दौरा कर पीएम जनमन योजना, धरती आबा अभियान, जनजातीय गौरव उत्सव, पीवीटीजी डिजिटल सर्वे और सुशासन तिहार की प्रगति की समीक्षा की। अचानकमार क्षेत्र के दुर्गम बैगापारा तक पहुंचकर उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान कई ग्रामीणों ने पहली बार किसी वरिष्ठ अधिकारी को अपने घर-आंगन तक पहुंचते देखा।शिवतराई में प्रमुख सचिव ने स्वयं सर्वे सेतु ऐप के माध्यम से तिहारू बैगा के परिवार का डिजिटल सर्वे किया। परिवार की आजीविका, आवास, स्वास्थ्य सुविधाओं और सरकारी योजनाओं की पहुंच को लेकर उन्होंने विस्तार से जानकारी ली। बातचीत के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पीवीटीजी समुदाय का कोई भी पात्र परिवार सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे।

दौरे का सबसे अहम दृश्य नेवसा गांव में देखने को मिला, जहां पीएम जनमन योजना के तहत बनी सड़क की गुणवत्ता जांचने के लिए प्रमुख सचिव ने तकनीकी टीम के साथ सड़क की ड्रिलिंग करवाई। सड़क की मोटाई और निर्माण सामग्री के नमूने लिए गए। शिवतराई-अचानकमार मुख्य मार्ग से करीब साढ़े तीन किलोमीटर दूर बने इस संपर्क मार्ग ने बैगा परिवारों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में जहां पहले घंटों पैदल चलना पड़ता था, वहीं अब गांव तक पहुंच आसान हो गई है। दौरे के दौरान गांव में पहुंची मोबाइल मेडिकल यूनिट का भी प्रमुख सचिव ने निरीक्षण किया। उन्होंने बैगा समुदाय के लोगों से पूछा कि स्वास्थ्य वाहन से उन्हें कितना लाभ मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि अब प्राथमिक उपचार और जांच गांव में ही उपलब्ध हो रही है। इस पर प्रमुख सचिव ने मेडिकल यूनिट को नियमित रूप से गांवों में पहुंचने के निर्देश दिए।

सुविचार

खुद को मजबूत बनाओ, मुश्किलें आसान हो जाएंगी।अपनी लड़ाई खुद लड़ें क्योंकि भीड़ हौसला देती है लेकिन पहचान छीन लेती है।

एसआईआर वैध करार

सर्वोच्च न्यायालय ने एसआईआर के खिलाफ दाखिल की गई याचिकाओं को सिरे से खारिज करते हुए अपने ऐतिहासिक फैसले में एसआईआर को वैध करार दे दिया है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा है कि एसआईआर निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के लक्ष्य को आगे बढ़ाने वाला है, जो लोकतंत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। चुनाव आयोग को एसआईआर कराने का पूर्ण अधिकार है, इसलिए इस प्रक्रिया को पूरी तरह संवैधानिक माना जाना चाहिए। इस प्रक्रिया में कहीं कोई विसंगति नहीं है और न ही चुनाव आयोग द्वारा जो प्रमाण पत्र मांगे जा रहे हैं, उसे चुनाव आयोग की मनमानी कहा जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से विपक्षी दलों के नेताओं को करारा झटका लगा है, जो लगातार एसआईआर की प्रक्रिया पर सवालिया निशान लगा रहे थे और चुनाव आयोग पर मनगढ़ंत आरोप लगा रहे थे। बिहार विधानसभा चुनाव के पूर्व वहां चुनाव आयोग ने एसआईआर कराया और अपात्र मतदाताओं के नाम काटे, तो विपक्ष ने इस मुद्दे को लेकर भारी शोर मचाया था। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने तो ÷वोट चोर गद्दी छोड़÷ का नया नारा दे दिया था। किन्तु चुनाव आयोग अपने काम पर लगा रहा और बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम जब एनडीए के पक्ष में गए, तो विपक्ष ने फिर एसआईआर को लेकर विधवा विलाप शुरू कर दिया। इसके बाद हुए बंगाल विधानसभा चुनाव के पूर्व भी वहां एसआईआर कराया गया और लाखों बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से विलोपित किए गए, तब भी ममता बनर्जी ने इसके खिलाफ प्रदर्शन किया और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया। किन्तु हर जगह उन्हें मुंह की खानी पड़ी। बंगाल में भाजपा ने प्रचंड जीत दर्ज की, तो ममता बनर्जी इसे वोट चोरी का नाम देने लगीं। उनके सुर में सुर मिलाते हुए राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल और अखिलेश यादव ने भी फिर से एसआईआर की प्रक्रिया का विरोध करना शुरू किया। किन्तु अब सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले से दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया है। एसआईआर को चुनाव आयोग की ओर से हरी झंडी मिलने के बाद देश के बाकी सभी राज्यों में भी एसआईआर की प्रक्रिया तेज होगी। वास्तव में यह भारतीय लोकतंत्र के हित में है, जिसका विरोध करके विपक्षी पार्टियां अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने की नाकाम और हास्यास्पद कोशिशें कर रही हैं। कभी वे अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग के सिर पर फोड़ती हैं, तो कभी ईवीएम को दोषी ठहराती हैं और अब एसआईआर को अपनी हार का कारण बता रही हैं। बेहतर होगा कि वे सुप्रीम कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले को शिरोधार्य करें और अब एसआईआर की प्रक्रिया पर उंगली उठाना बंद करके अपने पराजय के कारणों की समीक्षा करें।

वैभव सूर्यवंशी तेरा नाम रहेगा

मात्र 15 साल की उम्र वाले वैभव सूर्यवंशी ने क्रिकेट जगत में वह कारनामा कर दिखाया, जिसे अंजाम देने के लिए धुरंधर क्रिकेटरों को कई साल लगते हैं। राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए वैभव सूर्यवंशी ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 'करो या मरो' के मुकाबले में जो धुआंधार पारी खेली, उसने सभी को चमत्कृत कर दिया। वैभव सूर्यवंशी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मात्र 28 गेंदों में 97 रन ठोक डाले; दुर्भाग्य से वे 29वीं गेंद पर आउट हो गए, अन्यथा वे 30 गेंदों पर शतक बनाने का क्रिस गेल का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ देते। फिर भी उन्होंने अपनी इस आतिशी पारी में 12 गगनचुंबी छक्के जड़कर क्रिस गेल का सर्वाधिक 60 छक्के लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया। वैभव सूर्यवंशी का आईपीएल में सर्वाधिक 65 छक्के का रिकॉर्ड कौन तोड़ पाएगा? प्लेऑफमें सबसे तेज 50 रन बनाने के रिकॉर्ड की उन्होंने बराबरी कर ली। इस सत्र में सबसे ज्यादा 680 रन बनाने का भी कीर्तिमान रच दिया। वैभव सूर्यवंशी वाकई अद्भुत खिलाड़ी हैं और भारतीय क्रिकेट टीम का सुनहरा भविष्य हैं। इतनी कम उम्र में दुनिया के सर्वकालीन महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर भी ऐसी स्वर्णिम उपलब्धि हासिल नहीं कर पाए थे। टीम इंडिया को एक और आक्रामक बल्लेबाज मिलने जा रहा है, जो सिक्सर किंग कहलाएगा। उनके इस अभूतपूर्व प्रदर्शन को देखते हुए यही कहा जाना चाहिए कि जब तक सूरज चांद रहेगा, वैभव सूर्यवंशी तेरा नाम रहेगा।

सद्गुरू बोधामृतम्


सदगुरू ऋतेश्वर

मोह जब दफन होगा तो प्रेम का अंकुरण होगा। प्रेम का विकास होगा। और प्रेम से परिचय होगा। शिष्य के हर एक कार्य में गुरुदेव भगवान का चिंतन होना चाहिए। जो वर्तमान में असंतुष्ट हैं वो भविष्य में भी असंतुष्ट रहेगा इसलिए वर्तमान में जिसने संतोष सीख लिया, वर्तमान में जिसने जीना सीख लिया, वर्तमान में जिसने मुस्कुराना सीख लिया, उसका भविष्य खराब हो कैसे सकता है? वर्तमान जिसका आनंदमय है उसका निश्चित ही भविष्य भी आनंदमय ही होगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 29 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ। 1990 - बोरिस येल्तसिन सोवियत संघ के राष्ट्रपति निर्वाचित। 1999 - नाइजीरिया में नागरिक सत्ता की स्थापना। 2003 - ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर इराक के पुनर्निर्माण कार्यों का आकलन करने के लिए बसरा पहुँचे। 2004 - म्यांमार में चक्रवाती तूफान ने 140 लोगों की जान ली। पाकिस्तान ने परमाणु वैज्ञानिक अब्दुल कादिर ख़ान पर लगाये गये प्रतिबंधों में ढील दी। 2007 - जापान की रियो मोरी मिस यूनिवर्स 2007 बनीं। 2008 - भारतीय जनता पार्टी के नेता बीएस येदुरप्पा ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इंटरनेट सर्च इंजन गूगल ने सोशल नेटवर्किंग वेबसाइट माइस्पेस के साथ ई-मेल सम्बन्धी समझौता किया। 2010 - अमेरिका और भारत के बीच सितंबर 2008 में हुए 123 अग्रीमेंट में छोड़ दिए गए परमाणु ईंधन की रिप्रोसेसिंग के पहलू पर अमेरिकी प्रशासन ने सहमति का ऐलान किया।

तपते आसमान के नीचे सुलगता भारत

बदलती जलवायु के कारण भारत सहित दुनिया के अनेक हिस्से भीषण हीट वेव की चपेट में है। अब यह संकट पारंपरिक क्षेत्रों से निकलकर तटीय इलाकों तक फैल चुका है। अंधाधुंध शहरीकरण, घटती हरियाली और कंक्रीट के बढ़ते निर्माण से 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव बढ़ रहा है, जिससे दिन और रातें अत्यधिक गर्म हो रही हैं। राजस्थान के बाड़मेर से लेकर दिल्ली की गलियों और विदर्भ के मैदानों तक पारा 45 डिग्री सेल्सियस के स्तर को पार कर चुका है। यह केवल बढ़ते तापमान का आंकड़ा नहीं है बल्कि यह एक गहराता सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट और आर्थिक चेतावनी है। हीट वेव अब केवल मौसमी असुविधा नहीं बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और मानव अस्तित्व के लिए गंभीर संकट बन चुकी है। बढ़ते तापमान, घटती हरियाली और कंक्रीट के फैलते जंगलों ने जीवन को लू की लपटों में समेट दिया है।

योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

मौसम विभाग और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के ताजा आंकड़ों ने एक डरावनी तस्वीर पेश की है। पिछले चार दशकों में हीट वेव (लू) से होने वाली मौतों में 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गौर करने वाली बात यह है कि हीट वेव अब केवल अपने पारंपरिक गढ़ (उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत) तक सीमित नहीं रही बल्कि इसने दक्षिण भारत के उन तटीय इलाकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है, जो ऐतिहासिक रूप से कम ताप प्रभावित रहते थे। अध्ययन बताते हैं कि 1981 से 2000 के बीच लू की औसत अवधि जहां 2.5 से 5.5 दिन थी, वहीं 2001 से 2020 के बीच यह बढ़कर 8.5 दिन तक पहुंच गई। लू का भौगोलिक दायरा भी 11.9 लाख वर्ग किलोमीटर से फैलकर 18.1 लाख वर्ग किलोमीटर हो चुका है। यह विस्तार बताता है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की आशंका नहीं, वर्तमान की कड़वी हकीकत है। हमारे शहर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील हो चुके हैं, जो दिनभर गर्मी सोखते हैं और रात में उसे मुक्त करते हैं, जिससे 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव पैदा होता है। इस तपती आग में सबसे अधिक जोखिम उन लोगों (रेहड़ी-पटरी वाले, निर्माण श्रमिक और दिहाड़ी मजदूर) का है, जो खुले आसमान के नीचे अपना वजूद तलाशते हैं। इनके पास न तो कूलिंग सेंटर की सुविधा है और न ही काम के घंटों में लचीलापन। इसके साथ ही बच्चे और बुजुर्ग इस बढ़ते 'डिस्कंफर्ट इंडेक्स' के सबसे आसान शिकार बन रहे हैं।

वैज्ञानिकों के मुताबिक तापमान में वृद्धि से आगामी वर्षों में हीट वेव, गर्मी का मौसम ज्यादा समय तक रहने और सर्दी के मौसम का समय घटने जैसी स्थितियां पैदा होंगी। इस बारे में वैज्ञानिकों का स्पष्ट कहना है कि जिस जलवायु परिवर्तन के बारे में अब तक हम केवल पढ़ते-सुनते रहे थे, वह अब हमारे सामने आकर खड़ा हो गया है। भारत में मई का महीना गर्म हवाओं (लू) का चरम समय होता है और लू की घटनाओं को भी मौसम में दिन-प्रतिदिन बदलाव का स्वाभाविक हिस्सा माना जाता है लेकिन चिंता की बात यही है कि लू की तीव्रता लगातार वर्ष दर वर्ष बढ़ रही है। पिछले करीब डेढ़ दशकों में 2009, 2010, 2016, 2017 और 2022 भारत में रिकॉर्ड किए गए पांच सबसे गर्म वर्ष रहे। आईएमडी के मुताबिक 15 सबसे गर्म वर्षों में से 11 वर्ष 2008 से 2022 के बीच ही दर्ज किए गए।

यह जानना भी जरूरी कि हीट वेव आखिर है क्या? जैसा कि नाम

से ही जाहिर है, हीट वेव अत्यधिक गर्म मौसम की अवधि है, जो प्रायः दो या ज्यादा दिनों तक रहती है। जब तापमान किसी क्षेत्र के सामान्य औसत तापमान से अधिक हो जाता है तो उसे 'हीट वेव' कहा जाता हं। आईएमडी के अनुसार मैदानी इलाकों का अधिकतम तापमान जब 40 डिग्री सेल्सियस तक और पहाड़ी क्षेत्रों का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो लू चलने लगती है और यदि तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो यह खतरनाक लू की श्रेणी में कही जाती है। इसी प्रकार तटीय क्षेत्रों में जब तापमान 37 डिग्री सेल्सियस हो जाता है तो लू चलने लगती है। हीट वेव के कारण लोगों के बीमार होने और हीट स्ट्रोक का खतरा बहुत बढ़ जाता है तथा सैंकड़ों लोगों की मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 1998 से 2017 के बीच हीट वेव के कारण 1.66 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और यह आंकड़ा अब वर्ष दर वर्ष तेजी से बढ़ रहा है।

आईआईटी खड़गपुर के एक अध्ययन से यह स्पष्ट हो चुका है कि तापमान में वृद्धि तथा लू का मानव शरीर पर व्यापक असर पड़ रहा है। गर्म हवाओं से ब्रेन स्ट्रोक, हृदयाघात, नसों में खून के थक्के जमने की आशंका, स्थायी विकलांगता का खतरा बढ़ जाता है और इससे मृत्यु दर में भी वृद्धि हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, हीट वेव बाढ़ के बाद दूसरी सबसे घातक आपदा है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौतियां पेश कर रही है। लू का असर हृदय तथा फेफड़े जैसे अंगों पर सर्वाधिक पड़ता है, जो बेहद खतरनाक हो सकता है। हीट वेव से ऐसे लोगों की स्थिति और खराब होने की संभावना होती है, जो हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गुर्दे की बीमारी इत्यादि समस्याओं से पीड़ित हैं। आईएमडी के मुताबिक वैसे तो हर साल दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना इत्यादि उत्तर पश्चिमी भारत, मध्य, पूर्व और उत्तर प्रायद्वीपीय भारत के मैदानी इलाकों में मार्च से जून के दौरान हीट वेव का दौर चलता है लेकिन जैसे-जैसे पृथ्वी की जलवायु गर्म होती जा रही है, दिन और रात भी सामान्य से अधिक गर्म होते जा रहे हैं, जिससे हीट वेव की घटनाएं बढ़ रही हैं और मौतों तथा बीमारियों की आशंका भी बढ़ रही है।

प्रश्न यह है कि भारत में हीट वेव को लेकर ऐसी स्थिति क्यों निर्मित हो रही है? पिछले 30 वर्षों के तापमान तथा गर्म हवाओं का आकलन करते हुए आईआईटी खड़गपुर के एक अध्ययन में यह स्पष्ट किया गया था कि घटती हरियाली, शहरीकरण तथा कंक्रीट से निर्माण के कारण ही अब प्रतिवर्ष हीट वेव में वृद्धि हो रही है। प्रायः देखा जाता है कि एक ही शहर में कुछ जगहों पर उच्च तापमान दर्ज किया जाता है तो कुछ जगहों पर तापमान कम रहता है। कुछ स्थानीय कारण इसके लिए जिम्मेदार होते हैं। दरअसल अधिक हरे-भरे इलाकों में तापमान कम दर्ज किया जाता है जबकि चारों ओर बसी कालोनियों तथा ऊंची-ऊंची इमारतों वाले इलाकों में तापमान ज्यादा दर्ज होता है। तकनीकी भाषा में इसे 'अर्बन हीट आईलैंड इफैक्ट' कहा जाता है। पेड़-पौधों की कमी, अधिक शहरीकरण तथा कंक्रीट से अधिक निर्माण इत्यादि विविध कारणों से शहर ज्यादा तप रहे हैं। इसके पीछे एक बड़ी वजह शहरों में निरन्तर बढ़ता जनसंख्या घनत्व भी है। जनसंख्या का घनत्व बढ़ते जाने से हरियाली नष्ट हो रही है और शहरों में हरे-भरे प्राकृतिक क्षेत्रों को भी सीमेंट तथा कंक्रीट के तपते जंगलों में तब्दील किया जा रहा है। दुनियाभर में विभिन्न शोधों के आधार पर वैज्ञानिक जलवायु संकट को ही लू के लिए जिम्मेदार मान रहे है, जिनका कहना है कि शहरीकरण तथा जनसंख्या घनत्व इसमें बड़ा योगदान देते हैं।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) के मुताबिक लू से अर्थव्यवस्था को चौतरफा नुकसान होता है। डब्ल्यूएमओ का कहना है कि बढ़ते तापमान का अर्थ हीट वेव का बढ़ना, बहुत ज्यादा मात्रा में बर्फ का पिघलना, समुद्र जलस्तर का बढ़ना तथा मौसम की चरम घटनाओं का और ज्यादा विनाशकारी होना है, जिसका सीधा प्रभाव पर्यावरण, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और सतत विकास पर पड़ेगा। इतिहास के सबसे गर्म वर्षों में लगभग सभी साल पिछले तथा इस दशक से ही रहे हैं। ब्रिटिश मौसम कार्यालय के एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने कहा है कि यदि जलवायु पविर्तन नहीं हो रहा होता तो ऐसा चरम तापमान प्रत्येक 312 वर्षों में एक बार ही देखने को मिलता।

अब्राहम अकॉर्ड का समर्थन पाकिस्तान के लिए होगा आत्मघाती कदम

संजीव ठाकुर
वरिष्ठ पत्रकार

वैश्विक राजनीति में अब्राहम कार्ड यानी अब्राहम समझौता अभी सबसे ज्यादा चर्चित हॉट टॉपिक है। और यही अब्राहम रिकॉर्ड पाकिस्तान के लिए बड़ी मुसीबत बना हुआ है।अब्राहम अकॉर्ड अमेरिका की पहल पर हुए इस समझौते ने अरब देशों और इजरायल के बीच दशकों पुरानी शत्रुता को संवाद और कूटनीतिक संबंधों में बदलने का प्रयास किया और पाकिस्तान सहित मुस्लिम दे। शों द्वारा इसराइल को देश के रूप में मान्यता प्रदान किया जाना होगा। संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, मोरक्को और सूडान जैसे देशों ने इजराइल के साथ संबंध सामान्य कर दुनिया को चौंका दिया। अब चर्चा इस बात की है कि अमेरिका चाहता है कि शेष मुस्लिम देश भी इसी राह पर चलें। इसी संदर्भ में पाकिस्तान की स्थिति अत्यंत जटिल और विरोधाभासी दिखाई देती है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में आरंभ हुई इस नीति का मूल उद्देश्य मध्य पूर्व में नई सामरिक धुरी बनाना था। अमेरिका मानता है कि ईरान के बढ़ते प्रभाव, आतंकवाद और आर्थिक अस्थिरता से निपटने के लिए अरब देशों और इजराइल के बीच सहयोग आवश्यक है। अमेरिका की दृष्टि में यह समझौता केवल कूटनीतिक संबंधों तक सीमित नहीं बल्कि व्यापार, तकनीक, रक्षा और ऊर्जा सहयोग का नया मॉडल है। किंतु पाकिस्तान के लिए यह प्रश्न केवल विदेश नीति का नहीं बल्कि वैचारिक, धार्मिक और आंतरिक राजनीतिक संकट का विषय बन गया है।पाकिस्तान स्वयं को लंबे समय से इस्लामी दुनिया का प्रमुख समर्थक और फिलिस्तीन का पारंपरिक पक्षधर बताता रहा है। पाकिस्तान के पासपोर्ट पर आज भी यह उल्लेख मिलता है कि यह दस्तावेज इजराइल को छोड़कर सभी देशों के लिए मान्य है। यह केवल एक औपचारिक पंक्ति नहीं बल्कि पाकिस्तान की वैचारिक स्थिति का प्रतीक है। पाकिस्तान के निर्माण के बाद से ही वहां की राजनीति में फिलिस्तीन मुद्दा भावनात्मक और धार्मिक रूप से जुड़ा रहा है। ऐसे में यदि पाकिस्तान इजराइल को मान्यता देता है तो उसे अपने ही देश के भीतर तीव्र विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

पाकिस्तान की सबसे बड़ी समस्या यह है कि उसकी अर्थव्यवस्था लंबे समय से विदेशी कर्ज और अंतरराष्ट्रीय सहायता पर निर्भर रही है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से बार-बार राहत पैकेज लेना उसकी मजबूरी बन चुका है। विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और राजनीतिक अस्थिरता ने पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर दिया है। ऐसे समय में अमेरिका की नाराजगी पाकिस्तान के लिए महंगी साबित हो सकती है। अमेरिका का अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं पर प्रभाव किसी से छिपा नहीं है। यदि पाकिस्तान अमेरिकी रणनीति के विरुद्ध जाता है तो भविष्य में आर्थिक सहायता और ऋण प्राप्त करना कठिन हो सकता है। दूसरी ओर पाकिस्तान की घरेलू राजनीति भी इस प्रश्न को सरल नहीं बनने देती। वहां के धार्मिक संगठन और कट्टरपंथी समूह इजराइल विरोध को अपने अस्तित्व का प्रमुख मुद्दा मानते हैं। यदि सरकार इजराइल के साथ संबंध सामान्य करने की दिशा में बढ़ती है तो बड़े पैमाने पर आंदोलन और राजनीतिक अस्थिरता पैदा हो सकती है। पाकिस्तान पहले ही आंतरिक आतंकवाद, प्रांतीय असंतोष और राजनीतिक संघर्षों से जूझ रहा है। ऐसे में यह मुद्दा सरकार के लिए गले की हड्डी बन सकता है न उगलते बने और न निगलते। वास्तव में पाकिस्तान की दुविधा केवल धार्मिक नहीं बल्कि सामरिक भी है। वह लंबे समय से चीन के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए हुए है, जबकि अमेरिका की प्राथमिकताएं बदल रही हैं। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा पाकिस्तान के लिए आर्थिक आशा का केंद्र है, लेकिन पश्चिमी देशों और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं के सहयोग के बिना उसकी अर्थव्यवस्था स्थिर नहीं हो सकती। अमेरिका यह भी चाहता है कि पाकिस्तान अपनी विदेश नीति में कट्टरपंथी प्रभाव कम करे और व्यावहारिक कूटनीति अपनाए। किंतु पाकिस्तान की सत्ता संरचना में सेना, धार्मिक समूह और राजनीतिक दलों के अलग-अलग हित हैं, जिसके कारण कोई भी बड़ा निर्णय अत्यंत कठिन हो जाता है। मध्य पूर्व के कई देशों ने अब यह मानना शुरू कर दिया है कि केवल इजराइल विरोध की राजनीति से आर्थिक और सामरिक लाभ नहीं मिलने वाले। संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन जैसे देशों ने इजराइल के साथ तकनीकी, रक्षा और व्यापारिक सहयोग से नए अवसर प्राप्त किए हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा, कृषि तकनीक और निवेश के क्षेत्र में इजराइल की क्षमता विश्व स्तर पर मानी जाती है। यही कारण है कि कई मुस्लिम देश अब व्यावहारिक कूटनीति को प्राथमिकता देने लगे हैं। पाकिस्तान पर भी इसी प्रकार का दबाव बढ़ रहा है कि वह भावनात्मक राजनीति से आगे बढ़कर आर्थिक हितों को देखे।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कोई कितनी भी हौसला दे पर एक माँ का दिल जीवन भर रोता है अपने बच्चे को खोकर,भले वह दुनियादारी में खुदको उलझा ले पर मन हर घड़ी अपने बच्चे को ही ढूंढता है , मेरे कुछ सहेलियों ने अपने जिगर के टुकड़े को खोया है मैं कभी उन्हें सांत्वना नहीं दे पाई मुझसे ये नहीं हो पाता पर मेरा मन हर क्षण उन माओं के आसपास ही रहता है कि वो कैसे एक एक पल काटती होंगी।

निभा चौधरी

वो एक कप चाय... ना जाने कितनी यादें कितने दर्द और.. तपिश प्रेम की दिलाती याद उड़ते धुएं के साथ। तुम भूल गए अब वादे कसमें किंतु जब जब भी आता है हाथों में गर्म चाय का कप तो लगता है। लौट रहा है चाय की मिठास के साथ ही तुम्हारी यादों का बसंत भी।।

डॉ.सविता वर्मा 'ग़ज़ल'

फोड़कर आंखे चश्मा दान करते हैं काम कुछ लोग गजब महान करते हैं कटवाते हैं जंगल के पेड़ यहां लाखों और पेड़ बचाने वास्ते आव्हान करते हैं। खोलते हैं अस्पताल वो बिन डॉक्टर के घायलों को और लहूलुहान करते हैं। संवेदना तो देखो भीड़ बीच सभाओं में पीड़ा हरने की बारी पे अंतर्ध्यान रहते हैं। जीत के इतराते घूमते हुए विमानों में वोट लेने बखत मजदूर किसान रहते हैं। सालो तक भुगतान नहीं कलाकारों को फिर भी सुराज में उनके गुणगान करते हैं।

संत आर थवाईत

दोस्ती का रिश्ता रिश्तेदारी से बहुत अच्छा होता है क्योंकि रिश्तेदारों से रिश्ता खून का होता है और दोस्तों से रिश्ता दिल का होता है और दिल वो है जो सारे जिस्म को खून पहुंचाता है। अपने मन की किताब ऐसे व्यक्ति के पास ही खोलना जो पढ़ने के बाद आपको समझ सके....

पितंबर श्रीवास्तव

ईर्ष्या तुम दूसरों से करती हो,कभी खुद के बारे में क्यों नहीं सोचती! कभी खुद से करके देखो! मन ही मन में जलना,अपना ही खून पीना भला क्यों अच्छा लगता है. तुम्हारा नाम ही कुछ और होना चाहिये था. एक बार बोलने से ही,कुछ-कुछ होने लगा तन-मन में।

जे डी कुदाल

दुनिया के किसी भी धर्म को मैंने ढोंग और पाखंड के बिना नहीं पाया लेकिन इंसानियत को मैंने किसी भी ढोंग और पाखंड के बिना पाया इसलिए इंसानियत ही एकमात्र शुद्ध धर्म है.... इसलिए इंसानियत ही पुरे विश्व का एकमात्र धर्म होना चाहिए ताकि मानवता और भाईचारा पुरे विश्व मे स्थित हो सकें।

रमेश वर्मा

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज आपका आत्मविश्वास और काम करने की क्षमता दोनों चरम पर रहेंगे। हर फैसला आप सोच-समझकर लेंगे, लेकिन किसी के दबाव में आकर लिया गया कदम बाद में परेशानी दे सकता है।

वृषः आज का दिन धीरे-धीरे लेकिन पक्की सफलता देने वाला रहेगा। जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें अच्छा परिणाम मिलने के योग हैं। बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए नए विचार मन में आएंगे।

मिथुनः आज किस्मत अचानक आपका साथ देती नजर आएगी। लंबे समय से अटका या डूबा हुआ पैसा वापस मिलने की संभावना है। बिजनेस में जो योजनाएं परेशानी बन रही थीं।

कर्कः आज प्रॉपर्टी और निवेश से जुड़े मामलों में किस्मत आपका साथ दे सकती है। नई संपत्ति खरीदने का विचार सफल हो सकता है। अनजान लोगों पर ज्यादा भरोसा करना नुकसानदेह साबित हो सकता है।

सिंहःआज हर कदम सोच-समझकर उठाने की जरूरत है। पुरानी गलतियों से मिली सीख आज आपको सही दिशा दिखाएगी।

कन्याः आज का दिन थोड़ा तनाव भरा रह सकता है। माता जी की सेहत को लेकर चिंता बढ़ सकती है। नुकसान या रुकावट के कारण भागदौड़ ज्यादा रहेगी।

तुलाः आज आपका मन मौज-मस्ती और खुशियों में डूबा रहेगा। संतान की तरक्की देखकर गर्व महसूस होगा। लंबे समय से अटका कोई काम आज पूरा हो सकता है, जिससे राहत मिलेगी।

वृश्चिकः आज रिश्तों में अपनापन और मजबूती बढ़ेगी। भाई-बहनों का पूरा साथ मिलेगा और किसी पुराने मुद्दे का समाधान मिल-बैठकर निकल सकता है।

धनुः आज आपका मान-सम्मान और लोकप्रियता दोनों बढ़ने वाले हैं। कार्यक्षेत्र में अच्छे काम के लिए आपको सराहना या पुरस्कार मिल सकता है।

मकरः आज सेहत को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। काम के पीछे भागते-भागते आप खुद की देखभाल भूल सकते हैं, इसलिए थोड़ा संतुलन जरूरी है।

कुंभः आज धन को लेकर समझदारी दिखाने की जरूरत है। कोई व्यक्ति आपको गलत निवेश या जोखिम भरी योजना में फंसाने की कोशिश कर सकता है।

मीनः आज आपकी समझदारी और शांत स्वभाव हर काम को आसान बना देंगे। घर में किसी नए मेहमान के आगमन से खुशी और रौनक बढ़ सकती है।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) भारत में लगनेवाला सबसे बड़ा मेला कौन सा है?

2) भारत की प्रथम महिला मुस्लिम आईपीएस का नाम क्या है?

3) किस भाषा के वर्णमाला में 204 अक्षर होते है?

4) भारत में कितनी बार नोटबंदी हो चुकी है?

5) भारत की सबसे तेज सौर इलेक्ट्रिक नाव बाराकुडा कहाँ लॉन्च की गई?

उत्तरमाला- (1) सोनपुर मेला, बिहार (2) कु.नुजहत खान (3) चीनी (4) तीन (5) अलाप्पुझा (केरल)

कार्टून

भिलाई स्टील प्लांट से 1 करोड़ का लोहा चोरी, 4 गिरफ्तार, कुल 3 करोड़ का माल जब्त

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई स्टील प्लांट से करीब 1 करोड़ रुपये मूल्य का 250 टन लोहा चोरी किये जाने का खुलासा हुआ है। चोर फ्लाई ऐश के नीचे लोहा छिपाकर प्लांट से बाहर निकालते थे। पुलिस ने हथखोज और अकलोरडीह इलाके के एक गोदाम से चोरी का लोहा जब्त किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 250 टन लोहे की प्लेट और बीम कटिंग जब्त की गई है, जिसकी कीमत लगभग 90 लाख रुपए है। वाहनों समेत कुल करीब 3 करोड़ 22 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की गई है। इस मामले में पुलिस ने गुरुवार को 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले चार-पांच महीनों से लोहे की चोरी कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में मीथेन ठाकुर, निवासी सिकोला बस्ती दुर्ग, चिंतानंद साहू (40) निवासी बाबा दीप सिंह नगर वैशाली नगर, गीतेश वर्मा (36 वर्ष) टाटा लाइन कोहका, निर्मल सिंह (52) निवासी ईडब्लूएस 697 वैशाली नगर शामिल हैं। संदेह जताया जा रहा है कि अंदरूनी मिलीभगत से ही चोरी हो रही है। प्लांट की सुरक्षा में सीआईएसएफ के जवान तैनात रहते हैं। प्लांट परिसर में सैकड़ों सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इसके बावजूद पुलिस को काफी समय से लगातार चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। 27 मई को पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहनों का पीछा किया। हथखोज स्थित गोदाम में ट्रक के पहुंचने पर पुलिस ने चारों ओर से घेराबंदी कर दी। छावनी सीएसपी प्रशांत कुमार पैकरा और भिलाई-3 थाना पुलिस की टीम ने मौके पर मौजूद लोगों से दस्तावेज मांगे, लेकिन जब्त लोहे से संबंधित कोई लीगल डॉक्यूमेंट नहीं दिया गया। पुलिस ने पूरे यार्ड और गोदाम की जांच की। जांच में गोदाम से करीब 250 टन संदिग्ध लोहा बरामद किया गया। पुलिस ने दो हाईवा वाहनों की जांच की, तो ऊपर फ्लाई ऐश दिखाई दी, लेकिन फ्लाई एश के भीतर टनों के हिसाब से लोहा भरा मिला।

बीएसपी प्रबंधन ने अलग से जांच समिति गठित की

घटना के बाद भिलाई स्टील प्लांट प्रबंधन ने अलग से जांच समिति गठित की है, जो पूरे नेटवर्क और इसमें शामिल लोगों की भूमिका की जांच करेगी। पुलिस ने मौके से मिले सैकड़ों टन लोहे को बीएनएसएस की धारा 106 के तहत जब्त कर लिया है। पूरे गोदाम को सील कर दिया गया है। मामले की जांच जारी है। पुलिस ड्राइवरों से पूछताछ कर रही है और बीएसपी प्रबंधन को भी पत्र भेजा गया है। भिलाई नगर सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि अकलोरडीह स्थित एके ट्रेडर्स नामक यार्ड में भिलाई स्टील प्लांट से चोरी किया गया लोहा लाकर डंप किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर रेड कार्रवाई की। मौके पर खड़े दो हाईवा वाहनों की जांच में भारी मात्रा में लोहा मिला। ड्राइवरों के पास केवल फ्लाई ऐश परिवहन से संबंधित दस्तावेज मिले। गौरतलब है कि प्लांट की सुरक्षा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जिम्मे है। जानकारी के अनुसार करीब 700 जवान पूरे परिसर में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात हैं। चोरी किया गया लोहा काफी भारी था, जिसे क्रेन और अन्य मशीनों की मदद से ट्रकों में लोड किया जाता था। ऐसे में बिना अंदरूनी मिलीभगत के इतने बड़े स्तर पर चोरी संभव नहीं मानी जा रही है। पुलिस और बीएसपी प्रबंधन पूरे मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

न्यूज गैलरी

फूड जोन के 7 स्टॉल किराये पर देने नगर निगम ने मंगाए आवेदन

दुर्ग। मेनोनाईट चर्च के सामने संविधान पुस्तिका के पास नवनिर्मित हाईजीनिक फूड जोन के खाली 7 स्टॉलों को अस्थायी मासिक किराये पर देने के लिये नगर निगम दुर्ग द्वारा निविदा आमंत्रित की गई है। इच्छुक आवेदकों से बंद लिफाफे में ऑफर आमंत्रित किए गए हैं। स्टॉल क्रमांक 1, 2, 4, 5, 8, 9 और 10 को किराये पर दिया जाएगा। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 8 जून शाम 5:30 बजे तक है। निविदा केवल स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से स्वीकार की जाएगी। कार्यालय में सीधे निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। प्राप्त निविदाओं को 9 जून को शाम 4 बजे उपस्थित ऑफरकर्ताओं के समक्ष खोला जाएगा। निविदा से संबंधित शेष नियम-शर्तों का अवलोकन कार्यालयीन समय में नगर निगम कार्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकता है।

त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव के कारण सुशासन तिहार शिविर की तारीख बदली

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने 'सुशासन तिहार 2026' के अंतर्गत जनपद पंचायत पाटन के ग्राम पंचायत जामगांव आर में पूर्व निर्धारित जन समस्या निवारण शिविर की तिथि में आंशिक संशोधन किया है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जून सोमवार को त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के तहत रिक्त पदों के लिए मतदान का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। आम जनता की सुविधा के लिए पूर्व प्रस्तावित शिविर की तिथि को परिवर्तित किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब जामगांव (आर) में जन समस्या निवारण शिविर बुधवार 3 जून को आयोजित की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में पूर्व में जारी शेड्यूल के अनुसार अन्य सभी शिविरों के स्थान व तिथि पूरी तरह से यथावत रहेंगे। कलेक्टर सिंह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे संशोधित तिथि के अनुरूप सभी आवश्यक मैदानी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करें जिससे नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सुचारू लाभ मिल सके।

सुरक्षा, गुणवत्ता और परिचालन उत्कृष्टता में योगदान देने वाले कर्मचारी पुरस्कृत

भिलाई। इस्पात संयंत्र के रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा परिचालन उत्कृष्टता, सुरक्षा संस्कृति और कार्यबल विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए शाबाश सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्पादन, अनुरक्षण, सुरक्षा, परिचालन विश्वसनीयता और गुणवत्ता सुधार के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। समारोह में एसएमएस-2, एसएमएस-3, ब्लास्ट फर्नेस, टॉरपीडो लैडल, मिल्स, मैकेनिकल ग्रुप, प्लानिंग और सुरक्षा अनुभाग सहित विभिन्न परिचालन इकाइयों के कर्मचारियों को उनके अनुभाग प्रभारियों व सहकर्मियों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण शाबाश योजना के अंतर्गत सेफ्टी स्टुअर्ड गोविंद का विशेष सम्मान रहा। मुख्य महाप्रबंधक (आरईडी) प्रोसेनजीत दास और महाप्रबंधक (आरईडी) आर गोपालकृष्णन ने कहा कि कर्मचारियों को प्रबंधन और संविदा कार्यबल के मध्य एक महत्वपूर्ण सेतु के रूप में कार्य करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि मजबूत सुरक्षा संस्कृति केवल नियमों और निर्देशों से विकसित नहीं होती, बल्कि सहानुभूति, सतत संवाद और कार्यस्थल पर मानवीय सहभागिता से सुदृढ़ होती है। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक आरईडी राकेश सिंह ठाकुर ने किया।

अग्निवीर भर्ती में 1163 युवा चयनित

दुर्ग। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती वर्ष 2025-26 के विभिन्न पदों हेतु चयन परिणाम घोषित कर दिए गए हैं, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के कुल 1163 युवाओं ने सफलता हासिल की है। भर्ती परीक्षा के परिणाम भारतीय थल सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इन्हें सेना भर्ती कार्यालय नवा रायपुर के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को आगामी दिशा-निर्देशों और प्रारंभिक प्रक्रियाओं के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर में उपस्थित होने निर्देश दिए हैं। दुर्ग जिले से चयनित हुए समस्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया है कि वे अपने चयन संबंधी जानकारी तत्काल जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग को प्रदान करें और निर्धारित समय पर नवा रायपुर स्थित कार्यालय में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर संपर्क कर सकते हैं।

विधायक ललित चन्द्राकर ने गर्भवती महिलाओं को प्रदान की सुपोषण टोकरी

मां और बच्चे का स्वास्थ्य ही स्वस्थ छत्तीसगढ़ की पहचान: ललित चंद्राकर

■ पुरई में 'सुशासन तिहार' के तहत गोद भराई रस्म का आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत पुरई में आयोजित समाधान शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई रस्म का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण व अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चन्द्राकर ने क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को सुपोषण टोकरी प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

विधायक चन्द्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार में मातृ शक्ति के सम्मान और पोषण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सुपोषण टोकरी के माध्यम से गर्भावस्था के दौरान हमारी माताओं-बहनों को आवश्यक पोषण मिले। एक स्वस्थ माँ ही स्वस्थ शिशु को जन्म देती है और स्वस्थ शिशु ही स्वस्थ छत्तीसगढ़ का निर्माण करेगा। यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सुपोषित भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में हमारा कदम है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदान की गई सुपोषण टोकरी में पौष्टिक आहार जैसे भुना चना, मूंगफली, गुड़, सोयाबड़ी, दालें, सूखे मेवे, हरी सब्जी, आयरन-फोलिक एसिड की दवाइयां शामिल हैं। विधायक ने गर्भवती महिलाओं से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और आंगनबाड़ी केंद्रों से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ लेने की अपील भी की।

गोद भराई की रस्म के दौरान पारंपरिक रूप से महिलाओं की गोद भरकर उन्हें तिलक लगाकर नारियल, चुनरी व पोषण सामग्री भेंट की गई। इस अवसर पर कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसडीएम हरवंश मिरी, जनपद पंचायत सीईओ रूपेश पाण्डे, उतई भाजपा मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, चंदू देवांगन, प्रवीण यदु, जिला पंचायत सभापति श्रद्धा साहू, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, सरपंच डोमार साहू, सोसाइटी अध्यक्ष फलेंद्र सिंह राजपूत, फत्ते लाल वर्मा, कमलेश साहू, सरपंचगण पूजा चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, ललित बारले, खुमान निषाद, जितेन्द्र सोनी और करण सेन बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, स्वास्थ्य विभाग की मितानिनें व ग्रामवासी और लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रहीं।

गृह मंत्री का ओएसडी बताकर खिलाड़ियों को धमकाया, गिरफ्तार

■ क्रिकेट के दौरान खिलाड़ियों से किया दुर्व्यवहार

भिलाई/नवप्रदेश। खुर्सीपार इलाके में क्रिकेट मैच के दौरान खुद को गृह मंत्री का ओएसडी बताकर खिलाड़ियों को धमकाने के मामले में पुलिस ने सर्वेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने खिलाड़ियों के साथ अभद्रता भी की थी। मामला दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम खुर्सीपार का है। यहां क्रिकेट मैच के दौरान आरोपी सर्वेश सिंह मैदान में पहुंचा और खिलाड़ियों के साथ अभद्र व्यवहार करने लगा। उसने खुद को गृह मंत्री का ओएसडी बताते हुए खिलाड़ियों पर दबाव बनाने की कोशिश की। इस दौरान उसने खिलाड़ियों को डराया-धमकाया भी। घटना के बाद खिलाड़ियों और वहां मौजूद लोगों में नाराजगी जताई। जयप्रकाश ने खुर्सीपार थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी लगातार अपना प्रभाव दिखाते हुए मैच में मौजूद खिलाड़ियों और अन्य लोगों को धमका रहा था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच शुरू की। जांच के बाद आरोपी सर्वेश सिंह के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी जांजगीर-चांपा जिले का रहने वाला है। उसकी पहचान सर्वेश सिंह (38 वर्ष) निवासी नेताजी चौक लिंक रोड, थाना जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी का उद्देश्य खुद को प्रभावशाली व्यक्ति बताकर खिलाड़ियों पर दबाव बनाना था। वह खुद को

दुर्ग की 7 वर्षीय मीमांसा ने नेशनल कूडो चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

दुर्ग/नवप्रदेश। 7 वर्षीय मीमांसा साहू ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस मिलिट्री स्कूल, फूलगांव पुणे महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय कूडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। मीमांसा 3 साल की उम्र से कूडो सीख रही है। पिछले वर्ष सूरत में हुई नेशनल चैंपियनशिप में मीमांसा ने एक सिल्वर और एक कांस्य पदक जीता था। इस बार पुणे में गोल्ड जीतकर उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। मीमांसा की यह उपलब्धि उनकी उम्र के अन्य बच्चों के लिए भी अत्यंत प्रेरणादायक है। मीमांसा की इस उपलब्धि में उनके ट्रेनर राजा कौशल और लिलिमा मैडम का विशेष योगदान रहा है। मीमांसा नारायणा ई-टेक्नो स्कूल बोरसी दुर्ग में कक्षा 2 की छात्रा है।

आईटी पार्क और स्वीमिंग पूल तैयार, 31 को सीएम करेंगे लोकार्पण

■ शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव की अभिनव पहल

दुर्ग/नवप्रदेश। आगामी 31 मई को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दुर्ग प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान आईटी पार्क और स्वीमिंग पुल का लोकार्पण कर चुनाव में दुर्ग की जनता से किये अपने वादों पूरा करेंगे। शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधी विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने बताया कि दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आईटी पार्क बनकर तैयार हो चुका है, जिसका लोकार्पण मुख्यमंत्री के करकमलों से किया जाएगा। यह आईटी पार्क दुर्ग को तकनीक, नवाचार और रोजगार के नए केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। आईटी पार्क दुर्ग के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इसके स्थापित होने से दुर्ग के व्यापार और अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी। शहरवासियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्विमिंग पूल भी तैयार किया गया है, जिसका लोकार्पण भी मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। इससे दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ियों में खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच मिलेगा और युवाओं को प्रशिक्षण और अभ्यास की आधुनिक सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। आज शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कलेक्टर अभिजीत सिंह, आईआईटी डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश, निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल और पीडब्ल्यूडी की टीम के साथ आईटी पार्क स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। मौके पर उपस्थित इंजीनियरों की टीम ने बताया कि सभी तैयारी पूरी कर ली गई है।

निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, तकनीकी सुविधाओं और आम नागरिकों के उपयोग को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। मंत्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दुर्ग सहित पूरे प्रदेश में लगातार विकास कार्यों को गति दे रही है।

पानी की डिमांड करना भूला निगम : वोरा

■ दुर्ग में बोर सूखे, तालाब भी खाली

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर में लगातार गहराते जलसंकट को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने संकटग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। स्थानीय नागरिकों ने उन्हें बताया कि शहर के कई तालाबों का जलस्तर तेजी से घट रहा है। अधिकांश बोर या तो सूख चुके हैं या खराब पड़े हैं। भीषण गर्मी के बीच पानी की समस्या से जूझ रही जनता की परेशानी को देखते हुए अरुण वोरा ने नगर निगम और सिंचाई विभाग के अधिकारियों से तत्काल तालाबों में पानी भरने और मरम्मत कार्य शुरू करने की मांग की है। वोरा ने कहा कि शासन और निगम प्रशासन सुशासन तिहार अभियान में फोटोशूट कराने में व्यस्त है। वोरा ने सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता आशुतोष सारस्वत से इस संबंध में मुलाकात की। सारस्वत ने वोरा को बताया कि निगम द्वारा पानी की मांग से संबंधित पत्र नहीं दिया गया है। मांग किये जाने पर नहरों के माध्यम से तालाबों को भरने के लिए पानी छोड़ देते। वोरा ने कहा कि ठगड़ा बांध में पानी न होने से आसपास के 10 वार्ड के बोर का जलस्तर नीचे चला गया है। पटरीपार एरिया सहित बस्तियों के बोर सूख रहे हैं। सरकारी बोर टूट फूट गए हैं। जल्द सुधार किया जाए। वोरा ने कहा कि शहर के तालाबों का जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है, जिससे तालाबों के आसपास रहने वाले लोगों के सामने निस्तारी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। बड़ी आबादी आज भी तालाबों पर निर्भर है, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण बोरसी, पोटिया, ठगड़ा बांध, दीपक नगर और कातुलबोड जैसे क्षेत्रों के तालाबों में समय पर पानी नहीं भरे गया।

शहर में ईद उल अजहा की रौनक रही अमन की दुआओं के लिए उठे हाथ

भिलाई/नवप्रदेश। शहर में गुरुवार को ईद उल अजहा की रौनक रही। सुबह 7 बजे से शहर की अलग-अलग मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज शुरू कर दी गई थी। मस्जिदों-ईदगाहों में हजारों की तादाद में लोगों ने ईद की नमाज अदा की। नमाज के बाद मोहब्बत-भाईचारा कायम करने के साथ मुल्क की तरक्की अमन-चैन की दुआएं की। इस्पात नगरी भिलाई से हज पर गए जायरीनों का हज पूरा होने की खुशियां भी परिवारजनों ने मनाई। ईदगाह मैदान में मौजूद विभिन्न धर्म व समुदाय के प्रतिनिधियों ने मुस्लिम भाईयों को गले मिल कर ईद की मुबारकबाद दी। भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट की ओर से सभी मेहमानों के लिए सेवइयों का इंतजाम भी किया गया। ईद की नमाज को देखते हुए यातायात पुलिस ने ईदगाहों और मस्जिदों के आगे सुबह से ही चाक चौबंद व्यवस्था कर रखी थी। इस मौके पर मोहम्मद असलम, इमामुद्दीन पटेल, सैय्यद असलम, निजामुद्दीन, मोहम्मद अकरम, हाफिज महफूज, युसूफ सिद्दीकी, हाजी एम. एच. सिद्दीकी, कमेटी के सरपरस्त इस्तेखार सिद्दीकी, रशीद खान, हाजी मुश्ताक अहमद, ज़ाकिर हुसैन, मोहम्मद, अब्दुल माजिद उर्फ गुड्डु भाई, सैय्यद इरफ़ान रिज़वी, जावेद खान, हाफिज अहमद, जफर कुरैशी,अलीम, मोहम्मद सोहेल मोहम्मद और अशरफ इनाम सहित बड़ी तादाद में लोग मौजूद थे। सभी ने एक दूसरे को ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी।

सार्वजनिक व अवैध नल कनेक्शनों का करें सर्वे

■ बेवजह पानी का बहाव रोकने महापौर ने दिए निर्देश

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम दुर्ग की महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा निगम क्षेत्र के वार्ड 21 से 30 तक के पार्षदों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वार्ड 21 से 30 वार्डवार विकास कार्यों, मूलभूत सुविधाओं और जनसमस्याओं को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में सड़क निर्माण, पाइप लाइन विस्तार, पाइप लाइन लीकेज, नाली व पुलिया निर्माण/मरम्मत, पोल, विद्युत व्यवस्था, सुलभ शौचालयों की मरम्मत सहित विभिन्न जनसमस्याओं की समीक्षा की गई। पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याओं और आवश्यकताओं को महापौर और आयुक्त के समक्ष रखते हुए त्वरित निराकरण की मांग की। महापौर ने कहा कि बेवजह बह रहे सार्वजनिक व अवैध रूप से नल कनेक्शनों का सर्वे कराया जाए और अनुपयोगी सार्वजनिक नलों को बंद कराने की कार्रवाई की जाए। वर्तमान में लगभग सभी घरों में व्यक्तिगत नल कनेक्शन उपलब्ध हैं, ऐसे में सार्वजनिक नलों से पानी की अनावश्यक बर्बादी रोकना आवश्यक है। निगम द्वारा पाइप लाइन सुधार और जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने लगातार कार्य किया जा रहा है। स्टेशन रोड दीपक नगर सड़क सीमा क्षेत्र अंतर्गत नाली के ऊपर बने अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिये गए।

विधायक देवेन्द्र ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग: नियमों की अनदेखी कर मनमाने तरीके से लिए गए निर्णय

हेमचंद यादव विवि में भारी वित्तीय और शैक्षणिक अनियमितता

भिलाई/नवप्रदेश। विधायक देवेंद्र यादव ने राज्यपाल व कुलाधिपति रमेन डेका को पत्र लिखकर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलपति डॉ. संजय तिवारी के खिलाफ कथित वित्तीय, प्रशासनिक और शैक्षणिक अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच कराने और कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

यादव ने पत्र में कहा है कि विश्वविद्यालय में लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। कई मामलों में नियमों की अनदेखी कर निर्णय लिए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों के भविष्य और विश्वविद्यालय की साख पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि मार्च 2026 में लगभग 12 लाख रुपए से अधिक की उत्तरपुस्तिकाओं की खरीदी के लिए निविदा प्रक्रिया अपनाई गई थी, लेकिन बाद में कुलपति द्वारा एक निजी फर्म के पक्ष में अर्द्धशासकीय पत्र जारी कर कार्य आवंटित किया गया और लगभग 40 लाख रुपए से अधिक का भुगतान भी किया गया। विधायक ने इसे शासकीय निविदा प्रक्रिया और वित्तीय नियमों के विपरीत बताया है।। पत्र में कहा गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा आठ नए पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए एआईसीटीई और आरसीआई से निरीक्षण कराया गया। इसके पूर्व राज्य शासन से आवश्यक अनुमति प्राप्त नहीं की गई थी। एक ही विभागीय संरचना को परिवर्तित स्वरूप में प्रस्तुत कर विभिन्न पाठ्यक्रमों की मान्यता लेने का प्रयास किया गया। विधायक ने नए पाठ्यक्रमों के लिए पुस्तकों की खरीदी में भी गंभीर अनियमितता का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि लगभग 40 लाख रुपए मूल्य की 380 पुस्तकों की खरीदी बिना विधिवत निविदा प्रक्रिया के केवल मौखिक निर्देशों पर की गई, जिससे पूरी प्रक्रिया संदेह के घेरे में है। पत्र में अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए गए हैं। विधायक के अनुसार शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पहले ही पांच विषयों के लिए 15 अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति कर दी गई, जबकि संबंधित विभाग विधिवत अस्तित्व में नहीं थे और विद्यार्थियों का प्रवेश भी नहीं हुआ था। इसके अलावा इंग्लिश लीगल लैंग्वेज विषय की परीक्षा का उल्लेख करते हुए विधायक ने कहा कि लगभग 400 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। प्रश्नपत्र अंग्रेजी में था, जबकि लगभग 380 विद्यार्थियों ने उत्तर हिंदी में लिखे। प्रारंभिक परिणाम में उन्हें अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया गया, लेकिन बाद में छात्र आंदोलन की आशंका को देखते हुए पुनर्मूल्यांकन कर सभी को उत्तीर्ण घोषित कर दिया गया। विधायक ने इसे विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली और शैक्षणिक गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्न बताया है। विधायक ने राज्यपाल से निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

न्यूज गैलरी

वार्ड क्रमांक 17 स्थित मुक्तिधाम में 62.95 लाख का होगा विकास कार्य

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। नगर के वार्ड क्रमांक 17 स्थित मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार व निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाने निविदा की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। मुक्तिधाम में विकास कार्यों के लिए नगर पालिका द्वारा कार्य योजना तैयार कर शासन को प्रेषित किया गया था, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने मुक्तिधाम में विकास कार्य कराए जाने के कार्य को प्राथमिकता देते हुए कैबिनेट मंत्री एवं विधायक टंकराम वर्मा से चर्चा कर आवश्यक मांगे रखी गई थी, जिसे प्राथमिकता देते हुए कार्य हेतु राशि उपलब्ध कराई गई । राज्य प्रवर्तित योजना मद अंतर्गत वार्ड क्रमांक 17 में मुक्तिधाम उन्नयन कार्य हेतु 62.95 लाख की स्वीकृति प्रदान कर कार्य प्रारंभ किए जाने निर्देशित किया गया है। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत मुक्ति धाम के उन्नयन कार्य हेतु प्राप्त राशि से विकास के कार्य निष्पादित किया जाना है, यह मांग पूर्ण किए जाने पर उपमुख्यमंत्री एवं नगरी प्रशासन मंत्री अरुण साव जी व कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा जी के मिले सहयोग के लिए नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं वार्ड पार्षद सलमान शेख सहित नगर पालिका के सभी पार्षद गणों ने हृदय से धन्यवाद वह आभार व्यक्त किया है।

ग्राम सभा का आयोजन 5 जून को

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। पंचायत संचालनालय के निर्देशानुसार 5 जून से जिले के प्रत्येक ग्राम में ग्राम सभा का आयोजन करने हेतु कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आदेशित किया है। ग्राम सभा में शतप्रतिशत उपस्थिति एवं गणपूर्ति सुनिश्चित कराने का दायित्व संबंधित सरपंच एवं पंचों का होगा। ग्राम सभा में विशेष रूप से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु चर्चा की जाएगी। इसमें ग्राम सभा की पूर्व वैठक में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन संबंधी पालन प्रतिवेदन। पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन। पिछली वर्ष में विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्य के नाम, प्राप्त राशि, स्वीकृत राशि, व्यय राशि एर्व कार्य की अद्यतन स्थिति का वाचन। ग्राम पंचायतों में कर अधिरोपण एवं संग्रहण की प्रणाली ऑनलाईन करने के लिए समर्थ पंचायत पोर्टल का उपयोग करने तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए संपत्ति कर के दर निर्धारण पश्चात् कर अधिरोपण प्रारंभ करना आदि शामिल है।

भारत स्काउट गाइड टीम ने कलेक्टर से की मुलाकात

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स में पदाधिकारियों ने बुधवार को कुलदीप शर्मा से सौजन्य मुलाकात किया। स्कार्फ लगाकर कलेक्टर का सम्मान किया गया तत्पश्चात सभी पदाधिकारियों के द्वारा बुके भेंट किया गया। भारत स्काउटस एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में चलाई जाने वाले तारुण्य वार्ता पर खुलकर चर्चा अभियान,जिला स्तर पर किये जा रहे कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन, विभिन्न स्थलों पर प्रचार आदि के विषय में विस्तार से बताया गया। कलेक्टर ने इस विषय को गांव - गांव, घर-घर तक जागरूक करने के लिए टीम की प्रशंसा की। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने पर बल दिया। इस अवसर पर राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, राज्य मुख्यालय आयुक्त द्वय खोडस राम कश्यप, डॉ. जगदीश हीरा साहू, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल, सदस्य नरेश केशरवानी, मानकचन्द वर्मा जिला संगठन आयुक्त गाइड नेहा उपाध्याय, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड रजनीकला पाटकर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

कैलाश पवार को दी श्रद्धांजलि

नगरी/नवप्रदेश। जय मां शीतला धर्मार्थ सेवा समिति सिहावा के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय कैलाश पवार को समिति पदाधिकारियों, सदस्यों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शीतला मंदिर परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत कैलाश पवार की धर्म पत्नि उषा पवार,भाई संतोष पवार नाती अंश गौतम सहित उनके परिजन उपस्थित रहे।

सभा को संबोधित करते हुए समिति के संरक्षक नरेन्द्र नाग ने कहा कि स्वर्गीय कैलाश पवार ने लगभग 40 वर्षों तक शीतला समिति के अध्यक्ष पद का दायित्व निष्ठा एवं समर्पण के साथ निभाया। उनके नेतृत्व में समिति ने धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में नई पहचान स्थापित की। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि शीतला माता मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों, सेवा कार्यों एवं जनसहभागिता को मजबूत बनाने में कैलाश पवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके कार्यकाल में नवरात्रि महोत्सव, धार्मिक अनुष्ठान, भंडारा एवं सामाजिक सेवा के विभिन्न कार्यों को विशेष प्राथमिकता दी गई, जिससे समिति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने का अवसर मिला।

4 कट्टा देशी चना चोरी मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार, दो विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल

■ आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए 4 कट्टा चना बरामद

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अपराधियों पर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना खम्हरिया पुलिस टीम ने गोदाम अंदर से 04 कट्टा, कुल 02 क्विंटल देशी चना कीमती लगभग 11 हजार रूपए चोरी के मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रार्थी प्रमोद सिंघानिया उम्र 47 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 03 थानखम्हरिया जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि किसी अज्ञात व्यकित के द्वारा दिनांक 22.05.2026 के शाम 06:30 बजे से दिनांक 26.05.2026 के सुबह 08:30 बजे के मध्य रात्रि में गोदाम अंदर में रखे 18 कट्टा कुल 09 क्विंटल देशी चना में से 04 कट्टा कुल 02 क्विंटल देशी चना प्रति कट्टा 50-50 किलोग्राम जुट बारदाना मे भरी हुई कुल जुमला किमती 11,000/- रूपये का देशी चना को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 305 (ए),331(4), 3(5) ब्नहस् पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान* जरिये मुखबीर की सूचना पर संदेही खिलेन्द्र रात्रे, टिकेश बंजारे एवं उनके 02 अन्य साथियों थानखम्हरिया निवासी वार्ड क्रमांक 01 से उक्त चोरी के संबंध में पुछताछ करने पर अपना अपराध करना स्वीकार किया। पुछताछ में पता चला कि 24 मई 2026 के रात्रि में चारो मिलकर गोदाम में रखे 04 कट्टा चना को चोरी कर ले जाकर छिपाकर रखना। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी गए 04 कट्टा चना जुट बोरी में भरी हुई कुल जुमला किमती लगभग 11,000/- रूपये को जप्त कर बरामद किया गया।

आरोपी 1. खिलेन्द्र रात्रे पिता परमानंद रात्रे उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 1 खम्हरिया जिला बेमेतरा, 2. टिकेश बंजारे उर्फ बोटो पिता रवेन्द्र बंजारे उम्र 19 साल निवासी वार्ड नंबर 01 थान खम्हरिया जिला बेमेतरा को 27 मई 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर प्रस्तुत किया गया। तथा दो विधि से संघर्षरत बालक को माननीय किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत किया गया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी खम्हरिया निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, प्रधान आरक्षक अजय लहरे, विनोद पात्रे, आरक्षक मुकेश चंद्रवंशी, अशरफी खान, रमन चंद्राकर एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

खाद का अवैध भंडारण और गड़बड़ी पर कृषि विभाग की कार्रवाई, 164 बोरी यूरिया जब्त

किसानों के हित में प्रशासन सख्त

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में किसानों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा उर्वरक विक्रेताओं और गोदामों का लगातार आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को बसना और कोमाखान क्षेत्र में कई प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जहां भारी अनियमितताएं सामने आईं।

उप संचालक कृषि फगूराम कश्यप एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बसना हरिशंकर पैकरा के नेतृत्व में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बसना श्रीमती उषाकांति खेस ने सागरपाली स्थित श्री किसान कृषि सेवा केन्द्र तथा भंवरपुर स्थित जय दुर्गा कृषि सेवा केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उर्वरकों के भंडारण, विक्रय दर, स्टॉक पंजी और पॉश मशीन के माध्यम से की जा रही वितरण व्यवस्था का गहन परीक्षण किया गया।संयुक्त टीम ने संबंधित विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही खाद उपलब्ध कराई जाए तथा किसानों के रकबे के अनुसार ही उर्वरकों का वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही दुकानों में उर्वरकों की दर सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने और सभी अभिलेख व्यवस्थित रखने के निर्देश भी दिए गए।

इसी दौरान तहसील कोमाखान अंतर्गत ग्राम मुनगासेर में खोमसिंह पिता घनाराम साहू के कोठार में लगभग 50 बोरी यूरिया खाद अवैध रूप से भंडारित पाया गया। जांच के दौरान संबंधित व्यक्ति खरीदी से जुड़े बिल-वाउचर प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके बाद कृषि विभाग ने तत्काल खाद जब्ती की कार्रवाई की। कृषि विभाग ने कहा है कि किसानों को समय पर और उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि कोई विक्रेता निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूलता है अथवा किसी प्रकार की अनियमितता करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।विभाग ने किसानों से अपील की है कि उर्वरक खरीदते समय हमेशा पक्का बिल प्राप्त करें तथा किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर तत्काल कृषि विभाग या राजस्व विभाग से संपर्क करें।

प्रतीक बीज भंडार दुकान एवं गोदाम के निरीक्षण में गड़बड़ी

वहीं ग्राम पटेवा स्थित प्रतीक बीज भंडार दुकान एवं गोदाम के निरीक्षण में भी बड़ी गड़बड़ी उजागर हुई। पॉस मशीन में 328 बोरी यूरिया खाद दर्ज था, जबकि मौके पर भौतिक सत्यापन के दौरान केवल 214 बोरी ही उपलब्ध मिली। इस प्रकार 114 बोरी यूरिया खाद कम पाए जाने पर कृषि विभाग ने खाद एवं पॉस मशीन को जब्त करते हुए नियमानुसार कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

अंग्रेजी शराब दुकान में मिलावटी खेल का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

■ आबकारी टीम की औचक दबिश में 4 कर्मचारी रंगे हाथ दबोचे गए, शराब के पाव में मिला रहे थे पानी

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के पिथौरा स्थित कंपोजिट अंग्रेजी शराब दुकान में आबकारी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब में पानी मिलाने के खेल का पर्दाफाश किया है। औचक निरीक्षण के दौरान दुकान के चार प्लेसमेंट कर्मचारियों को मैकडॉवेल नंबर-1 शराब के पाव में खुलेआम पानी मिलाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। विभाग ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 38(क) के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 मई को आबकारी विभाग की टीम आवश्यक निरीक्षण के लिए अचानक पिथौरा अंग्रेजी शराब दुकान पहुंची। निरीक्षण के दौरान टीम ने देखा कि दुकान में कार्यरत कर्मचारी टेबल पर बैठकर मैकडॉवेल नंबर-1 शराब की बोतलों (पाव) का सील खोलकर उसमें पानी की मिलावट कर रहे थे। टीम ने तत्काल दबिश देकर करन सोनटके, उमेश मन्नाडे, नारायण निषाद और हेमंत पटेल को मौके पर ही पकड़ लिया। जांच में शराब की बोतलों में पानी मिलाने की पुष्टि होने पर चारों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 38(क) (मदिरा में मिलावट) के तहत कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान टीम ने आरोपियों के कब्जे से मैकडॉवेल नंबर-1 के 10 पाव, जिनमें पानी की मिलावट की गई थी, 4 आधे भरे पाव, 54 साबुत ढक्कन, पानी की बोतलें तथा एक लीटर की बोतल में लगभग 90 मिली विदेशी मदिरा बरामद की। पूरी कार्रवाई आबकारी उप निरीक्षक पिथौरा हृदय कुमार तिरपुड़े के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक सरायपाली मिर्जा जफर बेग एवं अनिल कुमार झारिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

भरवाड़ीह में नाली सफाई का कार्य प्रगति पर

बारिश के पूर्व नालियों की सफाई अभियान तेज

कोलिहा (लवन)/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत भारीवाडीह के आश्रित ग्राम पंचायत पौसरी क्षेत्र में आगामी बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए नालियों की साफ-सफाई का कार्य तेज कर दिया गया है। ग्राम पंचायत के सरपंच नरेंद्र कश्यप पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा पंच छबिलाल दांडेकर नैना बाई पारधी हेमंत सागर बंसीसहित पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में मुख्य मार्गों एवं मोहल्लों की नालियों से गंदगी और कीचड़ निकालकर जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाने का कार्य किया जा रहा है।

इस दौरान पंचायत कर्मियों एवं ग्रामीणों ने मिलकर नालियों में जमा कचरा, मिट्टी एवं गंदगी को हटाया ताकि बारिश के समय पानी भराव की समस्या उत्पन्न न हो। ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने तथा नालियों में कचरा नहीं डालने के लिए भी जागरूक किया गया।

पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि बारिश के मौसम में जलभराव एवं बीमारियों से बचाव के लिए यह अभियान लगातार चलाया जाएगा। साफ-सफाई से गांव में स्वच्छ वातावरण बनेगा तथा लोगों को आवागमन में भी सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों ने पंचायत द्वारा चलाए जा रहे इस सफाई अभियान की सराहना करते हुए सहयोग का भरोसा दिलाया सफाई करते समय पंच संतोष ध्रुव छबि लाल डांडेकर नैना बाई मजदूर सुनीता यदु सुखानी वर्मा सुशीला यादव द्रौपदी भूपेन्द्र यदु जागेश्वर आशीष बृजलाल ध्रुव खेमलाल ग्रामीण जन उपस्थित थे।

नेशनल हाईवे-53 पर यात्री बसों की जांच परमिट शर्तों के उल्लंघन पर वसूला जुर्माना

■ बिना वर्दी संचालन पर 6 बसों पर कार्रवाई, वसूला गया शमन शुल्क

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए परिवहन विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को नेशनल हाईवे-53 पर यात्री बसों की सघन जांच अभियान चलाया।

जांच के दौरान बसों के परमिट, फिटनेस, बीमा, चालक-परिचालक की वर्दी तथा बसों में चस्पा किराया सूची सहित विभिन्न दस्तावेजों का निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीम ने नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर कुल 6 यात्री बसों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शमन शुल्क वसूल किया।

कार्रवाई मुख्य रूप से परमिट शर्तों के उल्लंघन तथा बिना चालक-परिचालक वर्दी के बस संचालन को लेकर की गई। इस दौरान अधिकारियों ने वाहन चालकों एवं परिचालकों को यातायात नियमों का पालन करने, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सभी आवश्यक दस्तावेज अद्यतन रखने की समझाइश भी दी। जांच अभियान के दौरान जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला, परिवहन विभाग से अमित पाटिल, हेमचंद कंवर, लखन पटेल एवं मेघू महोबिया उपस्थित रहे।

अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई, 3 हाईवा जब्त

■ चूना पत्थर और गिट्टी का बिना वैध अभिवहन पास परिवहन करते पकड़े गए वाहन, सरायपाली थाना में रखे गए सुरक्षित

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्ती तेज कर दी है। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को सरायपाली क्षेत्र में खनिज जांच दल ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से खनिज परिवहन कर रहे तीन हाईवा वाहनों को जब्त किया।

जानकारी के अनुसार ग्राम सरायपाली में खनिज विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण के दौरान खनिज चूना पत्थर एवं गिट्टी का परिवहन कर रहे 03 हाईवा वाहनों की जांच की। जांच में संबंधित वाहनों के पास वैध अभिवहन पास नहीं पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए वाहनों को जब्त कर लिया गया।

जब्त किए गए वाहनों में हाईवा क्रमांक सीजी 13 जेड 2637, ओडी 17 एई 8637 एवं सीजी 06 एचजी 0378 शामिल हैं। इन वाहनों के चालक संजीत कुमार निवासी जैतपुर तहसील बरमा जिला औरंगाबाद, दीपक सेन निवासी बागटुअरी तहसील सरायपाली जिला महासमुंद तथा एक अज्ञात चालक बताए गए हैं।

खनिज विभाग ने तीनों वाहनों को जब्त कर सरायपाली थाना की अभिरक्षा में सुरक्षित रखा है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जब्त वाहनों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में सभी प्रकार के खनिजों का परिवहन केवल वैध अभिवहन पास के माध्यम से ही किया जाना अनिवार्य है।

महानदी गणेश घाट सिहावा में 3 दिवसीय हरि कथा का आयोजन

■ दूर-दूर से श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे

नगरी/नवप्रदेश। आस्था, श्रद्धा और सनातन संस्कृति के संगम स्थल के रूप में प्रसिद्ध महानदी उद्गम स्थल गणेश घाट सिहावा में 27 मई से 29 मई तक तीन दिवसीय हरि कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। पवित्र महानदी के उद्गम क्षेत्र में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया है। दूर-दूर से श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं तथा आयोजन स्थल पर उत्साह देखने को मिल रहा है।

आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रतिदिन संध्या समय हरि कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कथा वाचक गोकर्ण मिश्रा अपने मधुर वाणी एवं प्रेरणादायी प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कृति और सनातन परंपराओं का संदेश दे रहे हैं। कथा में भगवान की भक्ति, मानव जीवन के आदर्श, संस्कारों की महत्ता तथा समाज में नैतिक मूल्यों को बनाए रखने पर विशेष प्रकाश डाला जा रहा है। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आ रहे हैं।

धार्मिक आयोजन को भव्य स्वरूप देने के लिए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, बैठने एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी समिति द्वारा की गई हैं।आयोजन को सफल बनाने में ग्राम पटेल राजेश यदु, देव समिति संरक्षक नारायण पटेल, अंजोर सिंह निषाद, देव समिति अध्यक्ष देवब्रत गौतम, पुजारी लतखोर कश्यप, नवयुवक मंडल अध्यक्ष संतोष पटेल, श्रृंगी ऋषि विकास समिति अध्यक्ष संजय सारथी, ऋषि पंचमी समिति गणेशघाट के अध्यक्ष बलदेव निषाद, नारायण वैष्णव, चंद्रभान पटेल, उदय सिंह कश्यप, राजकुमार निषाद, संपत यदु, दिलेश पटेल, केदार नाथ, दिनेश निषाद, डिगेश पटेल, राजेश पटेल, हरचंद पटेल, दुर्गेश पटेल, योगेन्द नाग एवं पुरुषोत्तम यादव आदि योगदान दे रहे हैं।

आयोजन : छत्तीसगढ़ सिख संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने पिथौरा में दिया आमंत्रण, चार आयुवर्ग में स्पर्धाएं

रायपुर में 6 जून को होगा भव्य 'सिक्खी स्वरूप अते प्रश्नोत्तरी मुकाबला'

पिथौरा/नवप्रदेश। आगामी 6 जून 2026 को रायपुर के पंडरी स्थित खालसा स्कूल में 'सिक्खी स्वरूप अते प्रश्नोत्तरी मुकाबला 2026' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की तैयारियों और प्रचार-प्रसार को लेकर 'छत्तीसगढ़ सिख संगठन के प्रदेश महासचिव मोनू सचिन सलूजा प्रदेश उपाध्यक्ष टोनी सिंह एवं प्रदेश सचिव द्वय यशवंत सिंह मनमीत सिंह प्रतिनिधिमंडल ने पिथौरा का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा में पहुंचकर समाज प्रमुखों को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी और आमंत्रण सौंपा।

इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रांगण में समाज प्रमुख सिंदर सिंह नारंग , वरिष्ठ सेवादार यशवंत सिंह छाबड़ा, राजू सलूजा, त्रिलोक अजमानी, राजू अजमानी विक्की सलूजा, परमीत सिंह माटा दीपक सलूजा राजा खनूजा मनदीप होरा रणवीर आजमानी रवि चावला हप्पू सलूजा सहित सिख समाज गणमान्य एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

चार आयु वर्गों में होंगी प्रतियोगिताएं, सिक्खी स्वरूप रहेगा अनिवार्य : आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम 6 जून को शाम 4 बजे से शुरू होगा। बच्चों और युवाओं को अपने धर्म तथा संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों के लिए 'सिक्खी स्वरूप' में होना अनिवार्य रखा गया है प्रतियोगिताओं को चार ग्रुप में बांटा गया है ?ग्रुप ए (बाबा फतेह सिंह जी - 0 से 5 वर्ष): इस वर्ग के नन्हे बच्चे सिक्खी स्वरूप में रैंप वॉक करेंगे।ग्रुप बी (बाबा जोरावर सिंह जी - 6 से 10 वर्ष): इसमें सिक्खी धर्म के 35 अक्षरों से संबंधित चित्रकला प्रतियोगिता होगी। इसके लिए 2 घंटे का समय दिया जाएगा।

ग्रुप सी (बाबा जुझार सिंह जी - 11 से 15 वर्ष): यह एक क्विज प्रतियोगिता होगी। इसमें निर्णायक मंडल द्वारा उपलब्ध कराई गई पुस्तक से ही जज प्रश्न पूछेंगे।

ग्रुप डी (बाबा अजीत सिंह जी - 16 से 20 वर्ष): इस वर्ग के प्रतिभागी 1 से 1.5 मिनट के भीतर 'सिक्खी स्वरूप', 'पंजाबी माँ बोली' या 'पंच ककार का महत्व' विषय पर कविता, साखी या गुरमत विचार प्रस्तुत करेंगे।

विजेताओं को मिलेंगे इनाम, 'सोहणा बीबा बच्चा' को मिलेगा लैपटॉप

आयोजको ने बताया कि ग्रुप बी, सी और डी के विजेताओं को शानदार पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार के रूप में हारमोनियम, द्वितीय पुरस्कार में तबला और तृतीय पुरस्कार में कैसियो प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 5 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के तौर पर टैबलेट दिए जाएंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सोहणा बीबा बच्चा का विशेष पुरस्कार रहेगा, जिसके विजेता को 'लैपटॉप' भेंट किया जाएगा।

बाहर से आने वालों के लिए विशेष व्यवस्था

कार्यक्रम में दूर-दराज से शामिल होने वाले बच्चों और उनके परिजनों के ठहरने की व्यवस्था 'बाबा बुड्ढा साहेब सराय' में की गई है। साथ ही कार्यक्रम के दौरान गुरु का अटूट लंगर भी बरताया जाएगा।

आस्था, जुनून और जज्बे की मिसाल: 45 डिग्री की गर्मी में पैदल खाटू श्याम धाम की ओर बढ़ रहा

■ **पीठ पर तिरंगा, हाथ में श्याम ध्वज, हजारों किलोमीटर की पदयात्रा से लोगों को दे रहा प्रेरणा**

बालोद/नवप्रदेश। जहां भीषण गर्मी और 45 डिग्री तापमान में लोग घरों से बाहर निकलने से भी बच रहे हैं, वहीं एक 24 वर्षीय युवक अपनी अटूट श्रद्धा और मजबूत संकल्प के साथ हजारों किलोमीटर की पदयात्रा पर निकला हुआ है। आंध्रप्रदेश के विजयनगरम से राजस्थान के सीकर स्थित प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर तक पैदल यात्रा कर रहा यह युवक इन दिनों बालोद जिले से गुजर रहा है और लोगों के बीच आकर्षण व प्रेरणा का केंद्र बना हुआ है।

युवक का नाम हर्ष कुमार सोनी है। मूल रूप से राजस्थान क्षेत्र से जुड़े हर्ष वर्तमान में काम के सिलसिले में आंध्रप्रदेश के विजयनगरम में रहते हैं। वहीं से उन्होंने खाटू श्याम बाबा के दर्शन के लिए पैदल यात्रा शुरू की है।

4 मई की रात शुरू हुई आस्था की यात्रा: हर्ष कुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी यात्रा 4 मई की रात करीब 10 बजे शुरू की थी। अब तक वे लगभग 15 दिनों का सफर तय कर चुके हैं और अभी करीब 25 दिन की यात्रा बाकी है। लगातार पैदल चलते हुए यह यात्रा करीब 15 दिनों में पूरी हो सकती थी, लेकिन विश्राम और सामान्य गति से चलते हुए उन्हें लगभग एक महीने का समय लगेगा।

पीठ पर जरूरी सामान, साथ में तिरंगा और श्याम ध्वज: हर्ष अपनी पीठ पर जरूरी



सामान से भरा बैग लेकर चल रहे हैं। उनके साथ एक तिरंगा और खाटू श्याम का ध्वज भी है, जिसे वे पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ लेकर चल रहे हैं। रास्ते में जहां भी लोग उन्हें देखते हैं, उनकी आस्था और देशभक्ति दोनों की सराहना करते नजर आते हैं।

न लिफ्ट, न वाहन, सिर्फ पैदल यात्रा: सबसे खास बात यह है कि हर्ष अपनी यात्रा में किसी प्रकार की लिफ्ट या वाहन का उपयोग नहीं करते। वे पूरी यात्रा पैदल ही तय कर रहे हैं। रात में मंदिरों, धर्मशालाओं या विश्राम गृहों में रुकते हैं। रास्ते में कई लोग उनकी श्रद्धा देखकर भोजन, पानी और ठहरने की व्यवस्था में सहयोग भी कर रहे हैं। भीषण गर्मी और पानी की परेशानी भी नहीं डिगा पा रही हिम्मतः हर्ष ने बताया कि गर्मी के कारण कई बार काफी परेशानी होती है। कुछ इलाकों में पानी की दिक्कत भी आती है, लेकिन खाटू श्याम बाबा के प्रति उनकी श्रद्धा उन्हें लगातार आगे बढ़ने की ताकत देती है। परिवार वाले भी उनके इस संकल्प से बेहद खुश हैं और उनका हौसला बढ़ा रहे हैं।

बालोद में लोगों ने की सराहना: बालोद जिले से गुजरते समय लोगों ने जब इस युवक को तपती सड़क पर लगातार पैदल चलते देखा तो हर कोई उसकी हिम्मत और विश्वास को देखकर प्रभावित हो गया। कई लोगों ने उन्हें रोककर हालचाल जाना और उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

युवाओं के लिए बन रहा प्रेरणा स्रोत: हर्ष कुमार सोनी की यह यात्रा सिर्फधार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह धैर्य, अनुशासन और मजबूत इच्छाशक्ति का भी उदाहरण बन गई है। आज के समय में जहां लोग छोटी परेशानियों से हार मान लेते हैं। वहीं हर्ष हजारों किलोमीटर की पदयात्रा कर यह संदेश दे रहे हैं कि अगर इरादे मजबूत हों तो कोई भी राह मुश्किल नहीं होती।

संक्षिप्त खबरें

कल और परसों घुमका में भाजपा का मेगा शो

घुमका/नवप्रदेश। घूमका नगर पंचायत चुनाव मे अब भाजपा खंदक की लड़ाई के लिए कमर कसकर समर मैदान में उतर चुकी है नगर

पंचायत पद की प्रत्याशी किरण वर्मा व 15 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों को विजयी बनाने योजनाबद्ध ढंग से अभियान को अंतिम रूप दे दिया गया है भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार कल 29 मई को शाम 4:30 बजे बाजार चौक घुमका में छालीवुड के लोकप्रिय अभिनेता विधायक अनुज शर्मा व क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडे की महिती जनसभा आयोजित की गई है इसी प्रकार 30 मई को शाम 5:00 बजे बाजार चौक घुमका में ही प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव व पूर्व क्षेत्रीय सांसद अभिषेक सिंह की महती जनसभा आयोजित की गई है घुमका नगर पंचायत चुनाव के संयोजक पूर्व सांसद व महापौर मधुसूदन यादव जिला भाजपा के महामंत्री सौरभ कोठारी व डिकेश साहू ने बताया कि पार्टी उक्त दोनों सभाओ की प्रारंभिक तैयारी पूरी कर ली है तथा पार्टी के जमीनी स्तर के सभी कार्यकर्ता चुनाव में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं ।

अधिक मास की एकादशी पर माहेश्वरी महिला मंडल ने बांटे 111 किलो फल

बालोद/नवप्रदेश। अधिक मास की एकादशी के पावन अवसर पर माहेश्वरी महिला मंडल, बालोद द्वारा ÷दिव्यम फल वितरण प्रोजेक्ट÷ के अंतर्गत सेवा और मानवता का प्रेरणादायक कार्य किया गया। मंडल की महिलाओं ने समाज के जरूरतमंद वर्गों तक पहुंचकर 111 किलो ताजे फलों का वितरण किया। महिला मंडल की सदस्याओं ने बालोद स्थित वृद्ध आश्रम, दिव्यांग केंद्र, जिला चिकित्सालय, सफाईकर्मी वर्ग तथा विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर बुजुर्गों, मरीजों, दिव्यांगजनों एवं स्वच्छता समूह की दीदियों से मुलाकात की और उन्हें फल वितरित कर कुशलक्षेम जाना।'सेवा परमो धर्म' के संकल्प के साथ किया सेवा कार्य-कार्यक्रम में महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती प्रेमा काबरा, सचिव श्रीमती किरण काबरा, जिला अध्यक्ष श्रीमती रीता टावरी, अखिल भारतीय सदस्य श्रीमती संगीता टुवानी सहित पल्लवी टावरी, ज्योति टावरी, ममता टावरी, प्रीति चांडक, यशोदा चांडक, श्वेता टावरी, भावना टावरी, रजनी टुवानी, रामेश्वरी टावरी, पूजा तापड़िया, संगीता टावरी एवं प्रेमा मुंदडा सहित अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर सभी बहनों ने ÷सेवा परमो धर्म÷ के संकल्प के साथ समाज के हर वर्ग तक सहयोग और संवेदना पहुंचाने का संदेश दिया।

कलेक्ट्रेट आफिस के पीछे उद्यान में असामाजिक तत्व बैठकर पी रहे शराब

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर आफिस के पीछे वन विभाग द्वारा लगभग सात, आठ एकड़ शासकीय भूमि में नीम,शीशम ,नीलगिरी का उद्यान तैयार किया गया है। वन विभाग द्वारा फिनिशिंग तार का घेरा नहीं होने के कारण पेड़ की कटाई एवं अवैध कब्जा कर मकान,खलिहाल ग्रामवासियों द्वारा बनाया जा रहा हैं। वन विभाग द्वारा इस उद्यान का किसी प्रकार से रख रखाव नहीं होने के कारण वर्तमान में यह उद्यान छायादार एवं घने होने से शहर एवं दूर दराज से मंदिरा पान करने वाले एवं प्रेमी प्रेमिका का सुरक्षित स्थान है। शाम होते ही रात्रि 9,10 बजे तक बगैर रोक टोक के शराब प्रेमी यहां बैठ कर शराब का सेवन करते है। ज्ञात हो कि कलेक्टर आफिस के पीछे खंभे में स्ट्रीट लाईट का न होना जिस वजह से अंधेरे का फायदा दूसरी बात रात्रि में पुलिस गश्त नहीं होना ही मंदिरा पान प्रेमियों का एकमात्र सुरक्षित स्थान एक लंबे समय से चले आ रहा है।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 37 वाहन चालकों पर कार्यवाही

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा पुलिस टीम द्वारा जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान के अंतर्गत बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, भारी वाहन, तेज गति से वाहन चलाना, दोपहिया पर मॉडिफाई साइलेंसर तथा शराब सेवन कर वाहन चलाने जैसे गंभीर उल्लंघनों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है इसी क्रम में 27 मई को थाना नांदघाट 05 चालान में 05 वाहन चालको, थाना चंदनू 04 चालान में 04 वाहन चालको, के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया।

अकीदत-और अमन के साथ मनाई गई ईदुल-अजहा

■ **ईदगाह में अदा हुई विशेष नमाज**

■ **अमन-चैन व मुल्क की तरक्की के लिए मांगी गई दुआएं**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिलेभर में ईदुल-अज़हा (बकरीद) का पर्व धार्मिक आस्था, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर की ईदगाह में सुबह तयशुदा वक्त पर विशेष नमाज़ अदा की गई, जहां बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। नमाज़ के दौरान पूरे मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली, तरक्की और भाईचारे के लिए खास दुआएं मांगी गईं।

जामा मस्जिद के सदर हाजी रईस अहमद शकील ने जानकारी देते हुए बताया कि ईदुल-अज़हा का पर्व त्याग, बलिदान और इंसानियत का संदेश देता है। इस मौके पर शहर के विभिन्न इलाकों से अकीदतमंद ईदगाह पहुंचे और

पूरी अकीदत के साथ नमाज़ अदा की। नमाज़ के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी, जिससे पूरे क्षेत्र में प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की मिसाल देखने को मिली।ईदगाह में नमाज़ के दौरान शहर इमाम क़ासिम रज़ा बरकाती साहब ने मुल्क में अमन, चैन, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए विशेष दुआ की। नमाज़ संपन्न होते ही ईद की मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हो गया और चारों तरफखुशियों का माहौल नजर आया। ईदुल-अज़हा के अवसर पर बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में खास उत्साह देखने को मिला। नए परिधानों में सजे बच्चे अपने परिजनों और रिश्तेदारों के साथ पर्व की खुशियां साझा करते नजर आए। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर ईद की बधाई दी और आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया। वहीं विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी मुस्लिम समाज को ईदुल-अज़हा की मुबारकबाद दी। कई स्थानों पर बकरीद मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जहां सभी समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देकर सामाजिक एकता और सद्भाव का परिचय दिया। नमाज़ के बाद मुस्लिम परिवारों में सुन्नत-ए-इब्राहीमी पर अमल करते हुए अल्लाह की राह में कुर्बानी देने का सिलसिला शुरू हुआ। इसके बाद जरूरतमंदों, गरीबों और रिश्तेदारों के बीच गोश्त का वितरण किया गया, जिससे पर्व की खुशियां सभी तक पहुंच सकें। जामा मस्जिद मुस्लिम समाज के मीडिया प्रभारी सैय्यद अफ़ज़ल अली ने बताया कि त्योहार को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए थे। बसंतपुर थाना प्रभारी ऐमन साहू एवं कोतवाली थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में पुलिस बल विभिन्न स्थानों पर तैनात रहा और पूरे समय सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद नजर आई।

ईदुल-अज़हा का यह पावन पर्व जिलेभर में प्रेम, भाईचारे, त्याग और इंसानियत का संदेश देते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

ईद पर मुस्लिम समाज की अनोखी पहल, गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की उठी मांग

राजनांदगांव/डोंगरगढ़/नवप्रदेश। ईद उल अजहा के पावन अवसर पर डोंगरगढ़ में मुस्लिम समाज द्वारा सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रीय एकता और गौ संरक्षण को लेकर एक अनोखी पहल देखने को मिली। मुस्लिम समाज के लोगों ने शहर के विभिन्न स्थानों पर बैनर लगाकर गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने तथा देशभर में संचालित बूचड़खानों को बंद किए जाने की मांग उठाई।

'एक ही आवाज' अभियान के जरिए दिया जागरूकता का संदेशः 'एक ही आवाज' शीर्षक से लगाए गए इन बैनरों में ÷गाय की रक्षा, राष्ट्र की रक्षा÷ जैसे संदेश प्रमुखता से लिखे गए हैं। बैनरों के माध्यम से समाज ने गौ संरक्षण को राष्ट्रहित से जोड़ते हुए लोगों से जागरूकता और संवेदनशीलता अपनाने की अपील की है।ईद उल अजहा जैसे धार्मिक पर्व के अवसर पर मुस्लिम समाज की इस पहल को शहर में चर्चा का

विषय माना जा रहा है। लोगों का कहना है कि यह कदम सामाजिक समरसता और भाईचारे का सकारात्मक संदेश देता है।

भाईचारे और राष्ट्रीय एकता का दिया संदेशः मुस्लिम समाज के सदस्यों ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार रही है। ऐसे में उसकी सुरक्षा और संरक्षण केवल किसी एक धर्म या समुदाय का विषय नहीं, बल्कि पूरे देश की जिम्मेदारी है।समाज की ओर से केंद्र सरकार से गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने तथा देशभर में बूचड़खानों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है।

धरमगढ़ समिति में 37 लाख की अवैध धान खरीदी का खुलासा

■ **समिति प्रबंधक और ऑपरेटर पर एफआईआर की तैयारी**

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले के उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी और भंडारण व्यवस्था की जांच के दौरान धरमगढ़ सेवा सहकारी समिति में बड़े पैमाने पर अनियमितता सामने आई है। प्रारंभिक जांच में करीब 1200 क्विंटल धान की फर्जी खरीदी का मामला उजागर हुआ है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 37 लाख रुपए बताई जा रही है। मामले को गंभीर वित्तीय अनियमितता मानते हुए संबंधितों

के खिलाफएफआईआर दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जांच के दौरान समिति प्रबंधक ललित सेंगर एवं ऑपरेटर राजकुमार ठाकुर की मौजूदगी में धान के बोरों का भौतिक सत्यापन किया गया।

सुशासन तिहार में पशुधन विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिला: ऋषि शास्त्री

■ **बेजुबान पशुओं की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित 'सुशासन तिहार' में उस समय अव्यवस्था की स्थिति सामने आई, जब बेजुबान पशुओं की समस्याओं को लेकर पहुंचे कांग्रेस नेता एवं पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री को वहां पशुधन विभाग का एक भी जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं मिला। इसे लेकर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि शासन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए शिविर आयोजित कर रहा है, लेकिन पशुपालकों और मूक

पशुओं से जुड़े मामलों के लिए जिम्मेदार विभाग की अनुपस्थिति सरकार की गंभीर लापरवाही को दर्शाती है।ऋषि शास्त्री ने सुशासन तिहार प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए जिला पशु चिकित्सालय राजनांदगांव से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। उन्होंने बताया कि जिला पशु चिकित्सालय परिसर में डीएमएफ मद से लगभग 20 लाख रुपए की लागत से नवीन शल्य क्रिया भवन का निर्माण करीब दो वर्ष पहले पूरा हो चुका है, लेकिन अब तक उसका लोकार्पण नहीं किया गया है। इसके चलते भवन का उपयोग शुरू नहीं हो पाया और पशुपालकों को आधुनिक उपचार सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि जिले में लगातार सड़क दुर्घटनाओं, बीमारी और अन्य कारणों से बड़ी संख्या में पशु घायल हो रहे हैं। कई मामलों में समय पर उपचार नहीं मिलने से पशुओं की मौत तक हो जाती है।

कवर्धा नगर पालिका की कार्रवाई पर उठे सवाल, लोगों ने कहा- अन्याय बर्दाश्त नहीं

कवर्धा/ नवप्रदेश। भारत माता चौक से समनापुर तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण कार्य में कवर्धा नगर पालिका द्वारा बिना उचित नाप-जोख, बिना नोटिस और बिना वैधानिक प्रक्रिया अपनाए कई पीड़ित परिवारों के मकानों एवं दुकानों पर बुल्डोजर चलाने

की कार्रवाई की जा रही है। आरोप है कि अतिक्रमण की सीमा से बाहर निजी नजूल एवं भू-भाटक की जमीनों पर भी मनमाने ढंग से निशान लगाकर तोड़फोड़ की जा रही है। स्थानीय नागरिकों एवं पीड़ित परिवारों में इस कार्रवाई को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि संविधान ने प्रत्येक नागरिक को अपनी बात रखने और न्याय मांगने का अधिकार दिया है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन द्वारा पूरे क्षेत्र में दबाव और गुंडागर्दी का माहौल बनाया जा रहा है। पीड़ित परिवारों ने चेतावनी दी है कि यदि बिना निष्पक्ष जांच, नाप-जोख और उचित नोटिस के इस प्रकार की कार्रवाई जारी रही तो इसका कड़ा विरोध किया जाएगा।

मायके पहुंची महिला से मारपीट और अभद्रता का आरोप

■ **पुलिस आरक्षक समेत 8 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। दुर्ग जिले की रहने वाली एक महिला ने अपने मायके ग्राम उसरीबोड़ में उसके साथ गाली-गलौज, मारपीट, साड़ी खींचने, बाल पकड़कर घसीटने तथा जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला ने मामले में पुलिस आरक्षक सहित 8 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदिका श्रीमती प्रेमलता साहू, निवासी सांई विलास क्लासिक-2, जंजगिरी, थाना कुम्हारी, जिला दुर्ग ने शिकायत में बताया कि 7 मार्च 2026 को वह अपने बीमार भाई थान सिंह साहू के बुलावे पर भिलाई-चरौदा से खाना लेकर अपने मायके ग्राम उसरीबोड़ पहुंची थी। उनके भाई की तबीयत खराब थी और आंखों से कम दिखाई देने के कारण वह स्वयं आने में असमर्थ थे।

महिला ने बताया कि पूर्व में कोयला, जीमीकांदा और अन्य सामान ले जाने को लेकर परिवार में विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर गांव पहुंचने पर पड़ोस में रहने वाले डुमन साहू ने ताना कसते हुए विवाद शुरू कर दिया। शिकायत के अनुसार करीब दो घंटे बाद जब वह वापस घर पहुंची तो वहां मौजूद अनावेदकों ने कथित रूप से कोयला और अन्य सामान को लेकर विवाद करते हुए उनके साथ अभद्र व्यवहार किया।

आवेदिका ने आरोप लगाया कि डुमन साहू, पुष्पा साहू, भुनुराम साहू, मोहेन्द्र साहू एवं पूर्णिमा साहू सहित अन्य लोगों ने एकराय होकर उनके साथ मां-बहन की गंदी गालियां दीं, साड़ी खींची, बाल पकड़कर घसीटा तथा हाथ-मुक्कों से मारपीट की। महिला का आरोप है कि इस दौरान लोहे की रॉड से हमला करने का प्रयास भी किया गया और मोबाइल छीनकर कुएं में फेंकने की कोशिश की गई।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपियों ने उन्हें ÷जमीन में गाड़ देने÷ और दोबारा गांव आने पर ÷जिंदा नहीं छोड़ने÷ जैसी धमकियां दीं। घटना में उनके हाथ और सिर में चोट आने की बात कही गई है, जिसका निजी चिकित्सक से इलाज कराने का दावा भी किया गया है।

महिला ने आरोप लगाया कि मामले की शिकायत थाना सुरगी में करने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

चुनाव: महापौर मधुसूदन यादव ने किया जनसंपर्क, कहा- भाजपा की जीत तय

घुमका में भाजपा के पक्ष में बन रहा जबरदस्त माहौल

घुमका/नवप्रदेश। नगर पंचायत घुमका चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा के चुनाव संयोजक, पूर्व सांसद, महापौर एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता मधुसूदन यादव लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क, बैठकें एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कर पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बना रहे हैं। भीषण गर्मी और व्यस्त राजनीतिक कार्यक्रमों के बावजूद भाजपा नेता लगातार वार्डों एवं मोहल्लों में पहुंचकर जनता से सीधा संपर्क कर रहे हैं।

इस दौरान भाजपा की नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी किरण

वर्मा के पक्ष में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए मधुसूदन यादव ने कहा कि घुमका के विकास, स्वच्छ प्रशासन और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए भाजपा की जीत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य लगातार किया जा रहा है और नगर पंचायत घुमका में भी विकास की नई दिशा भाजपा ही दे सकती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी किरण वर्मा को जनता का भरपूर समर्थन एवं आशीर्वाद मिल रहा है। महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों में भाजपा के प्रति विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। जनता अब विकास, पारदर्शिता और मजबूत नेतृत्व के पक्ष में मतदान करने का मन बना चुकी है।

मधुसूदन यादव ने दावा किया कि नगर पंचायत घुमका में भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी और अध्यक्ष पद सहित अधिकांश वार्डों में भाजपा समर्थित प्रत्याशी विजयी होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास के बल पर भाजपा का विजय रथ लगातार आगे बढ़ रहा है।

श्री यादव ने आगे कहा कि भाजपा की जीत इसलिए भी सुनिश्चित और सुरक्षित महसूस होती है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा जमीन से जुड़े मुद्दों, आम जनता की तकलीफों और मूलभूत आवश्यकताओं को प्रत्यक्ष रूप से महसूस कर कार्य किया है।

भीड़-भाड़ वाले स्थानों, सार्वजनिक स्थलों में विशेष चेकिंग और पैदल गश्त पेट्रोलिंग जारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा जिले में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा सतत विजिबल पुलिसिंग, संवेदनशील क्षेत्रों एवं अड्डेबाजी स्थलों पर लगातार पैदल गश्त पेट्रोलिंग तथा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में दिनांक 27 मई को थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक सोनल ग्वाला, पुलिस चौकी देवकर प्रभारी उप निरीक्षक अलील चंद, सउनि जितेन्द्र कश्यप, भलेतेनुस पन्ना, छोटेलाल बंजारे, प्रधान आरक्षक

ललित केरकेट्टा, आरक्षक पुरुषोत्तम कुंभकार, चुरावन पाल, मुकेश पाल, शिव कुमार सेन सहित पेट्रोलिंग टीम एवं अन्य पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्र में व्यापक पैदल गश्त एवं चेकिंग की गई।थाना बेमेतरा एवं चौकी देवकर पुलिस टीम द्वारा होटल, ढाबों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, सार्वजनिक स्थलों एवं सुनसान क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान जमावड़ा लगाकर नशा करने वालों, गुटबाजी एवं अड्डेबाजी करने वालों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की गई।

न्यूज गैलरी

बसना पुलिस ने बाइक से गांजा तस्करी करते युवक को पकड़ा

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने बाइक से गांजा परिवहन कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब ढाई लाख रुपये कीमत का 5.100 किलो गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफएनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पदमपुर रोड से बसना की ओर एक पल्सर बाइक आती दिखाई दी। पुलिस टीम ने वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक बाइक मोड़कर भागने की कोशिश करने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अब्दुल खान (34) निवासी अब्दुल्लाह टावर सीएचएस लिमिटेड, लोधा रोड, भयंडर, जिला ठाणे (महाराष्ट्र) बताया। तलाशी लेने पर उसकी बाइक से 5.100 किलो गांजा बरामद किया गया। इसके अलावा तस्करी में प्रयुक्त पल्सर बाइक और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

शराब पीने से मना करने पर पत्नी को डंडे से पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना थाना क्षेत्र में शराब पीने से मना करने पर पति द्वारा पत्नी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को खुसरूपाली निवासी ललिता बारिक ने बताया कि उसका पति सरजू बारीक रोज शराब पीकर घर आता है और विवाद करता रहता है। 23 मई की रात भी वह शराब के नशे में घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। पत्नी द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने डंडे से मारपीट की। घटना में महिला के सिर, मुंह, पीठ और गर्दन में चोटें आई हैं। पीड़िता की शिकायत पर बसना पुलिस ने आरोपी के खिलाफबीएनएस की धारा 115(2) एवं 296 के तहत अपराध दर्ज किया है।

जमीन विवाद में दुकानदार को जान से मारने की धमकी, एफआईआर दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम झगरेनडीह में जमीन विवाद को लेकर एक दुकानदार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को झगरेनडीह निवासी हरिचरण प्रधान (58) ने बताया कि 26 मई की शाम करीब 4.30 बजे वह अपनी किराना दुकान में बैठा था। इसी दौरान पड़ोसी अनिमेष प्रधान वहां पहुंचा। दोनों के बीच जमीन संबंधी विवाद चल रहा है। आरोप है कि अनिमेष प्रधान ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर सांकरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफबीएनएस की धारा 296 एवं 351(2) के तहत मामला दर्ज किया है।

निधनः कार्तिक राम शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक,लालसोट ब्राम्हण समाज के वरिष्ठ सदस्य, श्री कार्तिक राम शर्मा का 97 वर्ष की आयु में गुरुवार को दोपहर निधन हो गया। वे रमेश,नरेश सुरेश,महेश एवं योगेश शर्मा के पिताजी एवं दुर्गेश, अस्मित,एवं मृदुल के दादा जी थे। वे ऋषिकेश ब्रह्मचारी के दादा जी थे। श्री कार्तिक राम शर्मा अपने पीछे 03 बेटियां समेत पौत्र,परपौत्र अग्रांश एवं पुष्कर राज शर्मा समेत भरा पूरा परिवार छोड़कर बैकुंठ धाम को प्रस्थान किया।उनकी अंतिम यात्रा आज शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे उनके निज निवास शंकरवार्ड से मारवाड़ी मुक्तिधाम रामसागर पारा को जाएगी।

कुकदा डैम बना मौत का कुंड : नहाने उतरे युवक-युवती की डूबने से मौत

■ **रायपुर से घूमने आए थे**

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के पांडुका थाना क्षेत्र में स्थित पैरी नदी के बीच बने कुकदा डैम में एक बार फिर दर्दनाक हादसा हो गया। रायपुर से घूमने पहुंचे चार दोस्तों में से एक युवक और एक युवती की डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई।

पांडुका पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर से चार दोस्त कुकदा डैम घूमने पहुंचे थे। इनमें 22 वर्षीय सिंपी और 23 वर्षीय पीयूष मंडल समेत तीन युवक और एक युवती शामिल थे। बताया जा रहा है कि शाम करीब 5 बजे सभी डैम में नहाने के लिए उतरे थे। इसी दौरान गहरे पानी में जाने से सिंपी और पीयूष डूबने लगे। साथियों ने बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज गहराई और पानी के बहाव के चलते दोनों को नहीं बचाया जा सका।

घटना की सूचना मिलते ही पांडुका पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद दोनों के शव पानी से बाहर निकाले गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आगे की जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कुकदा डैम पहले भी कई लोगों की जान ले चुका है। सिंचाई विभाग की ओर से डैम के आसपास बड़े-बड़े चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं, नीचे उतरने और नहाने पर रोक के निर्देश भी लिखे गए हैं। सुरक्षा के लिए तार घेराबंदी भी की गई है, लेकिन लोग खतरे को नजरअंदाज कर सीधे पानी में उतर जाते हैं। डैम की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाने के कारण अक्सर हादसे हो जाते हैं। बार-बार हो रहे हादसों के बाद अब लोगों ने प्रशासन से यहां और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करने, निगरानी बढ़ाने और खतरनाक हिस्सों में सख्ती से रोक लगाने की मांग की है।

डीएलएड प्रवेश परीक्षा 2026 के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

गरियाबंद/नवप्रदेश। व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा द्वारा आयोजित डी.एल.ई.डी. 2026 प्रवेश परीक्षा का आयोजन 04 जून 2026 (गुरुवार) को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:15 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा के सफल संचालन के लिए कलेक्टर श्री बीएस उइके ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है।

अपराधः एलपीजी गबन कांड में बड़ा खुलासाः अब आमने-सामने बैठाकर होगी पूछताछ

कोल्हापुर से दबोचे गए ठाकुर पेट्रोकेमिकल्स के मालिक-पुत्र

■ **करोड़ों के एलपीजी घोटाले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, मास्टरमाइंड से लेकर राजनीतिक कनेक्शन तक खुल रहे राज**

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में करोड़ों रुपये के बहुचर्चित एलपीजी गबन कांड में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। लंबे समय से फरार चल रहे ठाकुर पेट्रोकेमिकल्स के मालिक संतोष सिंह ठाकुर और उनके पुत्र व कंपनी के डायरेक्टर सार्थक सिंह ठाकुर को पुलिस ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर से गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर महासमुंद लाया गया है, जहां अब पुलिस उनसे गहन पूछताछ कर रही है।

सूत्रों के मुताबिक पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने कई अहम राज उगले हैं। इसके बाद पुलिस अब इस पूरे मामले के कथित मास्टरमाइंड सस्पेंडेड जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव, भाजपा नेता पंकज चंद्राकर, पेट्रोकेमिकल्स के मैनेजर निखिल वैष्णव, व्यापारी मनीष चौधरी समेत सभी आरोपियों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की तैयारी कर रही है। माना जा रहा है कि इस पूछताछ के बाद पूरे नेटवर्क और पैसों के लेन-देन से जुड़े कई बड़े खुलासे हो सकते हैं।

फरारी के दौरान बदलते रहे शहर, मोबाइल और सिम

पुलिस के अनुसार फरार आरोपी संतोष सिंह ठाकुर और सार्थक सिंह ठाकुर पिछले एक महीने से लगातार अपने ठिकाने बदल रहे थे। दोनों अलग-अलग राज्यों और शहरों में छिपकर रह रहे थे तथा पुलिस से बचने के लिए बार-बार मोबाइल नंबर और सिम कार्ड बदल रहे थे। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने 11 शहरों के मोबाइल टॉवर डंप, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), टोल प्लाजा डेटा, बैंकिंग और फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन तथा सोशल मीडिया गतिविधियों की गहन जांच की। इसके बाद मिले तकनीकी सुरागों के आधार पर चार अलग-अलग टीमों को विभिन्न राज्यों में रवाना किया गया। लगातार निगरानी और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आखिरकार दोनों आरोपियों को महाराष्ट्र के कोल्हापुर स्थित एक होटल से गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस जांच में बड़ा दावाः खाद्य अधिकारी ने रची पूरी साजिश, भाजपा नेता ने निभाई अहम भूमिका

पुलिस कप्तान प्रभात कुमार एएसपी प्रतिभा पाण्डेय ने संयुक्त रूप से बताया कि जांच में सामने आया है कि इस पूरे एलपीजी गबन कांड की पटकथा तत्कालीन जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने तैयार की थी। जांच एजेंसियों का दावा है कि अजय यादव पर्दे के पीछे रहकर पूरे खेल को संचालित कर रहा था, जबकि भाजपा नेता पंकज चंद्राकर ने सौदेबाजी और नेटवर्किंग में मुख्य भूमिका निभाई। वहीं व्यापारी मनीष चौधरी ने कथित रूप से मध्यस्थ की भूमिका निभाई और विभिन्न पक्षों के बीच सौदे को अंतिम रूप दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाई। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क के वित्तीय लेन-देन और अन्य विभागीय अधिकारियों की संलिप्तता की भी जांच कर रही है।

1.30 करोड़ से शुरू हुआ सौदा, 90 लाख में हुई डील : पुलिस के अनुसार छह गैस कैप्सूलों में भरी एलपीजी गैस को बेचने के लिए शुरुआत में करीब 1 करोड़ 30 लाख का रेट तय की गई थी। खाद्य अधिकारी अजय यादव के कहने पर भाजपा नेता पंकज चंद्राकर ने कई व्यापारियों से संपर्क किया, लेकिन उन्होंने इस सौदे से दूरी बना ली। इसके बाद भाजपा नेता पंकज चंद्राकर ने व्यापारी मनीष चौधरी से संपर्क साधा। दोनों ने मिलकर ठाकुर पेट्रोकेमिकल्स के मालिक संतोष सिंह ठाकुर और डायरेक्टर सार्थक सिंह ठाकुर से बातचीत शुरू की। लगभग एक सप्ताह तक चले मोलभाव के बाद सौदा करीब 90 लाख रुपये में तय हुआ।

पुलिस के अनुसार इस रकम के बंटवारे का भी पूरा खाका तैयार था। बताया जा रहा है कि इसमें लगभग 50 लाख रुपये अजय यादव, 20 लाख रुपये भाजपा नेता पंकज चंद्राकर और 20 लाख रुपये मनीष चौधरी को मिलने थे। हालांकि मनीष चौधरी अब तक खुद को केवल 10 लाख रुपये मिलने की बात बता रहा था। जांच में यह भी सामने आया है कि पैसों का लेन-देन ग्राम परसवानी स्थित भाजपा नेता पंकज चंद्राकर के कारखाने आस्था ट्राली में होता था।

कई गंभीर धाराओं में दर्ज है मामला

पुलिस ने इस पूरे मामले में आपराधिक न्यास भंग, आपराधिक षड्यंत्र, कूटरचना, कालाबाजारी, शासकीय संपत्ति के दुरुपयोग समेत कई गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। इससे पहले पुलिस जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव, भाजपा नेता पंकज चंद्राकर, व्यापारी मनीष चौधरी और पेट्रोकेमिकल्स के मैनेजर निखिल वैष्णव को गिरफ्तार कर चुकी है।

ऐसे सामने आया था पूरा खेल

यह पूरा मामला उस समय सामने आया जब सिंघोड़ा थाना क्षेत्र में एलपीजी गैस से भरे छह कैप्सूल ट्रकों से गैस चोरी करते हुए सरायपाली एसडीएम ने आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया था। सुरक्षा कारणों से गैस से भरे कैप्सूलों को सिंघोड़ा थाना परिसर में खड़ा कराया गया था। बाद में पुलिस प्रशासन ने इन टैंकरों को सुरक्षित रखने के लिए कलेक्टर को सुपुर्दनामा भेजा। कलेक्टर ने इसकी जिम्मेदारी खाद्य विभाग को सौंपी। जांच एजेंसियों का दावा है कि यहीं से तत्कालीन जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने पूरी साजिश रची और गैस कैप्सूलों को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी ठाकुर पेट्रोकेमिकल्स को सौंप दी गई। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि सुपुर्दनामा मिलने के बाद गैस कैप्सूलों से एलपीजी निकालकर उसे बेच दिया गया। जांच एजेंसियों के मुताबिक करीब 87 टन एलपीजी गैस की हेराफेरी की गई, जिसकी कीमत लगभग 77 लाख रुपये आंकी गई है।

साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। जमदरहा के साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को जमदरहा निवासी हरिराम बरिहा (40) ने बताया कि वह 19 मई की शाम करीब 5.30 बजे अपनी हीरो एचएफ डिलक्स बाइक क्रमांक सीजी 06 जीसी 8445 से गांव के साप्ताहिक बाजार गया था।

उसने बाइक बाजार पड़ाव के पास पीपल पेड़ के नीचे खड़ी की थी। बाजार से वापस लौटने पर वहां बाइक नहीं मिली। आसपास तलाश करने के बाद भी वाहन का पता नहीं चल सका।

मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। महासमुंद। कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से देशी मसाला और प्लेन शराब के साथ बाइक भी जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार तुमाडबरी नहर पुलिया के पास जांच के दौरान वार्ड क्रमांक-11 मछली मार्केट के पास नयापारा महासमुंद निवासी हेमंत रात्रे को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 20 पौवा देशी मसाला शराब और 5 अध्दी देशी प्लेन शराब बरामद हुई।

जंगल किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी तेंदुए के हमले से मौत, दो दिन बाद मिली लाश

■ **वन विभाग की ओर परिवार को 25 हजार रुपए प्रदान किया गया**

नगरी/नवप्रदेश। विकासखंड नगरी के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत जैतपुरी के आश्रित ग्राम कोडमूड में जंगल किनारे एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि युवक की मौत तेंदुए के हमले से हुई है। घटना के बाद गांव में भय का माहौल बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोडमूड निवासी चौंताराम मंडावी पिता सराधू मंडावी, उम्र लगभग 45 वर्ष, मंगलवार की रात भोजन करने के बाद घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने पहले आसपास खोजबीन की, मगर उनका कोई पता नहीं चला। गुरुवार को ग्रामीणों और परिजनों ने दोबारा जंगल की ओर तलाश शुरू की। इस दौरान जंगल के रास्ते में खून के निशान दिखाई दिए, जिनका पीछा करते हुए कुछ दूरी पर चौंतराम मंडावी का शव बरामद किया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि शव की स्थिति देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि किसी जंगली जानवर, संभवतः तेंदुए ने हमला कर युवक को मौत के घाट उतार दिया। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के जंगलों में एक साल पहले एक कमार परिवार के बच्चे को उठा ले गया और तो और कई मवेशियों और जानवरों को तेंदुआ अपना शिकार बना चुका है। शाम ढलते ही सड़क किनारे और गांव के आसपास तेंदुए की मौजूदगी कई लोगों द्वारा देखे जाने की बात भी कही गई है। बताया जा रहा है कि मृतक अविवाहित था और अपनी वृद्ध माता के साथ अलग रहकर खेती-किसानी कर जीवन यापन करता था। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया रात्रि में वही गर्मी की दिनों कारण जगल के पत्थर में सोते थे तेंदुए 150 मीटर दूरी पर ले जाकर घटनास्थल को आजम दिया उसकी चिन्ह मिले हैं जिसमें जिसको देखने से स्पष्ट लग रहा है कि तेंदुए ने हमले से मौत हुई परिवार 25000 रु राशि प्रदान किया गया है वन विभाग द्वारा आसपास के क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई जा रही है, वहीं ग्रामीणों को जंगल की ओर अकेले न जाने की सलाह दी गई है। साथ पुलिस विभाग पंचनामा तैयार कर पीएम कर उसके साहब को परिजनों को सौंप दिया गया ।

सुशासन तिहार में जनता के बीच पहुंचे भाजपा नेता शिवरतन शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बोडतरा में आयोजित समाधान शिविर में भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा शामिल हुए । इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, अन्य विभिन्न योजनाओ के हितग्राहियो को सामग्री, चेक एवं प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए गए।

इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चल रहा ÷सुशासन तिहार÷ शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य गांव-गांव तक पहुंचकर आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, उन्होंने बताया कि भाटापारा विधानसभा में सड़कों, पेयजल, सिंचाई, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े कई बड़े विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में अधोसंरचना विकास के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। महतारी वंदन योजना, पीएम आवास योजना और पीएम जनमन योजना जैसी योजनाओं से क्षेत्र के हजारों लोगों को लाभ मिल रहा है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि जनसेवा और पारदर्शी प्रशासन ही सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

ग्राम पंचायतों को केवल कागजी अधिकार लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए दुर्भाग्य, सरपंचों ने बताई अपनी व्यथा

■ **सरपंच संघ ने जिला प्रशासन को दिया 15 दिन का अल्टीमेटम**

कुरूद/नवप्रदेश। पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों में हस्तक्षेप एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कुरुद ब्लॉक सरपंच संघ ने प्रशासन को 15 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि पंचायतों को केवल कागजी अधिकार देकर वास्तविक निर्णय प्रक्रिया से दूर रखा जा रहा है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

जनपद पंचायत के सभा कक्ष में हुई बैठक में कुरुद ब्लॉक के 76 सरपंचों ने भाग लिया, जिनमें से अधिकांश सत्ता पक्ष से जुड़े हुए है। बैठक में ग्राम पंचायतों की लगातार हो रही उपेक्षा, विकास कार्यों मेंअनावश्यक विलंब, राशन कार्ड, पेंशन एवं जॉब कार्ड जैसे महत्वपूर्ण कार्य पंचायत प्रतिनिधियों की जानकारी के बिना सीधे विभागीय स्तर पर किए जाने, मनरेगा कार्यों का मूल्यांकन एवं भुगतान प्रक्रिया में देरी जैसे मुद्दे को लेकर सारे सरपंच एक शुर में सरकार और प्रशासन को घेरने लगे।

सरपंच संघ अध्यक्ष हरिशंकर साहू ने बताया कि काफी भागदौड़ करने के बाद 15वें वित्त का पैसा मिला, जबकि केन्द्र सरकार ने बहुत पहले ही इसे जारी कर दिया था। अब तक हमें 16 वें वित्त का पैसा मिल जाना था, लेकिन राज्य ने केंद्र को पहले का ही हिसाब नहीं दिया है। बैठक में कुछ सरपंचों ने आरोप लगाया गया कि पंचायतों से जुड़े निर्माण कार्य, मनरेगा कार्यों का मूल्यांकन एवं भुगतान प्रक्रिया अत्यंत धीमी गति से चल रही है, जिससे ग्रामीण विकास प्रभावित हो रहा है।

श्रमिकों को समय पर मजदूरी नहीं मिल पा रही है। वहीं राशन कार्ड, पेंशन एवं जॉब कार्ड जैसे महत्वपूर्ण कार्य पंचायत प्रतिनिधियों की जानकारी के बिना सीधे विभागीय स्तर पर किए जा रहे हैं, जो पंचायत राज व्यवस्था की मूल भावना के खिलाफ है। जिला सरपंच संघ धमतरी अध्यक्ष टिकेश साहू, पूर्णिमा साहू, जयमित्र साहू, पन्ना चंद्राकर, चेतन देवांगन, योगेश साहू, देशांत सिन्हा, पूरण धृतलहरे, पुष्पलता साहू, देवीचरण चंद्राकर, ज्योति मांडवी,आदि सरपंचों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पंचायतों को केवल कागजी अधिकार देकर वास्तविक निर्णय प्रक्रिया से दूर रखा जा रहा है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान 31 को

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्था श्री दक्षिणमुखी सुंदरकांड मंदिर समिति द्वारा आगामी 31 मई को नगर के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। समिति द्वारा यह आयोजन लगातार तीसरे वर्ष किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं नगरवासियों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल धार्मिक कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, संस्कार और समाज सेवा के माध्यम से समाज में सकारात्मक वातावरण तैयार करना भी है। इसी उद्देश्य के तहत हर वर्ष शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाता है।

समिति के अनुसार, इस वर्ष भी नगर एवं आसपास क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह एवं प्रोत्साहन सामग्री देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, अभिभावकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहेगी। श्री दक्षिणमुखी सुंदरकांड मंदिर समिति नगर में धार्मिक गतिविधियों के लिए भी विशेष पहचान रखती है। समिति के सदस्य प्रत्येक मंगलवार को नगर के अलग-अलग घरों में जाकर सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ का आयोजन करते हैं। इस आयोजन में श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी की आराधना करते हैं। समिति का यह धार्मिक अभियान वर्षों से निरंतर जारी है और इससे नगर में भक्ति एवं सामाजिक एकता का वातावरण बना हुआ है। धार्मिक आयोजनों के साथ समिति समाज सेवा के कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। जरूरतमंद एवं गरीब परिवारों की सहायता, आर्थिक सहयोग तथा अन्य मानवीय कार्यों में समिति के सदस्य बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। समिति का कहना है कि समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करना ही सच्ची सेवा है। समिति के सदस्यों ने नगरवासियों से अपील की है कि वे 31 मई को आयोजित सम्मान समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करें।

पेज 1 का शेष...

कांकेर में बेसहारा शिशु को...

हुआ था। इसके बाद बच्चे का रेफरल कर रिजर्व किया गया। सतवानी दम्पत्ति ने बालक से मुलाकात की और तुरंत बच्चे को स्वीकार करते हुए दत्तक ग्रहण संबंधी कानूनी प्रक्रिया का पालन किया गया। इस दौरान उन्होंने बच्चे की हर एक बाल क्रिया जैसे- बच्चे का करवट बदलना, मुस्कुराना, पलटना आदि क्रियाओं को दत्तक ग्रहण के कर्मचारियों से संकलित की।

आईईडी विस्फोट में गंवाया...

आज हादसे के 15 साल बाद भी हूंगा तेलाम सरकार से उचित मुआवजे और न्याय की आस लगाए बैठा है।

सीबीएसई की जिम्मेदारी..

हाई-लेवल मीटिंग की। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक, बैठक में स्कूल शिक्षा सचिव संजय कुमार, सीबीएसई चेयरपर्सन राहुल सिंह, आईआईटी मद्रास और आईआईटी कानपुर के डायरेक्टर, शिक्षा मंत्रालय, केंद्रीय विद्यालय संगठन, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और सीबीएसई के सीनियर अधिकारी शामिल हुए।

होर्मुज पर कंट्रोल बर्दाश्त...

बताया झूठ- व्हाइट हाउस ने ईरानी मीडिया की शांति समझौते वाली रिपोर्ट को पूरी तरह फर्जी और मनगढ़ंत बताया। अमेरिका ने कहा कि दोनों देशों के बीच किसी भी तरह का आधिकारिक ड्राफ्ट तैयार नहीं हुआ है। ईरान ने भारतीय नाविकों को छोड़ा- ईरान ने लंबे कूटनीतिक प्रयासों के बाद जुलाई 2025 से हिरासत में रखे गए 10 भारतीय नाविकों को रिहा कर दिया। सभी नाविक जल्द भारत लौटेंगे और फिलहाल सुरक्षित बताए गए हैं।

पद्म विभूषण तीजन बाई...

गया। जांच रिपोर्ट में उनके फेफड़ों में पानी भरने और निमोनिया की शिकायत सामने आई है। साथ ही उनका ब्लड प्रेशर भी काफी कम दर्ज किया गया। हालांकि समय पर एम्बुलेंस से एम्स पहुंचाने और तत्काल इलाज शुरू होने के बाद अब उनकी स्थिति पहले से बेहतर बताई जा रही है और डॉक्टरों के अनुसार वे फिलहाल खतरे से बाहर हैं।

तीजन बाई के स्वास्थ्य को लेकर उनके परिवार, प्रशंसकों और कला प्रेमियों में चिंता का माहौल है। लोग उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। डॉक्टरों की विशेष टीम लगातार उनकी निगरानी कर रही है।

पंडवानी को दिलाई वैश्विक पहचान

तीजन बाई छत्तीसगढ़ की लोककला पंडवानी की सबसे प्रतिष्ठित कलाकारों में गिनी जाती हैं। उन्होंने अपनी दमदार आवाज और अनूठी प्रस्तुति शैली से इस लोककला को राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। पंडवानी की कपालिक शैली में प्रस्तुति देने वाली वह पहली महिला लोकगायिका बनीं।

उनका जन्म 8 अगस्त 1956 को दुर्ग जिले के पाटन ब्लॉक के अटारी गांव में हुआ था। जन्म के दिन तीज पर्व होने के कारण उनका नाम तीजन रखा गया। वर्ष 1980 में उन्होंने सांस्कृतिक राजदूत के रूप में इंग्लैंड, फ्रांस, स्विट्जरलैंड, जर्मनी, तुर्किये, माल्टा, साइप्रस, रोमानिया और मॉरीशस सहित कई देशों की यात्राएं कर पंडवानी कला का प्रदर्शन किया।

देश-विदेश में मिले कई सम्मानः तीजन बाई को कला जगत में उनके योगदान के लिए कई प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है। उन्हें वर्ष 1988 में पद्मश्री, 1995 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, 2003 में पद्म भूषण और वर्ष 2019 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्हें नृत्य शिरोमणि सम्मान, खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय की मानद डी.लिट उपाधि और जापान का प्रतिष्ठित फुकोका पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है।

इस्तीफा के बाद बोले-सिद्धारमैया ...

पर मंत्रियों के साथ बैठक की और फैसले की जानकारी दी। बैठक के दौरान डीके शिवकुमार ने सिद्धारमैया के पैर छुए, जिसके बाद दोनों गले मिले।

भारत-ऑस्ट्रेलिया रिश्तों में नई...

ऑस्ट्रेलिया में भारत के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अल्बनीज के संबोधन का वीडियो साझा किया। उन्होंने लिखा कि जब ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री भारत के बारे में इतनी मजबूती और उत्साह के साथ बात करते हैं, तो भारत में उच्चायुक्त के रूप में काम करना और भी गर्व की बात बन जाता है।

वनांचल के बेटे ने बढ़ाया प्रदेश...

के लिए गौरव और प्रेरणा का क्षण बताया।

घुसपैठियों पर शाह का सख्त...

हुए कहा कि उन्होंने सिर्फसात दिनों में 600 हेक्टेयर जमीन बीएसएफको सौंप दी और इसके साथ ही चिकन नेक क्षेत्र की 121 हेक्टेयर भूमि भी बीएसएफ को दे दी गई है, जो सीमा सुरक्षा के दृष्टिकोण से अहम कदम है।

सीसीपीएल सीजन-3 का रोमांच 3 जून से, मौनी रॉय बिखेरेंगी जलवा!

■ **फ्री एंट्री के साथ दर्शकों पर होगी इनामों की बारिश**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है! छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित 'छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग' का तीसरा सीजन आगामी 3 जून से शुरू होने जा रहा है। नया रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 14 जून तक चलने वाले इस महामुकाबले में न सिर्फ चौके-छक्कों की बरसात होगी, बल्कि स्टेडियम पहुंचने वाले दर्शकों की भी चांदी होने वाली है। इस बार दर्शकों के लिए एंट्री पूरी तरह फ्री रखी गई है, और मैच देखने आने वाले भाग्यशाली प्रशंसकों को हर दिन चमचमाती बाइक से लेकर हजारों रुपए के कैश प्राइज जीतने का मौका मिलेगा।

मुख्य आकर्षण

- **टूर्नामेंट की अवधि:** 3 जून से 14 जून 2026 तक।
- **स्थान:** शहीद वीर नारायण सिंह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर।
- **ओपनिंग मैच:** 3 जून, रात 9:00 बजे (रायपुर राइनोज बनाम राजनांदगांव पैंथर्स)।
- **ओपनिंग सेरेमनी:** 3 जून, शाम 7:30 बजे से (बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय की लाइव परफॉर्मेंस)।
- **टिकट पॉलिसी:** सभी मैच बिल्कुल फ्री, लेकिन ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा।

टिकट मुफ्त, लेकिन एंट्री के लिए यह नियम जरूरी

आयोजकों के अनुसार, मैच देखने के लिए दर्शकों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। हालांकि, स्टेडियम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन डिजिटल टिकट बुक करना होगा। मैच के दिन स्टेडियम काउंटर पर ऑनलाइन टिकट का स्क्रीनशॉट दिखाकर फिजिकल टिकट प्राप्त किया जा सकेगा। इसी फिजिकल टिकट के पीछे एक 'लकी ड्रॉ कूपन' होगा, जिसे दर्शकों को संभालकर रखना होगा। हर मैच के इनिंग ब्रेक के दौरान लकी ड्रॉ निकाला जाएगा और विजेताओं के नाम स्टेडियम की बड़ी स्क्रीन पर फ्लैश किए जाएंगे।

उद्घाटन और फाइनल में 'बंपर प्राइज', लीग मैचों में भी कैश: 3 जून (ओपनिंग) और 14 जून (फाइनल): इन दोनों दिन पहला इनाम शानदार टू-व्हीलर (बाइक/स्कूटर) होगा। इसके अलावा क्रमशः 40 हजार, 30 हजार, 25 हजार, 22.5 हजार, 20 हजार, 18 हजार, 16.5 हजार और 14-14 हजार रुपए के कई कैश प्राइज दिए जाएंगे। लीग मैच (4 से 12 जून): इन दिनों रोजाना होने वाले मैचों में किन्हीं 10 भाग्यशाली दर्शकों को 10-10 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

टीम्स और जर्सी लॉन्च

हाल ही में रायपुर में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में सीसीपीएल सीजन-3 की सभी 6 टीमों (रायपुर राइनोज, राजनांदगांव पैंथर्स, बिलासपुर बुल्स, सरगुजा टाइगर्स, बस्तर बायसंस और रायगढ़ लॉयंस) के खिलाड़ियों के आधिकारिक स्क्वॉड और उनकी नई आकर्षक जर्सियों को आधिकारिक तौर पर लॉन्च कर दिया गया है।

महानदी किनारे दफन मिला युवक का शव, हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर जिले के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र से लापता युवक की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि युवक की उसके ही दोस्तों ने शराब पार्टी के दौरान विवाद होने पर मारपीट कर हत्या कर दी और सबूत मिटाने के उद्देश्य से शव को महानदी किनारे गड्ढा खोदकर दफना दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना मंदिर हसौद में दर्ज गुम इंसान मामले में युवक भुनेश्वर यादव 22 मई 2026 की शाम से लापता था। मामले की जांच के दौरान पता चला कि भुनेश्वर यादव अपने दोस्तों के साथ कार में शराब पीते हुए बेलसोंडा क्षेत्र की ओर गया था। इसी दौरान उसका अपने साथी नोहर रात्रे के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी नोहर रात्रे, अमित सिंह राजपूत एवं हेमचंद बंजारे ने मिलकर भुनेश्वर यादव के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की। मारपीट के दौरान गंभीर चोट लगने से भुनेश्वर की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी घबरा गए और मामले को छिपाने की साजिश रचते हुए शव को ठिकाने लगाने का प्रयास किया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने अपने नांदगांव निवासी एक रिश्तेदार की मदद से महानदी किनारे टापूनुमा स्थान पर गड्ढा खोदकर शव को दफना दिया था। मामले की जानकारी मिलने पर थाना मंदिर हसौद की पुलिस टीम महासमुंद पहुंची और स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर शव का उत्खनन कराया गया, जहां से मृतक का शव बरामद कर लिया गया। घटनास्थल थाना महासमुंद क्षेत्र में पाए जाने के कारण पुलिस ने मर्ग क्रमांक कायम कर बीएनएस की धारा 103, 238 एवं 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

राष्ट्रीय आम महोत्सव आज से, तीन दिनों तक आममय रहेगा कृषि विश्वविद्यालय परिसर

रायपुर/नवप्रदेश। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में कल 29 मई से तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव का शुभारंभ होगा। 29 से 31 मई 2026 तक आयोजित होने वाले इस महोत्सव में आम की 250 से अधिक देशी-विदेशी किस्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर, संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन तथा प्रकृति की ओर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। कृषि महाविद्यालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय आम महोत्सव का शुभारंभ 29 मई को अपरान्ह 4 बजे राज्यपाल रमेन डेका करेंगे।

लोक निर्माण विभाग के सचिव ने बिलासपुर में सड़क निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने गुरुवार को बिलासपुर जिले में चल रहे सड़क और भवन निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को गुणवत्ता और समय-सीमा के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नेहरू चौक से दर्रीघाट तक निर्माणाधीन 10 किलोमीटर फोरलेन सड़क का जायजा लिया और मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं ठेकेदारों को कार्यों में तेजी लाने को कहा।

निरीक्षण के बाद आयोजित समीक्षा बैठक में विभागीय सचिव ने बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता और अनुविभागीय अधिकारियों से कहा कि सभी परियोजनाओं के लिए चरणबद्ध समय-सीमा तय कर नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निविदा स्वीकृत होने के एक माह के भीतर हर हाल में निर्माण कार्य शुरू कराया जाए और ठेकेदारों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर समय-सीमा में परियोजनाएं पूरी कराई जाएं। बैठक में बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत के सीईओ संदीप अग्रवाल, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी, मुख्य अभियंता आर.के. रात्रे और अधीक्षण अभियंता के.पी. संत भी उपस्थित रहे।

रेलवे इंस्टिट्यूट वैरिशा में समर कैंप के तहत बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे इंस्टिट्यूट वैरिशा, रायपुर में आयोजित डब्ल्यू आर एस समर कैंप-2026 के अंतर्गत बुधवार को बालक एवं बालिका वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वैगन रिपेयर शॉप (वैरिशा), रायपुर के मुख्य कर्मशाला प्रबंधक श्री निर्मल कुमार भंडारी ने बच्चों के साथ बैडमिंटन खेलकर उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों के बीच पहुंचकर उनके साथ खेलना प्रतिभागियों के लिए प्रेरणादायक और यादगार क्षण रहा।

इस अवसर पर श्री भंडारी ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने का भी श्रेष्ठ साधन है। उन्होंने बच्चों को खेल गतिविधियों में निरंतर भाग लेने और अपने कौशल को निखारने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने भी मुख्य कर्मशाला प्रबंधक के स्नेहपूर्ण व्यवहार और प्रोत्साहन के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

पचपेड़ी नाका स्थित केएफसी पर निगम की कार्रवाई, 50 हजार का ई-चालान

रायपुर/नवप्रदेश। टीम प्रहरी अभियान के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निवेश विभाग ने जोन क्रमांक 10 क्षेत्र स्थित पचपेड़ी नाका के केएफसी आउटलेट पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 हजार रुपये का ई-चालान किया। गंदगी की सफाई करवाने और भविष्य में पुनरावृत्ति नहीं करने की कड़ी चेतावनी देने के बाद निगम प्रशासन ने सील खोलने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई रायपुर पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला एवं कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश तथा नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई। नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही के निर्देशन में जोन स्वास्थ्य अधिकारी अमित बेहरा, रवि लावनिया, संदीप वर्मा, आदिव्य हजारी, जोन 10 स्वच्छता निरीक्षक यशवंत बेरिहा तथा नगर निगम स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निवेश उड़नदस्ता टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। जनशिकायत मिलने पर टीम द्वारा पचपेड़ी नाका स्थित केएफसी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परिसर में गंदगी पाए जाने, किचन का पाइप सीधे सार्वजनिक नाली में जोड़े जाने तथा कचरा एवं प्लास्टिक सार्वजनिक नाली में फेंके जाने की स्थिति सामने आई।

निगम में भाजपा के भीतर घमासान, जोन अध्यक्ष सचिन मेघानी को हटाने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम के ज़ोन-10 में भाजपा के भीतर अंदरूनी विवाद खुलकर सामने आ गया है। ज़ोन-10 के छह भाजपा पार्षदों ने अपनी ही पार्टी के ज़ोन अध्यक्ष सचिन मेघानी के खिलाफमोर्चा खोलते हुए उन्हें पद से हटाने की मांग की है। पार्षदों ने महापौर मीनल चौबे सहित पार्टी नेताओं को लिखित शिकायत सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। भाजपा पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो वे ज़ोन कार्यालय में तालाबंदी कर उग्र धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस घटनाक्रम के बाद नगर निगम की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। शिकायतकर्ता पार्षदों ने ज़ोन अध्यक्ष सचिन मेघानी पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्षदों का कहना है कि मेघानी लगातार दूसरे वार्डों के मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। साथ ही उन पर अवैध निर्माण को संरक्षण देने और निगम अधिकारियों पर कार्रवाई रोकने के लिए दबाव बनाने के आरोप भी लगाए गए हैं। बताया जा रहा है कि बोरियाकला क्षेत्र में एक अवैध अस्पताल पर प्रस्तावित निगम कार्रवाई को रुकवाने का मामला इस विवाद की बड़ी वजह बना है। इसी मुद्दे को लेकर भाजपा नेताओं और जनप्रतिनिधियों के बीच करीब दो घंटे तक बंद कमरे में बैठक भी हुई। चूंकि सचिन मेघानी को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल का करीबी माना जाता है, इसलिए इस पूरे घटनाक्रम ने शहर की सियासत को गरमा दिया है।

मल्टीलेवल पार्किंग विवाद: दो कर्मचारी सस्पेंड, दो को कारण बताओ नोटिस

रायपुर/नवप्रदेश। मल्टीलेवल पार्किंग में अनियमितताओं के मामले में नगर निगम ने पहली बड़ी कार्रवाई की है। आंतरिक जांच के बाद बाजार विभाग से जुड़े चार कर्मचारियों पर कार्रवाई करते हुए कृष्णा टंडन और विनोद महोबिया को निलंबित कर दिया गया है, जबकि राजस्व उप निरीक्षक आकाश झा और दिलीप बेहरा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। निगम कर्मचारी संघ अध्यक्ष प्रमोद जाधव के नेतृत्व में हुई जांच में पार्किंग संचालन और निगरानी व्यवस्था में गंभीर खामियां सामने आई है। जांच में यह भी पाया गया कि पिछले करीब तीन माह से पार्किंग व्यवस्था को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद जांच कर कार्रवाई की गई। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह शुरुआती प्रशासनिक कार्रवाई है। कर्मचारियों के जवाब के बाद विस्तृत विभागीय जांच कराई जाएगी। जांच में यदि आरोप प्रमाणित होते हैं तो आगे और कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। दरअसल, इसी माह मल्टीलेवल पार्किंग में शराब सेवन का मामला सामने आया था। साथ ही कार्यालय में फर्जी पर्ची भी जब्त की गई थी। निशुल्क पार्किंग व्यवस्था पर उठे सवाल कलेक्टोरेट परिसर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग आम लोगों और सरकारी कर्मचारियों के लिए निशुल्क है।

आठवां जनसमस्या निवारण शिविर 29 मई को

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन तिहार 2026 अभियान के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में आठवां जनसमस्या निवारण शिविर शुक्रवार, 29 मई 2026 को आयोजित किया जाएगा। यह शिविर रायपुर ग्रामीण, रायपुर उत्तर और धरसींवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम जोन क्रमांक 9 के वार्ड क्रमांक 7, 8, 9, 10, 11, 32 एवं 51 के नागरिकों के लिए गारमेंट फैक्ट्री के सामने, पॉम बेलाजियो के सामने लगाया जाएगा। शिविर में रायपुर नगर पालिक निगम सहित विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। आम नागरिकों से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। शिविर में प्राप्त आवेदनों का अधिकतम एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा तथा प्रत्येक आवेदक को उनके आवेदन के निराकरण की सूचना भी अनिवार्य रूप से प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनों में अलग-अलग स्थानों पर जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)

फार्म - अ

सार्वजनिक सूचना

(नियम-6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है आवेदक धनराज पिता श्री रामशनि, जाति गोंड़, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम परसाही, तह. अर्जुन्दा, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका कविता पिता श्री विष्णु प्रसाद, जाति गोंड़, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम भेंगारी, तह. अर्जुन्दा, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा छत्तीसगढ़ विवाह का अनिवार्य पंजीयन नियम, 2006 के नियम 5 (2) के तहत् पुष्टिकरण के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित छत्तीसगढ़ विवाह का अनिवार्य पंजीयन नियम, 2006 के नियम 5 (2) के तहत् पुष्टिकरण के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 29/05/2026 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

अगामी तिथि -29/05/2026

आज दिनांक 12/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुहर

अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला बालोद (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202605100800070 /ब-121/वर्ष 2025-26
ग्राम धरमपुरा, प.ह.न. 14

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक जागेश्वर पिता थनवार वगै. निवासी धरमपुरा, तहसील धमधा, जिला-दुर्ग द्वारा खाता विभाजन का आवेदन पेश किया गया है कि मौजा ग्राम धरमपुरा, प.ह.नं. 14 स्थित भूमि खसरा नंबर 50, 333 रकबा क्रमशः 0.57, 0.16 कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.73 हे. भूमि आवेदक आवेदकगण के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, आवेदकगण आवेदन पत्र के साथ खाते की नकल व अन्य दस्तावेज संलग्न कर उक्त भूमि को सभी भूमिस्वामी / आवेदकगण के मध्य कास्त कब्जा के आधार पर चार भागो में खाता विभाजन (बटवारा) किये जानें का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा /आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 10.06.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग(छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2025-26
ग्राम करेली, प.ह.न. 13

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक हरिचंद्र पिता रामसुख साहू साकिन करेली तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम करेली प.ह.नं. 13 स्थित भूमि कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 0.37 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में सेखुराम पिता झग्गर के नाम पर दर्ज है। उक्त खातेदार सेखुराम पिता झग्गर का मृत्यु दिनांक 27/02/1988 को हो चुका है कि उनके विधिक वारिसान द्वारा फौती दर्ज किये जाने निवेदन किया गया है। मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों द्वारा आदेश 18 नियम-04 व्य.प्र. संहिता के तहत शपथपूर्वक कथन संलग्न किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा /आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 10.06.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग(छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2025-26
ग्राम करेली, प.ह.न. 13

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक हरिचंद्र पिता रामसुख साहू साकिन करेली तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम करेली प.ह.नं. 13 स्थित भूमि ख.नं. 1016 रकबा 0.62 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में सेखुराम पिता झग्गर के नाम पर दर्ज है। उक्त खातेदार सेखुराम पिता झग्गर का मृत्यु दिनांक 27/02/1988 को हो चुका है कि उनके विधिक वारिसान द्वारा फौती दर्ज किये जाने निवेदन किया गया है। मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों द्वारा आदेश-18 नियम-04 व्य.प्र. संहिता के तहत शपथपूर्वक कथन संलग्न किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा /आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 10.06.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग(छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 25.05.2026

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)
(द्वितीय आमंत्रण)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक **09.06.2026** तक आमंत्रित की जाती है -

निविदा आमंत्रण सू.क्र. / सि.क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (राशि लाख में)
77/191633	जिला दुर्ग के गुरु घासीदास सेवा समिति सेक्टर- 6 सतनाम भवन भिलाई में डोम शेड का निर्माण कार्य	46.91
78/191634	लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग क्र. 01 बालोद के अंतर्गत जिला के खनिज प्रभावित लोगों के लिये सेवा केन्द्र बालोद का रेनोवेशन कार्य	23.71
79/191635	जिला बेमेतरा के पतोरा से नवागांव मार्ग लं. 0.875 कि.मी. का निर्माण कार्य	86.34
80/191636	जिला राजनांदगांव विकासखण्ड डोंगरगांव के माटियाटोला सं करियाटोला मार्ग (ग्रामीण मार्ग 67) कि.मी. 2/2 से 3/6 (100) मीटर = 1.50 कि.मी का मजबूतीकरण का कार्य	46.54

टीप- 1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेजं व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मंडल दुर्ग

जी- 262701044/6

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) गरियाबंद, छत्तीसगढ़

कलेक्टर परिसर (रूम न. 73, प्रथम तल), e-mail: mininggariaband@gmail.com

क्रमांक 310 / ख.लि./ रेत / न.क्र. / 2026-27 — गरियाबंद, दिनांक 26.05.2026

निविदा आमंत्रण सूचना
गौण खनिज साधारण रेत का उत्खनन पट्टा आबंटन की इलेक्ट्रॉनिक नीलामी
(रिवर्स ऑक्शन) प्रपत्र

सर्वसाधारण की जानकारी के लिये यह प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला गरियाबंद (छत्तीसगढ़) द्वारा छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के नियम -7 अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से उत्खनन पट्टा आबंटन किया जाना है। जिस हेतु अर्हता प्राप्त इच्छुक बोलीदार इलेक्ट्रानिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) में भाग ले सकता है। इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) हेतु बोली प्रारंभ करने की आरंभिक तिथि **11.06.2026 (सुबह 10.00 बजे से) तथा अंतिम तिथि 17.06.2026 (शाम 05.30 बजे तक) है।**

इच्छुक बोलीदार खदानों का आबंटन हेतु इलेक्ट्रानिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी एमएसटीसी के वेबसाइट mstcecommerce.com एवं जिले के वेबसाइट gariaband.gov.in एवं कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) गरियाबंद एवं संबंधित नगर पंचायत / ग्राम पंचायत/जनपद/जिला पंचायत भवन के सूचना पटल से प्राप्त कर सकता है।

एमएसटीसी लिंक https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/mmb/sandcg/index.jsp

1- MSTC/RPR/Chhattisgarh/Gariyaband Tender/1/26-27/10710

क्र.	खदान का नाम	नगर पंचायत	तहसील	खसरा नं.	रकबा (हेक्टेयर में)	इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) का दस्तावेज एवं प्रक्रिया शुल्क हेतु राशि (रू. में)	उच्चतम निर्धारित मूल्य (सीलिंग प्राईस)	बोली प्रतिभूति राशि (Bid Security) (रूपये में)	कार्यपालन प्रतिभूति राशि (Performace Security) (रूपये में)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	कोपरा	कोपरा	राजिम	01	04.70 हे.	10,000/-	205/- रूपयें प्रति घनमीटर	1. कार्यपालन प्रतिभूति का बीस प्रतिशत 1,00,000/- 2. पैंतीस प्रतिशत से कम बोली लगाने पर बोली प्रतिभूति राशि कार्यपालन प्रतिभूति का का चालीस प्रतिशत 2,00,000/-)	5,00,000/- रूपयें (1,00,000 /- प्रति हेक्टेयर या उसके किसी भाग के लिये)

प्र. खनि अधिकारी
जिला गरियाबंद

जी- 262701027/3

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

निविदा आमंत्रण तिथि- 25.05.2026

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग- स.क्र. 01 से 06 पत्थलगांव एवं स.क्र. 07 से 12 जशपुर संभाग
03. स.क्र. 01 से 03- 'स' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार एवं स.क्र. 04 से 12- 'द' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 16.06.2026

सरल क्र.	एन.आई. टी. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3	4
1	43	जिला जशपुर के बोड़ाटोंगरी से चोंगरीबहार मार्ग लंबाई 3.20 कि.मी. का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	174.36
2	44	जिला जशपुर के मुख्य मार्ग गाला, गोपीपारा से झक्कड़पुर, तिलाईखार तक मार्ग लंबाई 1.70 कि.मी. का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	179.68
3	45	जिला जशपुर के ग्राम पंचायत तिलडेगा मुख्य मार्ग से भदरापारा होते हुए कंटगतराई पहुंच मार्ग लंबाई 2.30 कि.मी. का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	191.32
4	46	लो.नि.वि. उपसंभाग क्र. 1 पत्थलगांव अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गों में साधारण मरम्मत का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	100.00
5	47	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 01 पत्थलगांव अंतर्गत विभिन्न 04 मार्गों में विशेष मरम्मत कार्य। 1. भेलवांटोली से मयूरनाचा पहुंच मार्ग लं. 0.40 कि.मी. में विशेष मरम्मत कार्य। 2. धौरासांड पहुंच मार्ग लं. 0.40 कि.मी. में विशेष मरम्मत कार्य। 3. लुड़ेग बस्ती पहुंच मार्ग लं. 0.40 कि.मी. में विशेष मरम्मत कार्य। 4. गोढ़ी पहुंच मार्ग 1/2 से 1/4=0.40 कि.मी. में विशेष मरम्मत कार्य। 5. गोढ़ी पहुंच मार्ग 1/6 से 1/8 =0.40 कि.मी. में विशेष मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	99.71
6	48	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 1 पत्थलगांव के अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गों में डब्ल्यू एम.एम., इमलशन, बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	25.00
7	49	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 1 जशपुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों एवं पुल पुलियों का साधारण मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	25.00
8	50	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कुनकुरी के अंतर्गत विभिन्न मार्गों एवं पुल पुलियों का साधारण मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	25.00
9	51	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 2 जशपुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों एवं पुल पुलियों का साधारण मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	25.00
10	52	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 1 जशपुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों एवं पुल पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	40.00
11	53	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 2 जशपुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों एवं पुल पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	50.00
12	54	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कुनकुरी के अंतर्गत विभिन्न मार्गों एवं पुल पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	50.00

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मंडल अम्बिकापुर

जी-262701026/7

जीवेत शरदः शतम्
मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़
मान. किरण सिंह देव जी
प्रदेश अध्यक्ष भाजपा
02 जून
27 मई
श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी जी
अध्यक्ष, जिला पंचायत बेमेतरा
मान.श्री योगेश तिवारी जी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सर्व हिंदू सनातन संगठन एवं
भाजपा किसान नेता, बेमेतरा (छ.ग.)
को जन्मदिन की अशेष बधाई एवं शुभकामनाएं...
चैयरमैन – 250 बिस्तरों का
मां गोदावरी आनंद वन वृद्धाश्रम
दैनिक भास्कर द्वारा प्राईड आफ सेंट्रल इंडिया
अवार्ड से सम्मानित किया गया
समाज सेवा के लिये नारी शक्ति सम्मान
से रवीनाटंडन जी ने सम्मान किया
रायपुर में IBC24 मध्यप्रदेश–छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित "
नारी शक्ति सम्मान 2026 में सम्मानित
बॉलीवुड़ अभिनेत्री सुष्मिता सेन जी के करकमलों से हुवी।
विनीतः- समस्त कार्यकर्ता, भारतीय जनता पार्टी, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

तमिलनाडु के 11 जिलों में भारी बारिश और आंधी का 'अलर्ट'

मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी

चेन्नई/ए.। तमिलनाडु के कई हिस्सों में अगले 48 घंटे मौसम के लिहाज से बेहद संवेदनशील रहने वाले हैं। चेन्नई स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने गुरुवार को राज्य के 11 जिलों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार, इस समय क्षेत्र में एक साथ तीन बड़े वायुमंडलीय परिसंचरण (साइक्लोनिक सर्कुलेशन) सक्रिय हैं, जिसके कारण यह स्थिति बनी हुई है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि पहाड़ी और पश्चिमी जिलों में मौसम की इस अस्थिरता के कारण सामान्य जनजीवन अस्थायी रूप से प्रभावित हो सकता है। मौसम विभाग ने बताया कि वर्तमान में उत्तर तमिलनाडु, दक्षिण-पूर्व अरब सागर और मध्य पूर्व-दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। इन मौसम प्रणालियों के संयुक्त प्रभाव के कारण अगले दो दिनों में राज्य के बड़े हिस्से में व्यापक बारिश होने की संभावना है।

इन जिलों में आंधी-बारिश का अनुमान

गुरुवार को नीलगिरि, कोयंबटूर, तिरुप्पुर, डिंडीगुल और थेनी जिलों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का अनुमान है। इसके अलावा वेल्लोर, तिरुपत्तूर, कृष्णागिरि, धर्मपुरी, सलेम और इरोड जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गई है। शुक्रवार को भी वेल्लोर, तिरुपत्तूर समेत कई जिलों में बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है।

पिछले 24 घंटों में इजरायली हमलों में 56 लोगों की मौत: स्वास्थ्य मंत्रालय लेबनान

यरूशलेम, (स्पुतनिक/वार्ता)। पिछले 24 घंटों में लेबनान पर इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या 56 हो गई है और 103 लोग घायल हुए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इससे पहले मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया था कि 2 मार्च से अब तक इजरायली हमलों के परिणामस्वरूप 3,213 नागरिक मारे गए और 9,737 अन्य घायल हुए। मंत्रालय ने बुधवार को कहा, 27 मई तक, इजरायली हमले में मरने वालों की संख्या 3,269 हो गई है और 9,840 लोग घायल हुए हैं। एक लेबनानी सैन्य सूत्र ने बताया कि बुधवार को इजरायली युद्धक विमानों ने दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के 47 शहरों और गांवों पर हमला किया। सूत्र के अनुसार, हमलों में विशेष रूप से नबातीह और टायर जैसे बड़े शहरों के साथ-साथ बेका घाटी के कई क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। 16 अप्रैल को वाशिंगटन में राजदूत स्तर की पहली लेबनान-इजराइल वार्ता हुई। वार्ता के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की कि दोनों पक्षों के बीच युद्धविराम समझौता हो गया है।

पाकिस्तान स्वीकारे आतंकवाद प्रायोजित करने के गंभीर परिणाम होते हैं: भारत

न्यूयॉर्क, (वार्ता)। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान पर दशकों से आतंकवाद, धार्मिक उग्रवाद और हिंसक कट्टरवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसे 'यह स्वीकार करना होगा कि सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित करने के गंभीर परिणाम होते हैं।' न्यूयॉर्क में सुरक्षा परिषद की खुली बहस में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कड़ा प्रतिवाद करते हुए कहा, ÷मैं आज पाकिस्तान द्वारा की गई आधारहीन और अनुचित टिप्पणियों का जवाब देने के लिए बाध्य हूँ। भारत तथ्यों को स्पष्ट करना चाहता है। राजदूत ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से पाकिस्तान का इतिहास भारत के खिलाफ आक्रामकता और सीमा पार आतंकवाद को लगातार प्रायोजित करने से भरा रहा है। उन्होंने कहा, स्वतंत्र भारत ने अपनी शुरुआत पाकिस्तान द्वारा किए गए सीमा पार आक्रमण का मुकाबला करते हुए की थी।

ईरान ने होर्मुज से 23 जहाजों को गुजरने की अनुमति दी

तेहरान (वार्ता)। ईरान ने बुधवार को 23 जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी। ईरान के सरकारी टेलीविजन की एक रिपोर्ट में कहा गया, ÷बुधवार को जिन 23 जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए आईआरजीसी नौसेना से अनुमति मांगी थी, उन्हें उनके परमिट मिल गए हैं। आईआरजीसी नौसेना की शर्तें बरकरार हैं। ये शर्तें पहले दिन ही स्पष्ट कर दी गई थीं और आज भी मान्य हैं- कोई भी शत्रु देश होर्मुज जलडमरूमध्य से अपने जहाजों को नहीं गुजार सकता है, लेकिन ईरान उन लोगों के साथ सहयोग करता है जो उसकी व्यवस्था का सम्मान करना चाहते हैं।

आगामी केंद्रीय बजट की तैयारियों और आर्थिक नीतियां बनाने के लिए देशव्यापी अभियान शुरू

'ग्राउंड जीरो' पर उतरेंगे वित्त मंत्रालय के अफसर, उद्योगों की टटोलेंगे नब्ज

■ पश्चिम एशिया संकट के बीच सप्लाई चेन, कच्चे तेल और निजी निवेश की चुनौतियों पर सीधा फीडबैक लेगी सरकार

नई दिल्ली/ए.। देश के आर्थिक इतिहास में पहली बार, केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने आर्थिक नीतियां बनाने और आगामी बजट की तैयारियों के लिए एक अभूतपूर्व देशव्यापी अभियान शुरू किया है। इस रणनीतिक पहल के तहत मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी अब वातानुकूलित कमरों से बाहर निकलकर सीधे विनिर्माण इकाइयों (मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स) और इंडस्ट्रियल क्लस्टर्स (औद्योगिक क्षेत्रों) का दौरा करेंगे।

उद्योग जगत से सीधे जमीनी फीडबैक लेना

इसका मुख्य उद्देश्य उद्योग जगत से सीधे जमीनी फीडबैक लेना और पश्चिम एशिया संकट के कारण पैदा हो रही वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए वास्तविक स्थिति को समझना है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इस पहल के तहत अतिरिक्त सचिव, संयुक्त सचिव या निदेशक स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में पांच सदस्यीय विशेष टीमें बनाई जाएंगी। ये टीमें अलग-अलग औद्योगिक क्षेत्रों में दो से तीन दिन का समय बिताएंगी।

स्टार्टअप्स से मिलना अनिवार्य

इन दौरों में बड़े, मझोले और छोटे कारखानों के अलावा इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार और रिसर्च से जुड़े क्षेत्रों को विशेष रूप से कवर किया जाएगा। इसके साथ ही, सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार हर टीम के लिए प्रत्येक दौरे में कम से कम दो स्टार्टअप्स से मुलाकात करना अनिवार्य बनाया गया है। देश की प्रमुख उद्योग संस्था 'भारतीय उद्योग परिसंघ' को इन मुलाकातों को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी दी गई है, ताकि कंपनियां बिना किसी संकोच के अधिकारियों से अपनी समस्याएं और सुझाव साझा कर सकें।

सौंपनी होगी 'सीक्रेट रिपोर्ट'

प्रत्येक टीम को अपना दौरा खत्म होने के ठीक 10 दिनों के भीतर आर्थिक मामलों के सचिव को अपनी विस्तृत सेक्टोरल रिपोर्ट सौंपनी होगी। इस पूरी कवायद का मकसद जमीनी हकीकत और नीति-निर्माण के बीच एक मजबूत संपर्क (फीडबैक लूप) स्थापित करना है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि भविष्य के नीतिगत फैसले और आगामी केंद्रीय बजट के प्रस्ताव ज्यादा व्यावहारिक और असरदार हों।

इन 5 प्रमुख समस्याओं पर रहेगा फोकस

17 अप्रैल को जारी आधिकारिक आदेश के मुताबिक, अधिकारी मुख्य रूप से व्यवसायों के रोजमर्रा के कामकाज में आने वाली इन दिक्कतों को समझेंगे और 10 दिनों के एक रिपोर्ट भी तैयार करेंगें।

- ■ **बुनियादी ढांचा:** इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी और लॉजिस्टिक्स से जुड़ी बाधाएं।
- ■ **रेगुलेटरी अड़चनें:** सरकारी नियमों और कागजी कार्रवाई में आने वाली मुश्किलें।
- ■ **फाइनेंस:** बैंकों से लोन या कार्यशील पूंजी मिलने की समस्या।
- ■ **स्किलिंग:** उद्योगों की मांग के अनुरूप कुशल कर्मचारियों की कमी।
- ■ **तकनीक:** एमएसएमई और पारंपरिक उद्योगों में नई तकनीक अपनाने में आने वाली चुनौतियां।

पश्चिम एशिया संकट के बीच क्यों पड़ी जरूरत?

मंत्रालय का यह कदम ऐसे समय में आया है जब पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव ने भारतीय उद्योगों की चिंताएं काफी बढ़ा दी हैं। सरकार केवल व्यापक आर्थिक (मैक्रो-लेवल) आंकड़ों पर निर्भर रहने के बजाय सीधे फील्ड से सटीक और बारीक जानकारी जुटाना चाहती है। वर्तमान में उद्योग इन चार मोर्चों पर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं:

- ■ लागत में बढ़ोतरी: कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और कमजोर होते रुपये ने आयात पर निर्भर कारोबारों का बजट बिगाड़ दिया है।
- ■ सप्लाई चेन प्रभावित: वैश्विक तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय माल ढुलाई और लॉजिस्टिक्स में रुकावटें आ रही हैं।
- ■ चालू खाता घाटा: आयात महंगा होने से देश का चालू खाता घाटा बढ़ने का जोखिम है।
- ■ असंतुलित निजी निवेश: सरकारी पूंजीगत व्यय मजबूत होने के बावजूद, वैश्विक अनिश्चितता के चलते प्राइवेट सेक्टर में निवेश की स्थिति अभी भी असमान बनी हुई है।

कोई भी शिकायत अनसुलझी नहीं छोड़ेंगे : धर्मेंद्र प्रधान

नई दिल्ली। शिक्षा मंत्री ने गुरुवार को सीबीएसई अधिकारियों संग समीक्षा बैठक की। उन्होंने माना कि ओएसएम प्रक्रिया में गड़बड़ियां हुई हैं और कहा 'उसका मैं दायित्व लेता हूं'। प्रधान ने बताया कि पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आईआईटी कानपुर, आईआईटी मद्रास और पीएसयू बैंकों की मदद से सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। किसी भी छात्र की शिकायत को अनसुलझा नहीं छोड़ा जाएगा। सीबीएसई कक्षा 12 परीक्षा मूल्यांकन प्रक्रिया को लेकर उठे विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को सीबीएसई मुख्यालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में पुनर्मूल्यांकन और वेरिफिकेशन प्रक्रिया के दौरान छात्रों को आ रही तकनीकी और भुगतान संबंधी समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक के बाद शिक्षा मंत्री ने कहा कि सीबीएसई ने कक्षा 12 परीक्षाओं के लिए पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस वर्ष करीब 17 लाख छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। कुल 98 लाख उत्तर पुस्तिका कॉपियों का मूल्यांकन किया गया, जिनमें लगभग 40 करोड़ स्कैन किए गए पन्ने शामिल थे।

पहली बार लागू हुई डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली

धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि पहली बार सीबीएसई ने डिजिटल मूल्यांकन यानी ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली लागू की है। इसका उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना और प्रक्रिया को छात्र-केंद्रित बनाना है। उन्होंने कहा कि अब छात्र अपनी स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाएं देख सकते हैं।

कुछ गड़बड़ियां हुई हैं, जिनका दायित्व मैं लेता हूं: धर्मेंद्र प्रधान

धर्मेंद्र प्रधान ने माना कि प्रक्रिया में कुछ विसंगतियां सामने आई हैं और सरकार इसकी जिम्मेदारी स्वीकार करती है। उन्होंने कहा, 'पहली बार देश में सीबीएसई ने ओएसएम प्रक्रिया का इस्तेमाल किया। उसमें कुछ विसंगतियां ध्यान में आ रही हैं, जिनका मैं दायित्व लेता हूं, उसको ठीक किया जाएगा, उसका उपाय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं को दूर करने के लिए सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे और हर स्तर पर जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी छात्र की शिकायत या सवाल को अनसुलझा नहीं छोड़ा जाएगा।

टाटा ने दिखाई नयी पीढ़ी के टियागो की पहली झलक

गुरुग्राम, (वार्ता)। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएमपीवी) ने गुरुवार को अपनी हैचबैक कार टियागो को नये अवतार में पेश किया। इसे पारंपरिक ईंधन, सीएनजी और इलेक्ट्रिक इंजन के विकल्पों में पेश किया गया है। कंपनी ने बताया कि अगली पीढ़ी के सभी टियागो में सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया है। इसकी बॉडी को एसयूवी जैसा मजबूत बनाया गया है। सभी वर्जन में छह एयर बैग और 360 डिग्री सराउंड व्यू कैमरा दिये गये हैं। सीएनजी में पहली बार ऑटो गियर का विकल्प दिया गया है। पेट्रोल इंजन वाली टियागो के विभिन्न संस्करणों की एक्स-शोरूम कीमत 4.69 लाख रुपये से 7.29 लाख रुपये तक होगी। आई-सीएनजी टियागो के विभिन्न संस्करणों की कीमत 5.79 लाख रुपये से 7.99 लाख रुपये तक होगी। टियागो ईवी की कीमत 6.99 लाख रुपये से 9.99 लाख रुपये तक रखी गयी है। टीएमपीवी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेश चंद्रा ने बताया कि साल 2022 में टियागो ईवी बाजार में उतारने के बाद से 75 हजार परिवार इसे खरीद चुके हैं।

फ्रांस की डिजिटल सेवा कंपनी ने आयोनोस के साथ मिलकर शुरू किया 'इनेटम इंडिया'

नई दिल्ली/सेंट-ओएन (वार्ता)। यूरोप की अग्रणी डिजिटल सेवा कंपनी इनेटम ने भारत की एआई प्रौद्योगिकी कंपनी आयोनोस के साथ रणनीतिक साझीदारी में 'इनेटम इंडिया' की स्थापना की घोषणा की है। दोनों कंपनियों ने बुधवार को जारी एक साझा प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इनेटम इंडिया का उद्देश्य विशेष रूप से यूरोमेड क्षेत्र (फ्रांस, बेल्जियम), बढ़ते बाजारों (बुल्गारिया, पोलैंड और ब्रिटेन) में इनेटम की डिलीवरी क्षमताओं को मजबूत करना और उसकी अंतर्राष्ट्रीय विकास यात्रा को समर्थन देना है। विशेष रूप से एआई क्षेत्र में शीर्ष तकनीकी प्रतिभाओं तक पहुंच बनायी जायेगी और विस्तार की क्षमता बढ़ाकर व्यवसाय के विकास को गति दी जायेगी। यह मॉडल इनेटम को व्यवसाय विकास और डिलीवरी क्षमता के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने में सक्षम बनाता है। समूह जितने अधिक नये अनुबंध हासिल करेगा, भारत स्थित उसकी इकाई उतनी ही प्रभावी ढंग से उसके लिए काम कर सकेगी। इनेटम के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जैकस पोम्मेरॉड ने कहा, इस परियोजना के माध्यम से हम केवल विदेश में क्षमता नहीं स्थापित कर रहे हैं, बल्कि इनेटम के लिए एक नये विकास इंजन की नींव रख रहे हैं।

गोयल कनाडा यात्रा के दूसरे दिन बड़े निवेशकों से मिले, व्यापार मंत्री सिद्धू के साथ एक और बैठक की

नई दिल्ली/ टोरंटो (वार्ता)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अपनी कनाडा यात्रा के दौरान टोरंटो में कनाडा के व्यापार मंत्री के साथ एक और बैठक करने के साथ वहां के उद्योग जगत के वरिष्ठ लोगों और संस्थागत निवेशकों के साथ कई उच्च स्तरीय बैठकें कीं जिनका उद्देश्य द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाना और कार्यनीतिक सेक्टरों में निवेश और प्रौद्योगिकी साझेदारी को बढ़ावा देना था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री गोयल ने कनाडा के स्थानीय समय के अनुसार मंगलवार को यात्रा की शुरुआत भारत-कनाडा संबंध-सेतु निर्माण विषय पर संबोधन से किया। टोरंटो के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में इस कार्यक्रम को ग्लोबल अफेयर्स कनाडा, और भारत के दो वाणिज्य एवं उद्योग मंडलों सीआईआई तथा एसोचैम ने मिल कर किया था। इस कार्यक्रम में उन्नत विनिर्माण, फार्मास्यूटिकल्स और जैव प्रौद्योगिकी, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और तेल एवं गैस सहित विभिन्न सेक्टरों के व्यवसायों, निवेशक समूहों और उद्योग संघों के 150 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसके बाद श्री गोयल और कनाडा के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू के बीच अनौपचारिक बैठक हुई, जिसमें भारतीय वाणिज्य मंत्री ने भारत और कनाडा के बीच बढ़ते पूरक संबंधों पर प्रकाश डाला।

जमैका ने सेमीफाइनल में भारत को हराया

लंदन (वार्ता)। भारतीय पुरुष राष्ट्रीय टीम को लंदन के 'द वैली' में खेले गए यूनिटी कप 2026 के सेमीफाइनल में जमैका के हाथों 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। बुधवार की रात, जो उम्मीदों, भावनाओं और भारतीय टीम के लिए कई निजी उपलब्धियों से भरी थी, जमैका की बेहतरीन खेल-क्षमता ने ही फ़र्क़ पैदा किया। कोर्टनी क्लार्क के आठवें मिनट में किए गए शानदार शुरुआती गोल और काहेम डिक्सन के 78वें मिनट में किए गए एकल प्रयास ने यह सुनिश्चित कर दिया कि 'रेगे बॉयज़' फ़ाइनल में अपनी जगह बना लें। भारत का मुक़ाबला अब ज़िम्बाब्वे से होगा, जिसे मंगलवार को पहले सेमीफ़ाइनल में नाइजीरिया के हाथों हार मिली थी; यह मैच तीसरे स्थान के लिए प्ले-ऑफ़ के तौर पर 30 मई को भारतीय समयानुसार शाम 7:00 बजे खेला जाएगा।

आईपीएल 2026 ऑरेंज कैप तालिका में शीर्ष पर सूर्यवंशी

न्यू चंडीगढ़ (वार्ता)। राजस्थान रॉयल्य के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी 29 गेंदों में 97 रनों की रिकोर्ड पारी खेल कर इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में एक बार फ्रि स ऑरेंज कैप पर कब्जा कर लिया है। वैभव सूर्यवंशी ने ने बुधवार की रात 12 छक्के लगाते हुए एक आईपीएल सीजन में सर्वाधिक छक्कों का क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। वह गेल के सबसे तेज आइपीएल शतक (30 गेंद) के रिकॉर्ड को भी तोड़ने के बेहद क़रीब थे लेकिन 29वीं गेंद पर ही 97 रन बनाकर आउट हो गए। अब वह 680 रनों के साथ ऑरेंज कैप टेबल में शीर्ष पर हैं। जो दूसरे स्थान पर काबिज गुजरात टाइटंस साई सुदर्शन से 28 रन अधिक हैं। तीसरे स्थान पर जीटी के कप्तान शुभमन गिल हैं तो वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली 600 रनों के साथ छठे स्थान पर हैं। ध्रुव धुरेल ने एसआरएच के खिलाफ 21 गेंदों में 50 रनों की पारी खेली जिसके बाद उनके 508 रन हो चुके हैं और वह 11वें स्थान पर आ गए हैं। एसआरएच के हाइनरिक क्लासन (624 रन), इशान किशन (602 रन) और अभिषेक शर्मा (563 रन) ने तीसरे, पांचवें और आठवें स्थान पर रहते हुए सीजन समाप्त किया है।

गुजरात को सूर्यवंशी और आर्चर से सतर्क रहना होगा

न्यू चंडीगढ़, (वार्ता)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफ़ान पठान ने गुजरात टाइटंस से क्वालीफायर दो में राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर से सतर्क रहने के लिए कहा है। स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' शो पर बात करते हुए, जियोस्टार के एक्सपर्ट इरफ़ान पठान ने क्वालीफायर दो पर अपनी राय दी। पठान ने कहा, दूसरे क्वालिफ़ायर में उतरते समय गुजरात टाइटंस के पास एक साफ़ रणनीति होनी चाहिए: पहले बल्लेबाज़ी करें और बोर्ड पर 200 से ज़्यादा रन बनाएँ। हो सकता है कि उनके पास सबसे ज़्यादा ग्लैमरस या सितारों से सजी टीम न हो, लेकिन वे एक बेहद अनुशासित टीम हैं। हर खिलाड़ी अपनी भूमिका जानता है और बिना किसी घबराहट के उसे बखूबी निभाता है। वे सिर्फ़ एक या दो मैच-विनर्स पर निर्भर नहीं रहते। इसके बजाय, वे एक टीम के तौर पर जीतते हैं - जिसमें गेंदबाज़ी में समझदारी भरे बदलाव, कसी हुई फ़ील्डिंग और सोची-समझी बल्लेबाज़ी की अहम भूमिका होती है। इस तरह के अनुशासन को तोड़ना बहुत मुश्किल होता है। इसलिए, इस बात की पूरी संभावना है कि जीटी, राजस्थान रॉयल्स के इस विजय रथ को रोक सकती है। अगर कोई टीम ऐसा कर सकती है, तो वह यही टीम है - जो बड़े नामों से घबराती नहीं, बल्कि खेल के बुनियादी सिद्धांतों पर टिकी रहती है।

जनजातीय ग्रामीण बोले–अब बदल चुके हैं हालात, राजधानी तक रेल सुविधा मिले, सप्ताह में दो दिन जगदलपुर से दिल्ली सीधी ट्रेन चलाने की मांग

दिल्ली तक सीधी ट्रेन की मांग तेज, बस्तर के ग्रामीणों ने उठाई आवाज

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर अब विकास की नई दिशा में आगे बढ़ने की उम्मीदों के साथ अपनी मूलभूत जरूरतों और अधिकारों की मांग को मुखर रूप से उठाने लगा है। लंबे समय तक संघर्ष,चुनौतियों और पिछड़ेपन की छवि झेलने वाला बस्तर अब देश की मुख्यधारा से बेहतर रेल संपर्क चाहता है। विशेष रूप से जगदलपुर से देश की राजधानी दिल्ली तक सीधी रेल सुविधा की मांग तेज हो गई है,जिसमें जनजातीय ग्रामीणों ने सप्ताह में दो दिन ट्रेन संचालन की मांग उठाई है।

जनजातीय सुरक्षा मंच के बैनर तले दिल्ली गए ग्रामीणों का कहना है कि बस्तर के कई अंदरूनी इलाकों में रहने वाले लोग वर्षों तक ट्रेन जैसी सुविधा से दूर रहे। पहली बार दिल्ली यात्रा के दौरान ट्रेन सफर का अनुभव करने वाले ग्रामीणों में उत्साह और नई उम्मीद जगी है। ग्रामीणों का कहना है कि अब वे देश की राजधानी को करीब से देखना चाहते हैं और इसके लिए नियमित रेल सुविधा जरूरी है। उनका मानना है कि बस्तर आर्थिक,सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र होने के बावजूद अभी भी राजधानी दिल्ली से सीधी रेल सेवा से वंचित है।

ग्रामीणों का कहना है कि बस्तर के हालात बदल रहे हैं और क्षेत्र विकास की ओर अग्रसर है। ऐसे में अब यहां के लोगों को देश के बड़े शहरों से जोड़ने वाली सुविधाएं बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि शिक्षा,रोजगार,स्वास्थ्य और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के अवसर बढ़ सकें। उन्होंने प्रदेश सरकार,मुख्यमंत्री,प्रधानमंत्री और रेल मंत्रालय से मांग की है कि जगदलपुर से दिल्ली तक सप्ताह में कम से कम दो दिन सीधी ट्रेन चलाई जाए,जिससे दूरस्थ अंचलों के लोगों को यात्रा में सहूलियत मिल सके। बलिराम नेताम,छत्तीसगढ़ प्रांत सह संयोजक (जनजाति सुरक्षा मंच) एवं कामदेव बघेल,जनजाति प्रमुख बस्तर ने कहा कि बस्तर के ग्रामीण अब राजधानी दिल्ली तक सीधी रेल सुविधा चाहते हैं और सप्ताह में दो दिन ट्रेन संचालन की मांग कर रहे हैं।

राजधानी तक रेल संपर्क से बढ़ेंगी संभावनाएं

जनजातीय ग्रामीणों का कहना है कि जगदलपुर से दिल्ली तक सीधी ट्रेन शुरू होने से बस्तर के लोगों को न केवल यात्रा सुविधा मिलेगी बल्कि शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं और व्यापारिक गतिविधियों के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे। ग्रामीणों ने कहा कि अब बस्तर आगे बढ़ना चाहता है और इसके लिए मजबूत रेल संपर्क बेहद जरूरी है।

83 करोड़ की लागत से बनेगा 7 मंजिला नवीन मार्केट कॉम्प्लेक्स

एमआईसी में संकल्प पारित

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के जीई रोड स्थित नवीन मार्केट को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में बड़ा फैसला लिया गया है। महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में 27 मई को आयोजित मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक में नवीन मार्केट को तोड़कर वहां 7 मंजिला अत्याधुनिक कॉम्प्लेक्स बनाने का संकल्प पारित किया गया। इसके साथ ही मालवीय रोड स्थित निगम की पुरानी बिल्डिंग वाली जमीन पर भी पीपीपी मोड पर व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स विकसित करने का निर्णय लिया गया है।

निगम द्वारा पारित प्रस्ताव अब शासन को भेजा जाएगा। शासन से मंजूरी मिलने के बाद प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया जाएगा। नवीन मार्केट परियोजना पर करीब 83 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। यह कॉम्प्लेक्स लगभग 2.5 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा, जिसमें बेसमेंट पार्किंग सहित आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि भविष्य में यदि शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक फ्लाईओवर या सड़क चौड़ीकरण का कार्य होता है, तो प्रभावित व्यापारियों का व्यवस्थापन इसी बहुमंजिला कॉम्प्लेक्स में किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि परियोजना को केंद्र सरकार के अरबन चैलेंज फंड के माध्यम से तैयार किया जाएगा, जिसमें 25 प्रतिशत हिस्सेदारी भारत सरकार की होगी।

कॉम्प्लेक्स में होंगी आधुनिक सुविधाएं

प्रस्तावित सात मंजिला नवीन मार्केट कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट में लगभग 300 कारों की पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। ग्राउंड और प्रथम तल पर प्रीमियम दुकानें एवं रेस्टोरेंट बनाए जाएंगे। दूसरे तल पर फूड कोर्ट और इंटरटेनमेंट जोन विकसित किया जाएगा, जबकि तीसरे तल पर रेस्टोरेंट संचालित होंगे। चौथे से छठवें तल तक मल्टीनेशनल कंपनियों के कार्यालयों की योजना बनाई गई है। सातवें तल पर बैंक्वेट हॉल और स्वीमिंग पूल का प्रावधान रहेगा।

मालवीय रोड पर भी बनेगा नया कॉम्प्लेक्स

एमआईसी बैठक में मालवीय रोड स्थित निगम की पुरानी बिल्डिंग वाली जगह पर भी सात मंजिला कॉम्प्लेक्स निर्माण का संकल्प पारित किया गया। यह परियोजना लीज एंड डेवलपमेंट मॉडल के तहत पीपीपी मोड पर तैयार की जाएगी। इस प्रोजेक्ट पर करीब 28 करोड़ 96 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। भवन की ऊपरी मंजिल की छत पर रूफटॉप रेस्टोरेंट विकसित किया जाएगा।

नर्सिंग काउंसिल में रजिस्ट्रेशन अटका छात्र नौकरी और परीक्षाओं से वंचित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल (सीजीएनआरसी) में रजिस्ट्रार की नियुक्ति नहीं होने से नर्सिंग विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन और वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पिछले दो माह से ठप पड़ी हुई है। इसके चलते सैकड़ों विद्यार्थियों के आवेदन लंबित हैं और वे उच्च शिक्षा, नौकरी तथा राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में आवेदन करने से वंचित हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, काउंसिल में गड़बड़ियों के आरोपों के बाद पूर्व रजिस्ट्रार को हटाए जाने के पश्चात अब तक नई नियुक्ति नहीं हो सकी है। रजिस्ट्रार नहीं होने के कारण ऑनलाइन आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के दस्तावेजों का वेरिफिकेशन नहीं हो पा रहा है। इसका सबसे अधिक असर नर्सिंग के उन छात्रों पर पड़ रहा है जो एमएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक नर्सिंग और विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानों की नौकरियों के लिए आवेदन करना चाहते हैं।

एम्स रायपुर के कॉलेज ऑफ नर्सिंग के 2021 बैच के 73 विद्यार्थी भी इस समस्या से प्रभावित हैं। विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर दिया है, लेकिन प्रक्रिया पूरी नहीं होने से वे एमएससी नर्सिंग में प्रवेश के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। वहीं कई विद्यार्थियों को नौकरी के अवसरों से भी हाथ धोना पड़ रहा है। राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में भी उन्हें अपात्र माना जा रहा है। हाल ही में व्यापमं द्वारा आयोजित एमएससी नर्सिंग परीक्षा में भी बड़ी संख्या में छात्र शामिल नहीं हो सके। कारण यह रहा कि बीएससी नर्सिंग का रजिस्ट्रेशन काउंसिल में लंबित होने से उन्हें पात्रता नहीं मिली। इसी तरह पोस्ट बेसिक नर्सिंग की परीक्षा में भी कई विद्यार्थी शामिल होने से वंचित रह गए। लगातार बढ़ रही परेशानी को लेकर विद्यार्थियों में नाराजगी देखी जा रही है। इधर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री स्वाधीन जैन ने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि एम्स रायपुर के विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटक गया है और केवल प्रशासनिक कारणों से पूरी बैच का एक वर्ष बर्बाद होने की स्थिति बन रही है। उन्होंने शीघ्र रजिस्ट्रार की नियुक्ति कर लंबित रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी कराने की मांग की है।

बलौदाबाजार आगजनी और हिंसा मामले में हाईकोर्ट सख्त, दावे को कोर्ट ने किया खारिज

अमित सहित तीन आरोपियों को जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाई कोर्ट के जस्टिस एनके व्यास ने बलौदाबाजार हिंसा और आगजनी की घटना पर सख्त टिप्पणी की है। घटना में संलिप्त आरोपियों ने 7 से 8 हजार लोगों की भीड़ को उकसा कर 13 से 14 करोड़ रुपए की सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। पुलिस पर जानलेवा हमला कराया गया। समाज में शांति और कानून व्यवस्था को पूरी तरह बिगाड़ने वाले ऐसे गंभीर अपराध में आरोपियों को जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता। हाई कोर्ट ने बवाल, पथराव और कलेक्ट्रेट परिसर में आगजनी के मामले में छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के संस्थापक अमित बघेल सहित तीन आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार दशहरा मैदान में 10 जून 2024 को एक सामाजिक मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था, जिसमें हजारों की संख्या में आसपास के ग्रामीण पहुंचे थे। आरोप है, छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के पदाधिकारियों ने मंच से भड़काऊ भाषण देकर भीड़ को उग्र कर दिया और भड़काया। इसके बाद भीड़

हिंसक हो गई और बैरिकेड्स तोड़ते हुए कलेक्टोरेट और एसपी कार्यालय परिसर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की। सैकड़ों वाहनों के साथ ही कलेक्टोरेट भवन को भी आग के हवाले कर दिया गया।

पुलिस जवानों और अफसरों पर जानलेवा हमला

इस दौरान बीच-बचाव कर रहे और ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों और जवानों पर लाठियों, पत्थरों और लोहे की रॉड से हमला किया गया, जिसमें कई कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले में पुलिस ने छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के संस्थापक अमित बघेल, अजय यादव, दिनेश वर्मा समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसी मामले में अमित बघेल, अजय यादव और दिनेश वर्मा ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी।

अमित बघेल के दावे को कोर्ट ने किया खारिज

सुनवाई के दौरान अमित बघेल के वकील ने कोर्ट को बताया, 10 जून को बलौदाबाजार में हिंसा के समय दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच वे अपनी पत्नी ईश्वरी बघेल के साथ रजिस्ट्रार कार्यालय में मौजूद थे।

आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की दी जानकारी

सुनवाई के दौरान आरोपियों की ओर से कहा गया कि सह-आरोपी नोविल कुमार नवरंग को महज दो महीने चार दिन जेल में रहने के बाद जमानत मिल चुकी है, इसलिए उन्हें भी राहत दी जानी चाहिए। इस पर राज्य सरकार की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता ने उनके तर्कों पर आपत्ति जताते हुए आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड कोर्ट के सामने रखा। रिकॉर्ड के मुताबिक अमित बघेल के खिलाफ पहले से 17 आपराधिक मामले, अजय यादव के खिलाफ 13 मामले और दिनेश कुमार वर्मा के खिलाफ एक मामला दर्ज है।

सामूहिक विवाह समारोह में स्वयं परिणय सूत्र में बंधेंगे विधायक दीपेश साहू

■ **मुख्यमंत्री होंगे शामिल**

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले में 31 मई को आयोजित होने जा रहे विशाल सामूहिक विवाह समारोह को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस आयोजन की सबसे खास बात यह है कि बेमेतरा के विधायक दीपेश साहू स्वयं भी इसी समारोह में परिणय सूत्र में बंधेंगे। कार्यक्रम में विष्णु देव साय के शामिल होने की संभावना को देखते हुए प्रशासन और पुलिस अमला तैयारियों में जुट गया है।

जानकारी के अनुसार, सामूहिक विवाह समारोह में बड़ी संख्या में नवविवाहित जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। विधायक दीपेश साहू का इसी मंच से विवाह संपन्न होना आयोजन को और भी विशेष बना रहा है। मुख्यमंत्री की प्रस्तावित उपस्थिति के चलते सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर जिला प्रशासन लगातार समीक्षा कर रहा है। कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ पुलिस विभाग भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरत रहा है। आयोजन में जिले भर से जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं हजारों नागरिकों के शामिल होने की संभावना है।

यह आयोजन सामाजिक समरसता और सामूहिक विवाह जैसी परंपरा को बढ़ावा देने के साथ-साथ जिले के लिए एक यादगार अवसर बनने जा रहा है। विधायक दीपेश साहू के विवाह और मुख्यमंत्री की उपस्थिति को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

3.63 करोड़ रुपए के जमीन घोटाले में मुख्य आरोपी को हाईकोर्ट से राहत नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। डूमरतराई क्षेत्र में करोड़ों रुपये के चर्चित जमीन घोटाले मामले में मुख्य आरोपी हितेश चौबे को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने उसकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने माना कि आरोपी जांच में सहयोग नहीं कर रहा था और कई नोटिस जारी होने के बावजूद पेश नहीं हुआ, ऐसे में उसे राहत देने का कोई आधार नहीं बनता।

जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि आरोपी को पहले ही भगोड़ा घोषित किया जा चुका है। इसलिए अग्रिम जमानत दिए जाने का प्रश्न ही नहीं उठता। मामला रायपुर के डूमरतराई क्षेत्र स्थित एक बहुमूल्य जमीन से जुड़ा है। शिकायतकर्ता मुंबई के अंधेरी वेस्ट निवासी कारोबारी मनमोहन सिंह गाबा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार उन्होंने मार्च 2021 में शाइन सिटी ड्रीम रीयल्टर कंपनी से एग्रोहा गृह निर्माण समिति स्थित 7000 वर्गफीट जमीन और भवन को 3 करोड़ 63 लाख 98 हजार रुपये में खरीदा था। यह सौदा विधिवत रजिस्टर्ड सेल डीड के माध्यम से हुआ था और उन्हें कब्जा भी दे दिया गया था।

पत्रकार आनंद साहू बने ईमानदारी की मिसाल, 30 लाख के सोने-चांदी के आभूषण और नकद 38 हजार रुपए थाने में जमा किया

बेमेतरा/नवप्रदेश। वर्तमान दौर में जहां लोग छोटी बड़े चीजों को भी लालच में आकर कब गबन कर जाते हैं किसी को पता नहीं चलता वहीं बेमेतरा जिला मुख्यालय के पत्रकार आनंद साहु ने ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और नैतिकता मूल्यों का परिचय देते हुए मानवता की एक अनोखी मिसाल पेश किया

सिटी प्रेस क्लब बेमेतरा के सचिव आनंद साहु को 27 मई को प्रातः लगभग साढ़े चार बजे एक लावारिस हालत में एक लेदर का बैग मिला। बैग की जांच करने पर उसमें करीब 30 लाख रुपये मूल्य के सोना-चांदी के आभूषण एवं लगभग 38 हजार रुपये नगद पाए गए। इतनी बड़ी रकम और कीमती सामान मिलने के बावजूद आनंद साहु ने ईमानदारी का परिचय देते हुए बिना किसी देर किए उक्त बैग को तत्काल सिटी कोतवाली थाना बेमेतरा में सुरक्षित जमा करा दिया। आनंद साहु के इस सराहनीय कार्य की पूरे शहर में प्रशंसा हो रही है। लोगों का कहना है कि आज के समय में ऐसी ईमानदारी बहुत कम देखने को मिलती है। उनका यह कदम समाज के लिए प्रेरणादायक संदेश है कि सच्चाई और ईमानदारी आज भी जिंदा है। सिटी प्रेस क्लब सहित सामाजिक संगठनों, पत्रकार साथियों एवं नगरवासियों ने आनंद साहु को उनके इस उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

क्या-क्या था बैग में

थाना में बैक को सुपुर्द करने के बाद बैग को खोला गया जिसमें कुल नगदी रकम 37150 था इसके अलावा 8 नग पतला पत्ती, सोने का 9 नग ताबीज, 4 नग सोने का पट्टी, आठ नग भगवान वाले पत्ती सोने का, एक नग पेंडल सोने का, 16 नग कान का टॉप्स सोने का ,14 नग चांदी का सिक्का छोटा बड़ा था सोने के आभुषणों का वजन लगभग 200 ग्राम बताया गया है

कारीगर भूल गया था बैग को दुकान के बाहर

इस संबंध में विजय कुमार सोनी पिता नंदकुमार सोनी गोविंद विहार निवासी बेमेतरा ने लिखित में सिटी कोतवाली पुलिस थाना में लिखित में बताया कि वह सोने चांदी के कारीगरी का काम करता है बीते 26 मई को दिन मंगलवार को रात 9:00 बजे कत्था रंग एक लेदर बैग अपने रकम तथा सोने के सामान सहित अशोक मोटर्स दुकान के बाहर रखकर भूल गया था इस संबंध में कोतवाली पुलिस थाना के टीआई सोनम ग्वाला द्वारा पूछताछ एवं जांच किया गया उसके बाद नगद राशि सहित सोने चांदी के गहना को एसडीओपी भुषण एक्का के उपस्थिति में विजय कुमार सोनी को सौंपा गया

डीआए गुलदस्ता को भेंट कर सम्मानित करते हुए बधाई दिया और शुभकामनाएं व्यक्त किए ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस कामपलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com